kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-305 | बुधवार, 10 दिसम्बर 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत माता के प्रति समर्पण, त्याग और अदम्य साहस की शाश्वत भावना है, जिसने गुलामी के दौर में करोड़ों भारतीयों के दिलों में स्वतंत्रता की लौ जलाए रखी। सीपी राधाकृष्णन

देशभर में 1.80 लाख आयुष्मान आरोग्य मंदिर सक्रिय 11

मुख्यमंत्री ने 142 नवनियुक्त सहायक प्रोफ़ेसर को दिया नियुक्ति पत्र 12

## संक्षेप

### यूपी में 2.93 करोड़ मतदाता ढूंढ़ने को दो हफ्ते तक बढ़ेगा एसआईआर

**लखनऊ।** यूपी में 2.93 करोड़ मतदाताओं को ढूंढ़ने के लिए अभियान चलाया जाएगा। यह ऐसे मतदाता हैं जिन्हें गणना प्रपत्र तो जारी किए गए मगर भरकर फॉर्म वापस नहीं मिले। ऐसे में अब बीएलओ व राजनीतिक दलों के बीएलए इन्हें घर-घर जाकर खोजेंगे। जिसके लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय की ओर से चुनाव आयोग को एसआईआर की प्रक्रिया दो हफ्ते तक बढ़ाने का प्रस्ताव भेजा जा रहा है। यह दूसरा अवसर है जब गणना प्रपत्र भरकर जमा करने की समय-सीमा को आगे बढ़ाया गया है। पहले यह तारीख चार दिसंबर तक ही थी और इसे एक हफ्ते बढ़ाकर 11 दिसंबर किया गया था। फिलहाल, कुछ जिलों के डीएम व राजनीतिक दलों की ओर से एसआईआर में गणना प्रपत्र भरने की समय-सीमा को बढ़ाने की मांग के बाद सीईओ नवदीप रिणवा की ओर से यह प्रस्ताव भारत निर्वाच आयोग को भेजा जा रहा है। जो गणना प्रपत्र अभी तक प्राप्त नहीं हुए हैं उनमें मृत, स्थानांतरित व अनुपस्थित मतदाता शामिल हैं। अब इनका सत्यापन बीएलओ व राजनीतिक दलों के बीएलए की मदद से होगा। बूथवार ऐसे लोगों की सूची इन्हें सौंप दी जाएगी। पहले ऐसे मतदाताओं की संख्या 4.50 करोड़ थी और फिर अभियान चलाकर सत्यापन किया तो संख्या घटकर 3.40 लाख रह गई। अब आंकड़ों के मुताबिक यह पौने तीन करोड़ तक पहुंचेगी। वहीं दूसरी ओर फॉर्म-6 भरकर मतदाता सूची में शामिल होने के लिए अभियान चलाया जाएगा।

### पंकज सिंह मुख्यमंत्री सुरक्षा के एएसपी बने

**लखनऊ।** शासन ने मंगलवार को दो पीपीएस अफसरों के तबादले कर दिए। इसमें आजमगढ़ पीएसी के उपसेनानायक पंकज सिंह को मुख्यमंत्री सुरक्षा में एएसपी बनाया गया है। यहां तैनात रुपेश कुमार को लखनऊ कमिश्नरेट का एडीसीपी नियुक्त किया गया है। कमिश्नरेट में जल्दी ही उन्हें नए पद पर तैनाती दी जाएगी।

### राज्यपाल सचिवालय में अनुभागों के लिए जन सूचना अधिकारी नामित

लखनऊ। राज्यपाल सचिवालय, उ.प्र. में विभिन्न अनुभागों में सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत प्राप्त होने वाले प्रतिवेदनों के समयबद्ध निस्तारण के लिए जन सूचना अधिकारी नामित किये गये हैं। राजभवन की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार साइमन डेविड पौल अनु सचिव शिक्षा प्रभाग को शिक्षा अनुभाग-1, शोभन्त कुमार अनुभाग अधिकारी शिक्षा अनुभाग-2 को शिक्षा अनुभाग-2, पवन कुमार शुक्ला, अनुभाग अधिकारी सामान्य अनुभाग-1 एवं कमल सिंह यादव अनुभाग अधिकारी सामान्य अनुभाग-2 राज्यपाल सचिवालय का जन सूचना अधिकारी नामित किया गया है।

# वंदे मातरम् पर तुष्टिकरण नहीं होता तो देश का बंटवारा नहीं होता : शाह

## ‘वंदे मातरम्’ पर चर्चा से आगामी पीढ़ियों को इसके असली महत्व को समझने में मिलेगी मदद : गृहमंत्री

एजेंसी



नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को संसद में कहा कि कांग्रेस ने तुष्टिकरण की नीति के तहत वंदे मातरम् को दो हिस्सों में नहीं बांटा होता तो देश का बंटवारा भी नहीं होता।

श्री शाह ने राज्यसभा में राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 साल के मौके पर विशेष चर्चा की शुरुआत करते हुए कांग्रेस पर शुरू से ही वंदे मातरम् का विरोध करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जब वंदे मातरम् के 50 साल पूरे हुए तो वंदे मातरम् को दो हिस्सों में बांटा गया। वहीं से तुष्टिकरण की शुरुआत हुई और देश का बंटवारा हुआ। उन्होंने कहा, ''मेरा और बहुत से लोगों का मानना है कि तुष्टिकरण नहीं होता तो देश का बंटवारा नहीं होता।''

कांग्रेस और उसके शीर्ष नेतृत्व पर वंदे मातरम् के विरोध का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में संसद में वंदे मातरम् का गान बंद कर दिया गया था, बावजूद इसके कि संविधान सभा ने इसे राष्ट्रगीत का दर्जा दिया था। उन्होंने कहा कि जब वंदे मातरम् के 100 साल हुए तो देश में आपातकाल लगा था। गृह मंत्री ने कहा, ''कल भी जब वंदे मातरम् के 150 साल के मौके पर लोकसभा में चर्चा हुई तो कांग्रेस की एक नेत्री ने कहा - अभी इस समय वंदे मातरम् की चर्चा की जरूरत नहीं है। इस पर कांग्रेस के कुछ सदस्यों ने आपत्ति की और उनसे सदन को पूरी बात बताने की मांग की।

श्री शाह ने कहा कि जिस गीत को महात्मा गांधी ने देश की आत्मा से जुड़ा गीत बताया था ''उसका टुकड़ा करने का काम कांग्रेस पार्टी ने किया''। उन्होंने आरोप लगाया कि 1992 में जब लोकसभा में दोबारा वंदे मातरम् का गान शुरू हुआ तो ‘इंडिया’ गुट के कई सदस्यों ने उसे गाने से इनकार कर दिया था। उन्होंने यह भी कहा कि जब वंदे मातरम् के गायन का समय होता है तो कांग्रेस के कई सदस्य सदन से बाहर चले जाते हैं, वहीं भारतीय जनता पार्टी के सभी सदस्य खड़े होकर पूरे सम्मान के साथ वंदे मातरम् का गायन करते हैं। इस पर विपक्ष के सदस्यों ने आपत्ति जताते हुए पूछा कि वह प्रमाण दें कि कौन वंदे मातरम् के गायन के समय खड़ा नहीं होता। वंदे मातरम् के महत्व को रेखांकित करते हुए श्री शाह ने कहा कि उस जमाने में इस नारे ने देश की आजादी में योगदान दिया था, अब अमृतकाल में यह देश को विकसित और महान बनाने का काम करेगा। गृह मंत्री ने सोमवार को लोकसभा में हुई चर्चा का हवाला देते हुए कहा कि कुछ लोग वंदे मातरम् पर चर्चा को बंगाल चुनाव से जोड़कर देख रहे हैं। यह सही है कि इसकी रचना बंगाल में हुई थी और इसके रचयिता बंकिमचंद्र चटर्जी का जन्म भी बंगाल में हुआ था लेकिन यह गीत बंगाल तक सीमित नहीं रहा, यह कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक फैला है। आजादी की लड़ाई के समय जब क्रांतिकारियों की गुप्त बैठकें होती थी तो उनमें भी इसका गान होता था। आज भी जब कोई जवान सरहद पर अपना सर्वोच्च बलिदान देता है तो उसके मुंह पर वंदे मातरम् होता है। संसद में राष्ट्रगीत पर चर्चा की जरूरत पर बल देते हुए श्री शाह ने कहा कि इस चर्चा से कई पीढ़ियां इसके महत्व को समझेंगी। उन्होंने विपक्ष के इन आरोपों को खारिज कर दिया कि मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए सरकार वंदे मातरम् पर चर्चा करा रही है। उन्होंने कहा, ''मुद्दों पर चर्चा से कोई नहीं डरता। संसद (की कार्यवाही) का बहिष्कार हम नहीं करते। संसद चलने दें तो सभी विषयों पर चर्चा हो सकती है।'' उन्होंने विपक्ष पर वंदे मातरम् पर चर्चा को टालने का आरोप लगाया। उन्होंने भारत के राष्ट्रवाद को सांस्कृतिक राष्ट्रवाद बताते हुए कहा कि यह दुनिया की ● शेष पेज 11 पर

### वंदे मातरम् पर चर्चा कराने के नाम पर चुनौतियों से ध्यान भटका रही है सरकार: खरगे

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने सरकार पर आरोप लगाया है कि वह वंदे मातरम जैसी पवित्र रचना पर संसद में चर्चा कराने के नाम पर देश के सामने खड़ी चुनौतियों से लोगों का ध्यान भटकाने में लगी है और पश्चिम बंगाल के आगामी विधानसभा चुनाव में वंदे मातरम पर चर्चा के नाम पर वोट हासिल करना चाहती है। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ● शेष पेज 11 पर

# इंडिगो को 10% उड़ानें कम करने का आदेश

एजेंसी

नयी दिल्ली। सरकार ने पिछले कुछ दिनों में बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द करने वाली एयरलाइन इंडिगो पर कार्रवाई करते हुए उसे उड़ानों की संख्या 10 प्रतिशत कम करने का आदेश दिया है।

नागरिक उड्डयन मंत्री के. राम मोहन नायडू ने मंगलवार को इंडिगो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) पीटर एलबर्स को तलब किया था। बैठक में नागर विमानन महानिदेशक फैज अहमद किदवई भी मौजूद थे। बैठक के बाद श्री नायडू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मंत्रालय की राय में इंडिगो की कुल रूटों में कटौती अनिवार्य है, ताकि एयरलाइन के परिचालन में स्थिरता आ सके और कम उड़ानें रद्द हों। दस प्रतिशत की कटौती का आदेश दे दिया गया है। इस आदेश का पालन करते हुए इंडिगो पहले की तरह अपने सभी गंतव्यों पर उड़ानें जारी रखेगी। इससे पहले नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने आठ दिसंबर को एक नोटिस जारी कर इंडिगो से विंटर शेड्यूल में घोषित उसकी उड़ानों की संख्या में पांच प्रतिशत की कटौती का निर्देश दिया था। मंत्रालय के आदेश के बाद डीजीसीए ने अपने आदेश में संशोधन किया है, जिसमें उड़ानों में 10 प्रतिशत कटौती का आदेश दिया गया है। श्री नायडू ने अपने पोस्ट में कहा है कि चालक दल के सदस्यों की ड्यूटी से संबंधित इंडिगो के आंतरिक कुप्रबंधन के कारण पिछले सप्ताह बड़ी संख्या में यात्रियों को काफी परेशानी का समाना करना पड़ा है। जांच और अन्य जरूरी ● शेष पेज 11 पर



### गड़बड़ी पाये जाने पर एयरलाइंस के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी: नायडू

नयी दिल्ली। सरकार ने मंगलवार को साफ तौर पर कहा कि इंडिगो एयरलाइंस की उड़ानें रद्द होने से यात्रियों को हुई परेशानी को लेकर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है और गड़बड़ी पाये जाने पर उसके खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जायेगी। नागरिक उड्डयन मंत्री के. राम मोहन नायडू ने लोकसभा में विमान यात्रियों को हो रही परेशानियों को लेकर एक वक्तव्य में कहा कि इंडिगो एयरलाइंस की उड़ानें नियमित करने के प्रयास किये जा रहे हैं और सोमवार को 1,800 उड़ानें संचालित की गयीं। सरकार यात्री सुरक्षा को लेकर बहुत गंभीर है और इसी के मद्देनजर अनेक कदम उठाये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इंडिगो की उड़ानें रद्द होने से विमान यात्रा के किराये में बेतरतीब वृद्धि न करने का एयरलाइंस को निर्देश दिया गया है। किराये की सीमा भी निर्धारित की गयी हैं। रद्द हुई उड़ानों का किराया वापस करने के इंडिगो को स्पष्ट निर्देश दिये गये हैं और 750 करोड़ रुपये वापस कर भी दिये गये हैं। यात्रियों का सामान भी उनके घरों तक पहुंचाने को कहा गया है।

# बीएलओ मामले में चुनाव आयोग और ममता सरकार को नोटिस

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन तक बूथ स्तर अधिकारियों (बीएलओ) के लिए पुलिस सुरक्षा की मांग वाली याचिका पर मंगलवार को चुनाव आयोग और राज्य सरकार को नोटिस जारी किया।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने इस याचिका पर सुनवाई की। याचिकाकर्ता ‘सनातन संसद’ ने राज्य में एसआईआर के कामकाज की अवधि के दौरान बीएलओ के लिए केंद्रीय सशस्त्र बलों की तैनाती की मांग भी की और याचिका में घर-घर सत्यापन करने वाले बीएलओ पर कथित हमलों का हवाला दिया गया है। उन्होंने अदालत से कहा कि पश्चिम बंगाल में बीएलओ को एसआईआर ड्यूटी करते समय हिंसा का सामना करना पड़ रहा है



और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय बलों की तैनाती आवश्यक है। न्यायमूर्ति बागची ने कहा इस दलील के समर्थन में महज एक प्राथमिकी का हवाला दिया गया है और बाकी पेश की गयी सामग्री अपर्याप्त और अनुमान के आधार पर है। आयोग ने अपने जवाब में कहा कि कानून-व्यवस्था पुलिस का विषय है और वह उनसे सहयोग की अपेक्षा करता है लेकिन अगर पुलिस पर भरोसा नहीं कर सकते हैं, तो केंद्रीय बलों को लेना होगा। आयोग ने पहले ही राज्य को एक कड़ा पत्र लिख कर बीएलओ और ● शेष पेज 11 पर

## ‘जालसाजी’ के दावे वाली याचिका पर सोनिया गांधी और पुलिस को नोटिस

नयी दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और पुलिस से मतदाता सूची में जालसाजी से नाम शामिल किए जाने के आरोपों वाली याचिका पर जवाब मांगा।

याचिका में मजिस्ट्रेट के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें इस आरोप की जांच से इनकार कर दिया गया था कि 1983 में भारतीय नागरिकता हासिल करने से तीन साल पहले ही सोनिया गांधी का नाम मतदाता सूची में था। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने मजिस्ट्रेट अदालत के 11 सितंबर के आदेश के खिलाफ एक पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई कर रहे थे। मजिस्ट्रेट अदालत ने याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि शिकायत के आरोप ''अपर्याप्त तथ्य वाले और इस मंच के अधिकार क्षेत्र से बाहर हैं। सोनिया गांधी और दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी करते हुए, न्यायाधीश गोगने ने मामले की अगली सुनवाई छह जनवरी के लिए सूचीबद्ध की। यह पुनरीक्षण याचिका राउज एवेन्यू अदालत के ‘सेंट्रल दिल्ली कोर्ट बार ● शेष पेज 11 पर

# व्यवस्था सुधारने के नाम पर लोगों को अनावश्यक रूप से परेशान नहीं किया जाना चाहिए : मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि व्यवस्था सुधारने के नाम पर लोगों को अनावश्यक रूप से परेशान नहीं किया जाना चाहिये।

श्री मोदी ने संसद परिसर में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की संसदीय दल की बैठक में कहा कि नियम और कानून जरूरी है लेकिन व्यवस्था को सुधारने के नाम पर जनता को असुविधा देना उचित नहीं है।किसी भी हाल में लोगों को परेशान नहीं किया जाना चाहिए। किसी भी कानून या नियम में ऐसा प्रावधान नहीं होना चाहिए जिससे आम आदमी को परेशानी हो। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश अब पूरी तरह ‘रिफॉर्म एक्सप्रेस’ के चरण में है, जहाँ सुधार तेज, स्पष्ट और नागरिक-केंद्रित हैं। उनका कहना था कि सरकार का लक्ष्य लोगों की रोजमर्रा की परेशानियों को दूर करना है, ताकि वे अपनी पूरी क्षमता के साथ आगे बढ़ सकें। बैठक के बाद श्री



संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि प्रधानमंत्री ने तीसरी पारी में सुधारों पर जोर दिया है और '' अब मोदीजी की ‘रिफॉर्म एक्सप्रेस’ चल चुकी है और से रूकने वाली नहीं है। सभी हर स्तर पर इसी दिशा में काम करेंगे। श्री मोदी ने बैठक के बाद एक्स हैंडल पर एक पोस्ट में लिखा कि संसद में राजग सांसदों के साथ हुयी बैठक में सुशासन को मजबूत करने और विकसित भारत के लक्ष्य पर सकारात्मक चर्चा हुयी। बैठक को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार का उद्देश्य अनावश्यक पेपरवर्क और लंबे फार्म की व्यवस्था को समाप्त करना है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि नागरिकों को उनके द्वार पर ● शेष पेज 11 पर

# उप्र में घुसपैठियों के खात्मे के लिए सर्जिकल स्ट्राइक प्लान तैयार

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में घुसपैठियों के खिलाफ अभियान चला रही योगी सरकार का मानना है कि उसके इस कदम से जहां प्रदेश की आतंरिक सुरक्षा और सुदृढ़ होगी, वहीं दूसरी ओर प्रदेशवासियों को सरकारी योजनाओं का लाभ और पारदर्शी तरीके से मिलेगा। इस निर्णय से पात्र व्यक्ति ही योजनाओं का लाभ उठा सकेगा। स्थानीय युवाओं का जो हक़ घुसपैठियों के द्वारा छीना जा रहा है वो हक़युवाओं को मिलना शुरू हो जायेगा।

अधिकृत सूत्रों के अनुसार सरकार घुसपैठियों की पहचान कर उन्हे डिटेंशन सेंटर में शिफ्ट करेगी। इन डिटेंशन सेंटर की सुरक्षा व्यवस्था अभेद होगी, जिसे भेद पाना किसी के लिए भी नामुमकिन होगा। योगी सरकार के सख्त कदम से प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था पर एक सकारात्मक असर पड़ेगा। यह कदम अपराधियों और अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण को आसान



बनाएगा। प्रदेश में अपराधों की संख्या कम होगी और इसके साथ ही लोगों का विश्वास भी सरकार की कार्यप्रणाली पर बढ़ेगा। इतना ही नहीं इस कदम से कानून-व्यवस्था में और सुधार होगा, जिससे प्रदेशवासियों की सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत होगी। मुख्यमंत्री योगी की सख्ती से प्रदेश में अपराध के ग्राफ में और कमी होगी। वहीं पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियों की सीमावर्ती जिलों में अवैध गतिविधियों पर पूरी तरह से लगाम लग सकेगी। सूत्रों ने बतायाकि प्रदेश में घुसपैठियों की वजह से सरकारी योजनाओं का लाभ अपात्र लोग भी उठे रहे हैं। ऐसे में इनकी पहचान होने से सरकारी ● शेष पेज 11 पर

## सैनिक स्कूल गोरखपुर में देश के पहले सीडीएस जनरल बिपिन रावत ऑडिटोरियम का सीएम योगी ने किया उद्घाटन

# सत्ता में मौका मिलने पर सिर्फ परिवार के बारे में ही सोचते हैं देश तोड़क तत्व : योगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जाति, क्षेत्र और भाषा के नाम पर समाज और देश को विभाजित करने वालों से सावधान रहने का आह्वान करते हुए कहा कि ऐसे लोग जयचंद और मीरजाफर जैसा पाप कर रहे हैं। उन्होंने कहा कोई जाति के नाम पर, कोई क्षेत्र और कोई भाषा के नाम पर बांट रहा है। समाज और देश तोड़क इन तत्वों को जब सत्ता में आने मौका मिलता है तो वे सिर्फ अपने और परिवार के बारे में सोचते हैं। परिवार के लिए प्रॉपर्टी, विदेश में होटल और द्वीप खरीदते हैं।

सीएम योगी मंगलवार को सैनिक स्कूल गोरखपुर में देश के पहले सीडीएस (चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ) स्वर्गीय जनरल बिपिन रावत के नाम पर बने एक हजार से अधिक की क्षमता के ऑडिटोरियम के उद्घाटन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जनरल बिपिन रावत की प्रतिमा का भी अनावरण किया और महान सैन्य नायक को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। जनरल बिपिन रावत की चौथी पुण्यतिथि के अवसर पर इस प्रतिमा की स्थापना जीबीआर मेमोरियल फाउंडेशन ऑफ इंडिया की तरफ से कराई गई है।

सीएम योगी ने कहा कि आजादी के अमृत वर्ष 2022 में प्रधानमंत्री मोदी ने आह्वान किया था कि आजादी के शताब्दी वर्ष तक हमें कैसा भारत चाहिए, इसके लिए एक कार्ययोजना बनाकर आगे बढ़ना होगा। उन्होंने सवाल किया कि क्या कोई सच्चा भारतीय गरीब, असुरक्षित या कमजोर भारत चाहता होगा? इसका जवाब भी उन्होंने खुद दिया और कहा कि एक सच्चा भारतीय मजबूत, विकसित और आत्मनिर्भर भारत ही चाहेगा। अगर कोई व्यक्ति ऐसा नहीं चाहता है तो वह सच्चा भारतीय हो ही नहीं सकता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीएम मोदी के पहले प्रण ‘विरासत पर गौरव की अनुभूति’ का उल्लेख करते हुए कहा कि हमें अपने वीर सैनिकों, महापुरुषों को का सम्मान करना होगा। श्रीराम, श्रीकृष्ण,



महाराणा प्रताप, छत्रपति वीर शिवाजी, गुरु गोविंद सिंह, रानी लक्ष्मीबाई की विरासत और परंपरा पर गर्व करना होगा। सीएम योगी ने प्रधानमंत्री के दूसरे प्रण ‘गुलामी के अंशों को सर्वथा समाप्त करना’ का जिक्र करते हुए कहा कि हमें गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेंकना होगा। देश में बनी चीज खराब और विदेशी विदेशी ही अच्छा है, इस सोच को तिलांजलि देनी होगी। पीएम मोदी के दूसरे प्रण को और विस्तार से समझाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सिकंदर को महान क्यों कहें? हमारे लिए महाराणा प्रताप, वीर शिवाजी, जनरल बिपिन रावत और परमवीर चक्र विजेता सैनिक महान हैं। उन्होंने कहा कि हमारे लिए विदेशी आक्रांता महान नहीं हो सकता। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के तीसरे प्रण ‘सैन्यबलों के प्रति सम्मान भाव’ की चर्चा करते हुए कहा कि हम अपने घरों में चैन से इसलिए सो पाते हैं कि सेना के जवान देश की सीमा पर रखवाली करते हैं। अर्धसैनिक बल पैट्रोलिंग करते हैं और पुलिस के जवान मेहनत करते हैं। उन्होंने यह भी समझाया कि एक व्यक्ति की गलती से पूरी फोर्स खराब नहीं हो जाती। हमें जवानों के प्रति श्रद्धा और सम्मान का भाव रखना होगा।

चौथे प्रण ‘सामाजिक एकता’ के सूत्र को समझाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की प्रगति तभी होगी, कल्याण तभी होगा जब समरस समाज की स्थापना होगी। हर नागरिक के मन में भारतीयता का भाव होगा। जिसके मन में भारतीयता का भाव नहीं है वह देश का नहीं बल्कि पराया है। सीएम ने बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर के एक वक्तव्य का उल्लेख करते हुए कहा कि बाबा साहब ने कहा था कि सबसे पहले और सबसे अंत में भी मेरी पहचान एक भारतीय की है। पांचवें प्रण ‘नागरिक कर्तव्य’ की विस्तार से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि आजादी के बाद अधिकारों के संरक्षण की बात तो खूब हुई लेकिन उसकी तुलना में नागरिक कर्तव्यों की चर्चा नहीं हुई। उन्होंने नागरिक कर्तव्यों की सजगता को लेकर देश के पहले सीडीएस जनरल बिपिन रावत का उदाहरण दिया। कहा कि ● शेष पेज 11 पर

# एसआईआर के विरोध में नहीं, लेकिन समय–सीमा बढ़नी चाहिये : मायावती

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। संसद में चुनाव सुधार को लेकर चर्चा हो रही है। इसको लेकर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि चुनाव की प्रक्रिया में अन्य सुधार लाने के साथ-साथ तीन खास सुधार लाना बहुत जरूरी हैं।

मायावती ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर जो पूरे देश में प्रक्रिया चल रही है बसपा उसके विरोध में नहीं है। लेकिन बसपा का यह कहना है कि इस सम्बन्ध में मतदाता सूची में नाम भरने की जो भी प्रक्रिया होनी है, उसके लिए जो समय सीमा निर्धारित की गई है वो बहुत ही कम है। इसकी वजह से बीएलओ के ऊपर भी काफी दबाव है। काम के दबाव के वजह से कई बीएलओ अपनी जान भी गवां चुके हैं। जहां करोड़ों मतदाता हैं वहां बीएलओ को उचित समय मिलना ही चाहिये। खासतौर उस प्रदेश में जहां जल्दी ही कोई भी चुनाव नहीं है। उत्तर प्रदेश में लगभग 15.40 करोड़ से भी ज्यादा मतदाता हैं और अगर वहां एसआईआर का कार्य जल्दबाजी में पूरा करने की कोशिश की जायेगी तो इसका नतीजा यह होगा कि अनेकों वैध-मतदाता खासतौर पर जो गरीब हैं और काम करने के सिलसिले में बाहर गये हैं, तो फिर उनका नाम मतदाता सूची से रह जायेगा और मतदान से वंचित रह जाएंगे। जो कि पूर्ण रूप से अनुचित होगा। ऐसे में एसआईआर की प्रक्रिया को पूरी करने में जल्दबाजी ना करते हुए उचित समय दिया जाना चाहिये, वर्तमान में दी गई समय सीमा को बढ़ाना चाहिये। इसके साथ ही उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार चुनाव आयोग ने निर्देश जारी किये हैं। ऐसे लोग जिनका कोई भी आपराधिक इतिहास है उन्हें अपने हलफनामें में इसका अपने आपराधिक इतिहास का पूरा ब्योरा देना होगा और इसके साथ-साथ स्थानीय अखबारों में भी इसका पूरा विवरण भी प्रकाशित करना होगा तथा जिस राजनैतिक पार्टी से वे चुनाव लड़ रहे हैं, उस राजनैतिक पार्टी की भी जिम्मेदारी होगी कि वह इस सूचना को अपने स्तर से भी राष्ट्रीय अखबारों में भी प्रकाशित करेगी। उनका का कहना है कि अक्सर यह पाया गया है कि जिस व्यक्ति को चुनाव लड़ने के लिए टिकट दिया जाता है उनमें से कुछ लोग अपना आपराधिक इतिहास पार्टी को नहीं बतातें हैं तथा कुछ लोगों के संबंध में स्क्रूटनी के समय ही पार्टी को इसका पता लग पाता है, जिसकी वजह से इसकी जिम्मेवारी पार्टी के ऊपर आ जाती है और वैसे भी ऐसे प्रत्याशियों के आपराधिक इतिहास को राष्ट्रीय अखबारों में छपवाने की जिम्मेवारी पार्टी के ऊपर डाली गयी है। जबकि इस संबंध में हमारी पार्टी का यह सुझाव है कि आपराधिक छवि वाले प्रत्याशियों के संबंध में सभी औपचारिकताएं पूरी करने की जिम्मेदारी उन्हीं पर डालनी चाहिये ना कि पार्टी के ऊपर होनी चाहिये। अगर आगे चलकर यह मालूम होता है कि किसी प्रत्याशी ने अपना आपराधिक इतिहास छुपाया है तो इससे सम्बंधित हर प्रकार की जिम्मेदारी भी उसी पर आनी चाहिये ना कि पार्टी के ऊपर। इसके इलावा हमारी पार्टी का यह भी सुझाव है कि ईवीएम को लेकर लगातार उठती गड़बड़ियों की शिकायत जो चुनाव के दौरान और उसके बाद व्यक्त की जाती है उसे दूर करने के लिए और चुनाव प्रक्रिया में सभी का पूर्ण रूप से विश्वास पैदा करने के लिए अब ईवीएम के द्वारा वोट डलवाने की जगह पुनः बैलेट पेपर से ही वोटर डलवाने की प्रक्रिया लागू की जाये और अगर किसी वजह से ऐसा अभी नहीं किया जा सकता है तो कम से कम वीवीपैट के डब्बे में जो वोट डालते समय पर्ची गिरती है उन सभी पर्चियों की गिनती सभी बूथों में करके ईवीएम के वोटों से मिलान किया जाये।

# कौशांबी बनेगा धार्मिक पर्यटन का प्रमुख केंद्र : जयवीर सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने कौशांबी जिले के सिराथू तहसील स्थित कड़ा धाम के कुबरी घाट को नई पहचान देते हुए आरती स्थल का विकास कार्य लगभग पूर्ण करा दिया है। करीब 2.41 करोड़ रुपये की लागत से तैयार यह परियोजना श्रद्धालुओं और पर्यटकों को सुरक्षित एवं व्यवस्थित वातावरण उपलब्ध करवाएगी। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इक्यावन शक्तिपीठों में से एक मां शीतला धाम मंदिर श्रद्धालुओं के प्रमुख आस्था का केंद्र है। यह विकास कार्य उसी श्रद्धा और सुविधा को समर्पित है।

मंत्री ने बताया कि प्रदेश कौशांबी जिला धार्मिक पर्यटन मानचित्र का जगमगाता सितारा है। भगवान बुद्ध की भूमि, हिन्दू आस्था का भी बड़ा केंद्र है। कुबरी घाट धार्मिक महत्व से जुड़ा स्थल है। आगंतुकों



को धार्मिक क्रियाकलापों में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसलिए आरती स्थल के विकास कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जा रहा है। सैंकड़ों वर्षों से शीतला धाम कड़ापीठ शक्ति उपासकों का केंद्र रहा है। स्कंद पुराण के अनुसार, देवी सती के शरीर के टुकड़े जहां भी गिरे वहीं एक शक्तिपीठ स्थापित हुआ। कराकोटम जंगल में जिस स्थान पर सती का दाहिना कर गिरा, वही स्थान वर्तमान में कड़ा धाम के नाम से देश-दुनिया में विख्यात है।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि कौशांबी का कड़ा धाम श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। वर्ष 2025 की पहली छमाही में करीब 14.76 लाख से अधिक पर्यटक जनपद आए, जिनमें बड़ी संख्या मां शीतला के दर्शन करने वालों की थी। राज्य सरकार का प्रयास है कि धार्मिक स्थलों पर आने वाले लोगों के लिए बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित की जाए। इसी क्रम में कुबरी घाट पर आरती स्थल विकसित कर श्रद्धालुओं को वातावरण उपलब्ध कराया जा रहा है। आगे भी इस क्षेत्र में पर्यटन सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा।

## शीतगृहों से आलू निकासी लगभग पूरी, अधिनियम के कड़े प्रावधान लागू

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद के निजी शीतगृहों में भण्डारित आलू की निकासी का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है, हालांकि कुछ शीतगृहों में अब भी थोड़ी मात्रा में भण्डारित आलू अवशेष है। निर्धारित अवधि के अनुसार इस वर्ष आलू भण्डारण की समयावधि 15 फरवरी से 30 नवम्बर तक रखी गई थी, ताकि किसानों को निकासी के लिए पर्याप्त समय मिल सके। उ0प्र0 कोल्ड अधिनियमऽ1976 के तहत व्यवस्था है कि यदि कोई किसान/किरायादाता रसीद में निर्धारित तारीख से 15 दिन के भीतर भण्डारित आलू नहीं उठाता है तो शीतगृह स्वामी उसे तत्काल नोटिस देगा और नोटिस की प्रति जिलाधिकारी/लाइसेंस अधिकारी को भेजनी होगी। अगर नोटिस के बाद भी 7 दिन के भीतर किसान माल नहीं उठाता है तो शीतगृह स्वामी को अधिकार है कि वह आलू को किसान के जोखिम और व्यय पर सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से बिकवा सकता है। नीलामी से 48 घंटे पूर्व इसकी सूचना जिलाधिकारी को देना और नीलामी में उनके द्वारा नामित अधिकारी की उपस्थिति अनिवार्य है। जिला उद्यान अधिकारी सौरभ श्रीवास्तव ने निर्देशित किया कि जनपद के सभी शीतगृह संचालक उ0प्र0 कोल्ड विनियमन अधिनियमऽ1976 का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें।

## खीरी के डीघलो गांव में ट्रांसफॉर्मर से क्वायल और उपकरण चोरी, खाली ट्रांसफॉर्मर को गड्ढे में फेंककर फरार

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** खीरी थाना क्षेत्र के डीघलो गांव (मेजा ब्लॉक) में शनिवार की रात अज्ञात चोरों ने ट्रांसफॉर्मर की चोरी का दुस्साहसिक प्रयास किया। चोर पोल से ट्रांसफॉर्मर तो उतार ले गए, लेकिन उसे ले जाना संभव न होने पर उसके अंदर मौजूद कीमती उपकरण—क्वायल, तेल, कोर और बाइंडिंग—निकालकर चोरी कर ले गए। इसके बाद खाली ट्रांसफॉर्मर को पास के पानी भरे गड्ढे में फेंक दिया गया। गांव में विश्वसमुद्रा इंजीनियरिंग कंपनी के माध्यम से विद्युतीकरण कार्य कराया जा रहा है। कंपनी के ठेकेदार विनोद कुमार ने इस घटना की जानकारी पुलिस को देते हुए खीरी थाने में तहरीर देकर मामला दर्ज करने की मांग की है। खीरी थाना प्रभारी कृष्ण मोहन सिंह ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और जल्द ही ट्रांसफॉर्मर उपकरण चोरी में शामिल चोरों का सुराग लगा लिया जाएगा।

## एजीए देवेंद्र नाथ मिश्र के घर में घुसकर मारपीट व फायरिंग, कई नामजद और दर्जनों अज्ञात पर गंभीर धाराओं में केस

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद में एक सनसनीखेज घटना सामने आई है, जहां अपर सरकारी अधिवक्ता देवेंद्र नाथ मिश्र ने अपने घर में घुसकर उनके बेटे से मारपीट करने, फायरिंग करने, जान से मारने की धमकी देने और कीमती सामान चोरी करने का गंभीर आरोप लगाया है। घटना से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पीड़ित की तहरीर पर कर्नलगंज पुलिस ने सतीश श्रीवास्तव, उसके दामाद सूरजभान सिंह, आशीष यादव उर्फ सनी, सूरज भारतीय, आदित्य सिंह सहित दर्जनों अज्ञात आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है। एजीए के मुताबिक आरोपियों ने घर में जबरन प्रवेश कर उत्पात मचाया और उनके बेटे को पीटते हुए फायरिंग की, जिससे परिवार के लोग दहशत में आ गए। हमला करने वालों पर घर से कीमती सामान ले जाने का भी आरोप है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और नामजद आरोपियों की तलाश तेज कर दी गई है। अधिकारी इसे बेहद गंभीर मामला मानते हुए सख्त कार्रवाई की बात कह रहे हैं।

## प्रयागराज मेला प्राधिकरण के गेट पर संतों का धरना, भूमि आवंटन को लेकर विवाद गरमाया

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** आगामी 3 जनवरी से शुरू होने वाले प्रयागराज माघ मेला की तैयारियों के बीच भूमि आवंटन को लेकर विवाद तेज हो गया है। खाक चौक के संतों ने शुक्रवार को प्रयागराज मेला प्राधिकरण के मुख्य गेट पर धरना देकर आवंटित भूमि पर आपत्ति जताई। संतों का आरोप है कि उन्हें जिस स्थान पर भूमि दी गई है, वह दलदली क्षेत्र है, जहां तंबू, पंडाल और अन्य व्यवस्थाएं सुचारू रूप से लगाना मुश्किल है। मेला प्रशासन द्वारा एक दिन पूर्व ही खाक चौक के संतों को भूमि वितरित की गई थी, लेकिन आवंटित स्थल की स्थिति को अनुपयुक्त बताते हुए संतों ने विरोध शुरू कर दिया। मेला शुरू होने से पहले ही भूमि आवंटन में आ रही दिक्कतें प्रशासन के लिए चुनौती बनी हुई हैं। धरने की सूचना पर मेला अधिकारी पहुंचे और संतों से वार्ता का प्रयास किया। प्रशासन का कहना है कि सभी अखाड़ों और संत समाज को संतुलित और उपयुक्त भूमि देने का प्रयास किया जा रहा है।

## प्रयागराज विकास प्राधिकरण का कनिष्ठ लिपिक 8,000 की रिश्वत लेते गिरफ्तार, कर्मचारियों ने टीम से की मारपीट

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** एंटी करप्शन ऑर्गेनाइजेशन ने शनिवार को प्रयागराज विकास प्राधिकरण के कनिष्ठ लिपिक अजय कुमार (52 वर्ष) को 8,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी लिपिक पर आरोप है कि उसने एक आवंटित प्लाट की रजिस्ट्री कराने के बदले रिश्वत की मांग की। शिकायत के आधार पर एंटी करप्शन टीम ने जाल बिछाया और उसे मौके पर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान चौंकाने वाली घटना तब हुई जब PDA के कुछ कर्मचारियों ने एंटी करप्शन टीम पर हमला कर दिया। आरोप है कि आरोपी लिपिक को ले जाते समय विभागीय कर्मचारियों ने टीम से धक्का–मुक्की और मारपीट की, जिससे स्थिति तनावपूर्ण बन गई। सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और ऐसी कार्रवाई के विरुद्ध सख्ती का भरोसा दिलाते हुए टीम को सुरक्षा प्रदान की। एंटी करप्शन विभाग मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रहा है।

## प्रयागराज में बढ़ रहे सड़क हादसे, शंकरगढ़ क्षेत्र में बाइक की टक्कर से तीन घायल

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद में सड़क हादसों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। रविवार शाम शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के मिश्रपुर के पास हुए सड़क हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दो बाइकों की आमने–सामने टक्कर हो गई, जिससे दोनों वाहन सवार सड़क पर गिर पड़े और उन्हें गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग पर सड़क संकरी होने के साथ ही तेज रफ्तार वाहन दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि सड़क पर स्पीड ब्रेकर और चेतावनी संकेतों की कमी के कारण आए दिन हादसे होते रहते हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के लिए तत्काल कदम उठाने की मांग की है।

# 12 व 13 को लविवि में होगा 'विकसित भारत युवा नेता संवाद' पर मंथन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश की पहली नैक ए डबल प्लस रैंक में शामिल लखनऊ विश्वविद्यालय में आगामी 12 व 13 दिसम्बर को प्रदेश भर से युवा एकत्र होंगे। दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान 'विकसित भारत युवा नेता संवाद' पर युवा अपना पक्ष रखेंगे। इस दौरान मंथन से निकले फाइनलिस्ट का साक्षात्कार होगा। जिसके बाद जनवरी 2026 में भारत मंडपम, नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ परिचर्चा में शामिल हो सकेंगे।

इस बावत मंगलवार को केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मंडाविया की एडिशनल प्राइवेट सेक्रेटरी (एपीएस) कृतिका ने कार्यक्रम के लिए देश भर से जुड़े जूरी मेम्बर्स और नोडल ऑफिसर वर्चुअल बैठक की। बैठक में तैयारियों को लेकर चर्चा की गई।

यूपी में 'विकसित भारत युवा नेता संवाद' की सफलता के लिए दो लोगों को नोडल ऑफिसर बनाया गया है। जिनमे लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो.वीके शर्मा और युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल महानिदेशालय के उपनिदेशक अजातशत्रु शाही शामिल हैं।

कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में प्रो वीके शर्मा का कहना है कि इसका उद्देश्य युवाओं में विकसित भारत के प्रति समझ पैदा करना है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का पहला राउंड जिले स्तर पर सम्पन्न हो चुका। अब 12 वे 13 को स्टेट लेवल पर कार्यक्रम प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि कायर्क्रम में विकसित भारत पर अलग अलग टॉपिक रखे गए हैं। जिन पर युवा अपना पक्ष रखेंगे। उन्होंने बताया कि पूरे यूपी से 541 युवा इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। युवाओं की संख्या को देखते हुए मुख्य परिसर के अलावा नवीन परिसर में भी कार्यक्रम रखा गया है। प्रो वीके शर्मा ने बताया कि 2 दिवसीय कार्यक्रम में चुने हुए प्रतिभागियों का साक्षात्कार होगा। साक्षात्कार के लिए दिल्ली से एक्सपर्ट आएंगे। साक्षात्कार के दौरान चयनित फाइनलिस्ट जनवरी 2026 में भारत मंडपम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ परिचर्चा में शामिल होंगे।

# फाइलेरिया उन्मूलन की राह पर यूपी, अब साल में एक बार चलेगा एमडीए

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश फाइलेरिया उन्मूलन की दिशा में लगातार सफलता हासिल कर रहा है। संक्रमण दर में भारी गिरावट दर्ज होने के बाद अब प्रदेश में सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान साल में केवल एक बार चलाया जाएगा। पहले यह अभियान फरवरी और अगस्त मेंदो बार चलाया जाता था।

मंगलवार को राज्य फाइलेरिया अधिकारी डॉ. ए.के. चौधरी ने बताया कि फाइलेरिया उन्मूलन की शुरुआत प्रदेश के 51 जिलों के 782 ब्लॉकों से हुई थी। लेकिन संक्रमण घटने के बाद यह दायरा अब सिमटकर सिर्फ 17 जिलों के 52 ब्लॉकों में रह गया है। इसे प्रदेश में फाइलेरिया के उन्मूलन की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में फरवरी और अगस्त से पूर्व किए गए प्रि-टास (ट्रांसमिशन असेसमेंट सर्वे), टास और नाइट ब्लड सर्वे (एनबीएस) के आधार पर यह पाया गया कि अधिकांश जिलों में एमडीए की अब आवश्यकता नहीं है। इसी आधार पर अगले वर्ष से केवल फरवरी माह में ही एमडीए अभियान संचालित करने का निर्णय लिया गया है।

डा चौधरी ने कहा कि आगामी एमडीए अभियान को प्रभावी बनाने के लिए आज 17 जिलों के मास्टर ट्रेनरों को वर्चुअल प्रशिक्षण दिया गया। डॉ. चौधरी ने कहा कि इस बार एमडीए अभियान में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। मास्टर ट्रेनर आगे अपने जिलों में आशा कार्यकर्ताओं, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ) और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षण देंगे, ताकि अभियान को सफल बनाया जा सके। इन 17 जिलों में से आठ जिलों में सीएचओ-पीएसपी समूह विशेष रूप से दवा खाने से मना करने वाले लोगों को समझाने और रोगियों को दवा सेवन कराने में सहयोग करेंगे। साथ ही प्रत्येक जिले में डिस्ट्रिक्ट कोर ग्रुप बनाया जा रहा है ताकि स्थानीय स्तर पर टीम व समुदाय को जोड़कर कवरेज बढ़ाई जा सके। उन्होंने बताया कि जिन जिलों में एमडीए अभियान चलेगा उनमें लखनऊ, बाराबंकी, उन्नाव, रायबरेली, अम्बेडकरनगर, अयोध्या, भदोही, पीलीभीत, शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी, बांदा, चित्रकूट, बलिया, कौशांबी, प्रतापगढ़, प्रयागराज और सोनभद्र शामिल है। इस मौके पर प्रशिक्षण कार्यक्रम में डब्ल्यूएचओ, पाथ, पीसीआई, सीफार और जीएचएस के प्रतिनिधियों ने मास्टर ट्रेनरों से विस्तार से बातचीत की। सभी ने माइक्रो प्लानिंग, आशा कार्यकर्ताओं के प्रभावी प्रशिक्षण, ग्राम प्रधान और कोटेदारों की पूर्व की भांति भागीदारी और मदरसों में कैंप आयोजित करने पर जोर दिया।

# उमेश पाल हत्याकांड के शूटरों के खिलाफ कुर्की की कार्रवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चर्चित उमेश पाल हत्याकांड के बाद से फरार चल रहे पांच-पांच लाख के इनामी तीन शूटरों गुड्डू मुस्लिम, अरमान और साबिर के खिलाफ सोमवार को दूसरी बार कुर्की की कार्रवाई शुरू की गई।

यह कार्रवाई धूमनगंज थाने में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे के तहत की गई है।मामले की विवेचना कर रही एयरपोर्ट पुलिस ने सोमवार देर शाम को गुड्डू मुस्लिम के कसारी-मसारी, अरमान के सिविल लाइंस, और साबिर के मरियाडीह स्थित घरों पर पहुंची और कुर्की नोटिस चस्पा किया। पुलिस ने ढोल-नगाड़ों के साथ ऐलान भी किया कि यदि आरोपी तय अवधि में कोर्ट में हाजिर नहीं होते हैं तो उनकी संपत्ति कुर्क कर दी जाएगी।

गौरतलब है कि अक्टूबर 2024 में धूमनगंज पुलिस ने उमेश पाल हत्याकांड के



15 आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट लगाया था। इसमें माफिया अतीक अहमद के बेटे अली और उमर भी शामिल थे। इनमें से 12 आरोपियों की चार्जशीट इसी साल अक्टूबर में दाखिल की जा चुकी है जबकि गुड्डू मुस्लिम, अरमान और साबिर अब भी फरार हैं और उनकी विवेचना जारी है। इसी मामले में सोमवार को कुर्की की कार्रवाई की गई। 24 फरवरी 2023 को धूमनगंज में माफिया अतीक अहमद के शूटरों ने अधिवक्ता उमेश पाल और उनके दो सरकारी गनरों पर बम व ताबड़तोड़ गोलियां चलाकर हत्या कर दी थी। घटना के बाद पूरे प्रदेश में सनसनी फैल गई थी।

पुलिस अब तक 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है, जिनमें एखलाक अहमद (अतीक का बहनोई), अधिवक्ता खान सौलत हनीफ, अली, उमर, वकील विजय मिश्रा, ड्राइवर कैश अहमद, मुंशी राकेश उर्फ लाला, इकबाल अहमद, सदाकत खान, मोहम्मद अरशद और शाहरुख शामिल हैं। शिवकुटी के लाला की सराय निवासी गुड्डू मुस्लिम, पूरामुफ्ती के मरियाडीह निवासी साबिर और सिविल लाइंस के अरमान की गिरफ्तारी न होने पर पुलिस ने तीनों पर पांच-पांच लाख का इनाम घोषित किया था। उमेश पाल हत्याकांड में तीनों पर फरारी के दौरान ही चार्जशीट दाखिल कर दी गई। हालांकि गैंगस्टर के मामले में उनके खिलाफ अभी विवेचना जारी है। गैंगस्टर लगाते वक्त अधिकारियों ने बताया था कि यह गैंग आर्थिक लाभ के लिए संगठित होकर अपराध करता रहा है। पहले यह गैंग अतीक और अशरफ़ की सरपरस्ती में चलता था, जबकि अब इसका सरगना अतीक का बेटा अली है।

## नगर निगम ने शुरू किए 35 अस्थायी रैन बसेरे, बेघर और यात्रियों को बड़ी सुविधा

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।।** कड़ाके की ठंड को देखते हुए प्रयागराज नगर निगम ने मानवता भरा कदम उठाते हुए शहर के कई प्रमुख इलाकों में 35 अस्थायी रैन बसेरे स्थापित कर दिए हैं। इसका उद्देश्य सड़कों पर रहने वाले गरीब मजदूरों, बेसहारा लोगों और दूर–दराज से आने वाले यात्रियों को ठंड से बचाना है। इन रैन बसेरों की व्यवस्था सिविल लाइंस बस स्टैंड, पीडी टंडन पार्क, रेलवे स्टेशन परिसर और माघ मेला क्षेत्र सहित कई स्थानों पर की गई है। प्रत्येक रैन बसेरे में पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग–अलग सुरक्षित ठहराव की व्यवस्था की गई है। हर केंद्र पर 20–20 बेड क्षमता वाले कॉटेज बनाए गए हैं, जहाँ लोग गर्म और सुरक्षित माहौल में ठिठुरन भरी रातें गुजार सकें। पीडी टंडन पार्क के पास बने रैन बसेरे में बीती रात कई लोगों ने शरण ली। यहां ठहरे लोगों का कहना है कि खुले में ठंड में सोने की तुलना में रैन बसेरे में उन्हें काफी राहत मिल रही है। स्थानीय नागरिकों ने भी नगर निगम की इस पहल की सराहना की है और इसे संवेदनशील व मानवीय कदम बताया है। नगर आयुक्त सीलम साई तेजा ने बताया कि निगम की प्राथमिकता है कि ठंड के मौसम में कोई भी व्यक्ति खुले में सोने को मजबूर न हो। सभी रैन बसेरों में रोशनी, साफ–सफाई, सुरक्षा और अन्य बुनियादी सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। नियमित रूप से इनकी निगरानी भी की जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि पीडी टंडन पार्क क्षेत्र में दो और अस्थायी रैन बसेरे तैयार किए जा रहे हैं, जिन्हें जल्द ही जनता के लिए खोल दिया जाएगा। ठंड बढ़ने पर आवश्यकता अनुसार रैन बसेरों की संख्या और भी बढ़ाई जाएगी।

## मृतक के खाते से 45.50 लाख की फर्जी निकासी

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिले के लालगोपालगंज स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा में बड़ा बैंकिंग घोटाला सामने आया है, जहाँ एक मृतक ग्राहक के खाते से 45.50 लाख रुपये चार जाली चेकों के माध्यम से निकाल लिए गए। मृतक महफूज अहमद फक्की की पत्नी मदिहा जब अपने पति का मृत्यु प्रमाणपत्र लेकर बैंक पहुंची और बैलेंस पूछताछ की, तो खाते में मात्र 11.56 लाख रुपये पाए गए। पति की मौत 6 जून 2025 को हो चुकी थी और उनके खाते में 56ऽ57 लाख रुपये जमा थे, लेकिन अक्टूबर में पहुंचने पर यह रकम गायब मिली। जांच में पता चला कि उए संचालक संजय कुमार विश्वकर्मा और उसके सहयोगी पियूष शुक्ला के खातों में बड़ी धनराशि ट्रांसफर की गई थी। 30 जुलाई से 17 अक्टूबर के बीच चार चेकों के जरिए 45.50 लाख रुपये फर्जी तरीके से निकाल लिए गए। इनमें 10 लाख, 3 लाख, 17.50 लाख और 15.50 लाख रुपये की निकासी शामिल है। हैरानी की बात यह है कि यह पूरा खेल तब चला जब शाखा प्रबंधक 10 दिनों की मैण्डेटरी लीव पर थे। संजय ने बाद में मृतक के भाई की पत्नी के खाते में 20 लाख रुपये भेजकर वापस भी मंगवा लिए, जिससे संदेह और गहरा गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए बैंक ने चार कर्मचारियों और दो बाहरी व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। ऋण अधिकारी, ऑपरेशन अधिकारी, कनिष्ठ कर्मी समेत उए संचालक संजय और उसके सहयोगी पियूष को नोटिस जारी किए गए हैं। रीजनल ऑफिस ने विशेष जांच टीम गठित कर दी है और पूरे मामले की गहराई से जांच की जा रही है। बैंकिंग सिस्टम में इतनी बड़ी चूक सामने आने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है और ग्राहक सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

## पीडीए उपाध्यक्ष हरीश राज को जारी किया अवमानना नोटिस

प्रयागराज । इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) के उपाध्यक्ष हरीश राज को अदालत के आदेश का पालन न करने के मामले में अवमानना नोटिस जारी किया है। न्यायमूर्ति दिनेश पाठक की एकल पीठ ने मंजू अग्रवाल की अवमानना याचिका पर यह आदेश पारित किया। अदालत ने पीडीए से यह स्पष्ट करने को कहा है कि पूर्व आदेश का पालन करते हुए हलफनामा दाखिल करें, अन्यथा यह बताएं कि उनके विरुद्ध अवमानना कार्रवाई क्यों न शुरू की जाए। अगली सुनवाई 16 मार्च 2026 को निर्धारित की गई है। मामला झूंसी तहसील, पूलपुर क्षेत्र के खसरा संख्या 53 के अधिग्रहण से जुड़ा है, जिसके बगल में स्थित याची के भूखंड संख्या 54 का अधिग्रहण नहीं किया गया था। प्राधिकरण ने याची को आश्वस्त किया था कि खसरा संख्या 53 की 436 वर्गमीटर ज़मीन के बदले, याची को लॉट संख्या 54 की 436 वर्गमीटर ज़मीन दी जाएगी, बशर्ते वह विकास शुल्क जमा करे। याची ने पहले ही 70,000 रुपये जमा कर दिए थे, जिसके बाद पीडीए ने 3 अप्रैल 2007 को पत्र भेजकर 3,86,835 रुपये और जमा करने को कहा। बाद में हाईकोर्ट ने आदेश दिया कि याची केवल 2.78 लाख रुपये जमा करे और राशि जमा होते ही प्राधिकरण के सचिव छह सप्ताह के भीतर 436 वर्गमीटर भूमि का शांतिपूर्ण कब्जा सौंपें। लेकिन अदालत में कहा गया कि पीडीए ने अब तक इस आदेश का पालन नहीं किया, जिसके चलते अब यह अवमानना कार्यवाही शुरू हुई है।


उत्तर रेलवे

ई ऑक्शन सूचना

**वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/पी0एस0, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।**

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ उ0रे0-मण्डल-वाणिज्य/उ0रे0 |
| नीलामी सूची सं0/ लॉट सं0 | Pnu-LKO-SLN-Toi-148-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03-12-2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19-12-2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 19-12-2025 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0/ लॉट सं0 | Pnu-LKO-PRG-Toi-24-25-2 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03-12-2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19-12-2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 19-12-2025 समय 11:40 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E- Auction Module of www.ireps.gov.in |

3805/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# उप्र में आधी आबादी की सुरक्षा सम्मान व स्वावलंबन पर जोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश नारी सम्मान का ऐसा मॉडल बना है, जहां सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन से महिलाओं को नई दिशा मिल रही है। मिशन शक्ति उत्तर प्रदेश की नारी शक्ति को सशक्त बनाने के उद्देश्य से तैयार किया गया मॉडल है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का संदेश है 'नारी शक्ति ही राष्ट्र शक्ति है'। 24 दिसंबर तक चलने वाले अभियान के अंतर्गत हर विभाग प्रतिदिन जागरूकता अभियान चला रहा है। पुलिस चौपालों से लेकर सड़क रैलियों तक 'सुरक्षा और सम्मान, नारी का अधिकार' का उद्घोष गूंज रहा है।

ग्रामीण-शहरी हर क्षेत्र में व्यापक महिला बीट प्रणाली और एंटी रोमियो स्क्वॉड के माध्यम से हर महिला को अभूतपूर्व सुरक्षा का कवच प्रदान किया जा रहा है।? पिंक पेट्रोल 24x7 उपलब्धता के साथ स्कूल, कॉलेज और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर तुरंत पहुंच रहा है। तकनीक का व्यापक उपयोग - 1090, साइबर मॉनिटरिंग सेल और डिजिटल ट्रैकिंग ने स्टॉकिंग, फर्जी अकाउंट्स पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की है। कॉलेजों में साइबर सुरक्षा वर्कशॉप से छात्राओं को सशक्त बनाया जा रहा है।

महिला अपराधों में त्वरित जांच से हर पीड़िता को पूर्ण न्याय सुनिश्चित, अभूतपूर्व निस्तारण दर के साथ कठोर सजाएं दी जा रही हैं।? मिशन शक्ति केंद्रों में प्रशिक्षित अधिकारी 3-5 वर्ष तक तैनात रहेंगे। आर्थिक सशक्तिकरण में भी क्रांति आ रही है। ग्राम पंचायतों में बीसी सखी, स्वयं सहायता समूह, लखपति दीदी जैसी योजनाओं से महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही हैं। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला, सामूहिक विवाह योजना, निराश्रित महिला पेंशन ने बेटियों को नई उड़ान दी है। मिशन शक्ति के साथ ही उज्ज्वला और स्वामित्व योजना ने घर-घर तक सशक्तिकरण पहुंचाया है। पोषण अभियान, रानी लक्ष्मीबाई कोष ने मातृ-शिशु स्वास्थ्य को मजबूत किया। मिशन शक्ति 5.0 सशक्त नारी से समृद्ध प्रदेश का आधार बन गया है।

## ईको कार सांड से टकराई कार सवार महिला घायल

मोहनलालगंज, लखनऊ। मोहनलालगंज थाना क्षेत्र में मंगलवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक कार और सांड की अचानक भिड़ंत हो गई। मोहनलालगंज से लखनऊ की ओर जा रही ईको कार यूपी 33 सीए 6301 में सवार महिला संध्या इस हादसे में घायल हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सड़क पार कर रहे सांड को बचाने का प्रयास असफल रहने पर कार सीधे उससे टकरा गई। हादसे में महिला संध्या को चोटें आईं, जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से तुरंत सीएचसी मोहनलालगंज भेजवाया गया, जहां उनका प्राथमिक इलाज जारी है।सांड भी टक्कर में घायल हुआ, जिसके उपचार के लिए पशु चिकित्सक को मौके पर बुलाया गया है।सूचना पर मोहनलालगंज पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालते हुए सड़क पर यातायात सामान्य कराया तथा शांति व्यवस्था बनाए रखी। इंस्पेक्टर बृजेश त्रिपाठी का कहना है कि मामले की जांच जारी है और आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# नगर निगम में जनता दरबार में महापौर ने सुनीं शिकायतें

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। मंगलवार को नगर निगम मुख्यालय में आयोजित जनता दरबार में महापौर सुषमा खर्कवाल ने विभिन्न वार्डों से आए नागरिकों की समस्याएँ सुनीं और उनके त्वरित समाधान के लिए विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

जनता दरबार में सफाई व्यवस्था, जल निकासी, सड़क मरम्मत, स्ट्रीट लाइट, कर संबंधी मुद्दे तथा अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़ी शिकायतें मुख्य रूप से सामने आईं। महापौर ने स्पष्ट कहा कि किसी भी समस्या के समाधान में अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और प्रत्येक प्रकरण की प्रगति नियमित रूप से प्रस्तुत की जाए। उन्होंने कहा कि नगर निगम का लक्ष्य नागरिकों को समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण सेवाएँ उपलब्ध कराना है, जिसके लिए सभी संबंधित विभागों को सजग और उत्तरदायी रहना होगा। जनता दरबार के दौरान पार्षदगण, नागरिकों और उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा हाल ही में जारी की गई पाती के प्रमुख बिंदुओं की जानकारी भी दी गई। मुख्यमंत्री ने पाती में प्रदेश में अवैध रूप से निवास कर रहे घुसपैठियों के विरुद्ध चल रही कारवाई का उल्लेख किया है और जन जागरूकता बढ़ाने की अपील की है। मुख्यमंत्री के संदेश में नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि घरेलू या व्यावसायिक कार्य हेतु किसी भी व्यक्ति को नियुक्त करने से पहले उसकी पहचान का सत्यापन अवश्य करें, ताकि सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाया जा सके। महापौर सुषमा खर्कवाल ने उपस्थित लोगों से आग्रह किया कि इस महत्वपूर्ण संदेश को अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाया जाए, ताकि प्रदेश की सुरक्षा, सामाजिक समरसता और नागरिक जिम्मेदारी को मजबूत किया जा सके।

# 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत हुआ व्यापक पौधरोपण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत मंगलवार को अमीनाबाद क्षेत्र में व्यापक पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने महापौर सुषमा खर्कवाल के साथ मिलकर पौधरोपण किया और अभियान को नई गति देने का संदेश दिया। पौधरोपण अमीनाबाद घंटाघर पार्किंग परिसर और झंडेवाला पार्क में किया गया, जहाँ कुल 101 पौधे लगाए गए। इन पौधों में चांदनी, बेल और मौलसारी जैसी पर्यावरण हितैषी प्रजातियाँ प्रमुख रहीं। मंत्री खन्ना और महापौर खर्कवाल ने स्वयं मौलसारी का पौधा लगाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' महज़ एक पौधरोपण कार्यक्रम नहीं, बल्कि मातृभूमि और प्रकृति के प्रति सम्मान व्यक्त करने का सार्थक प्रयास है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि और नगर निगम प्रशासन की संयुक्त मेहनत से लखनऊ को अधिक हराभरा व स्वच्छ शहर बनाने का लक्ष्य अवश्य पूरा होगा। महापौर सुषमा खर्कवाल ने भी नागरिकों से आग्रह किया कि वे अधिक से अधिक पौधे लगाएँ और उनकी नियमित देखभाल करें, ताकि शहर के पर्यावरण को बेहतर और संतुलित बनाया जा सके।

# आयोजित हुआ प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। मंगलवार में स्वास्थ्य केन्द्रों पर मंगलवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान(पीएमएसएमए) आयोजित हुआ। इसी क्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एन.बी.सिंह ने जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी योगेश रघुवंशी के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र(सीएचसी) टुड़ियागंज का भ्रमण किया और वहां पर स्थापित नवीन अल्ट्रा साउंड मशीन की कार्यप्रणाली देखी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने इस अवसर पर जाँच के लिए आयी गर्भवतियों को फल, चना, गुड़ आदि का वितरण किया और उन्हें पौष्टिक भोजन का सेवन करने के लिए प्रोत्साहित किया व उनका हाल चल जाना। इसके साथ ही अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एम.एच.सिद्दीकी ने उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. निशांत निर्वाण व जिला कार्यक्रम प्रबन्धक सतीश यादव के साथ सीएचसी अलीगंज और इटौंजा का भ्रमण किया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि पीएमएसएमए का उद्देश्य हर गर्भवती को समय से जाँच, परामर्श और उपचार मुहैया कराना है जिससे कि मातृ मृत्यु दर में कमी लायी जा सके। इसे एचआरपी डे भी कहते हैं क्योंकि उच्च खतरे की गर्भावस्था की पहचान की जाती है। यह अभियान दूसरी और तीसरी तिमाही की गर्भवती की प्रशिक्षित चिकित्सक द्वारा गुणवत्तापूर्ण निःशुल्क प्रसवपूर्व जाँच कराने की महत्वपूर्ण पहल है।पीएमएसएमएस स्वास्थ्य केन्द्रों पर हर माह की एक, नौ, 16 और 24 तारीख को आयोजित होता है। इस दिवस पर गर्भवती की हीमोग्लोबिन, पेशाब, रक्तचाप, डायबिटीज सहित कई अन्य जांचें निःशुल्क की जाती हैं और उच्च खतरे की गर्भावस्था की पहचान कर प्रबन्धन किया जाता है। समय से उच्च खतरे की गर्भावस्था की पहचान से प्रबन्धन समय से हो जाता है और किसी भी तरह की अनहोनी को टाला जा सकता है। योगेश रघुवंशी ने बताया कि इस अभियान के तहत 3264 गर्भवतियों की जाँच हुयी जिनमें से 305 उच्च खतरे की गर्भावस्था की पहचान हुयी और उन्हें उच्च स्वास्थ्य केन्द्रों पर संदर्भित किया गया।

## साईकोलाजी प्रथम वर्ष की छात्रा ने की आत्महत्या

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नाम उपासना शील उम्र लगभग 18 वर्ष निवासी विशिष्ट पुरम थाना क्षेत्र जानकीपुरम विस्तार मे पंखे से लटक कर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है।बताया जा रहा है कि मृतका सोसोलोजी प्रथम वर्ष की छात्रा थी जो काफी तनाव मे रहती थी परिजनों के मुताबिक छात्रा रात को तो ठीक थी पर सुबह जब 11 बजे तक कमरा ना खुला तो उन्होने कमरे का दरवाज़ा तोड़ा और देखा की उसका शव पंखे से लटका हुआ है जिसकी सूचना थाने पर तत्काल दे दी गई जिसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की तहतीश मे जुट गई। बतया जा रहा है कि मृतका का डियरेशन का इलाज भी काफी समय से चल रहा था।

## छात्र अनिकेत को विद्यालय में दी गई भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**नगराम, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगराम क्षेत्र स्थित जवाहरलाल नेहरू इंटर कॉलेज के कक्षा 12 विज्ञान वर्ग के छात्र अनिकेत पुत्र अशोक कुमार, निवासी खेमा खेड़ा हसनापुर का गंभीर बीमारी के कारण दुखद निधन हो गया। अनिकेत के देहावसान की सूचना मिलते ही विद्यालय परिवार शोकाकुल हो गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल कुमार वर्मा के नेतृत्व में सभी शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र–छात्राएँ विद्यालय की लोकसभा में एकत्र हुए। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखकर उन्हें नम आँखों से याद किया। विद्यालय परिवार ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की कि शोकाकुल परिवार को इस दुःख की घड़ी में धैर्य प्रदान करे।

## रेलवे फाटक के पास मिली अचेत वृद्धा, अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने किया मृत घोषित

**मोहनलालगंज, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मंगलवार को मोहनलालगंज रेलवे फाटक के पास उस समय हड़कंप मच गया जब राहगीरों ने एक वृद्ध महिला को अचेत अवस्था में पड़े हुए देखा। सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर बृजेश त्रिपाठी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। वहां पहुंचकर पाया गया कि एक महिला जमीन पर अचेत अवस्था में पड़ी हुई है।पुलिस ने तत्काल महिला पुलिस कर्मियों एवं डायल 108 एंबुलेंस की सहायता से वृद्धा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहनलालगंज पहुंचाया, जहां मौजूद चिकित्सकों ने परीक्षण के उपरांत महिला को मृत घोषित कर दिया।इंस्पेक्टर बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि मृतका की पहचान के लिए परिजनों को सूचना दी। कुछ ही देर में महिला का पौत्र देवनन्द पुत्र स्व. राजेन्द्र तथा उसका साथी शुभम पुत्र उदयराज सीएचसी पहुंचे। उन्होंने मृतका की पहचान धनकुंवारा पत्नी स्व. राम अवतार रावत, निवासी ग्राम सेघटा मजरा मीशा, थाना गोसाईंगंज, लखनऊ के रूप में की। परिजनों के अनुसार मृतका की उम्र लगभग 100 वर्ष थी।घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मौके पर पंचनामा की कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। वृद्धा की मृत्यु के कारणों का पता लगाने के लिए विधिक प्रक्रिया जारी है। पुलिस आसपास के स्थानीय लोगों से भी पूछताछ कर रही है ताकि घटना के संबंध में अधिक जानकारी प्राप्त हो सके।

# यूपी की अर्थव्यवस्था का आधार बनेगा अंतर्देशीय जल परिवहन : दयाशंकर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने कहा कि अंतर्देशीय जल परिवहन प्रदेश के विकास का नया अध्याय सिद्ध हो सकता है। देश के 111 चिन्हित इनलैंड वॉटरवे में से 11 वॉटरवे उत्तर प्रदेश में स्थित हैं, जो राज्य की भौगोलिक सामर्थ्य और प्राकृतिक जल संपदा को दर्शाते हैं।

मंगलवार को लखनऊ में आयोजित उत्तर प्रदेश अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण की प्रथम बैठक को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि प्राचीन काल से ही जल मार्ग आवागमन का मुख्य साधन रहा है और भारत के अधिकांश ऐतिहासिक नगर नदियों के किनारे बसे हैं। उन्होंने अयोध्या की राजकुमारी सुरीरत्ना के कोरिया समुद्री मार्ग से जाने का ऐतिहासिक प्रसंग भी साझा किया। उन्होंने कहा कि बलिया के सूराहा ताल तथा गोरखपुर के रामगढ़ ताल जैसे जल स्रोतों में पर्यटन विस्तार की अत्यधिक संभावनाएँ हैं। उन्होने कहा कि पर्यावरण को प्रदूषण से मुक्त रखने के लिए जल परिवहन सर्वश्रेष्ठ विकल्प बनकर उभर सकता है, क्योंकि इससे कार्बन उत्सर्जन अत्यंत कम होता है। ्यदि व्यक्तिगत स्तर पर भी रुचि लेकर इस दिशा में प्रयास किया जाए तो उत्तर प्रदेश परिवहन के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा सकता है। मंत्री ने सुझाव दिया कि फ्लोटिंग होटल, रेस्टोरेंट और वॉटर क्रूज के माध्यम से पर्यटन को नई ऊँचाइयाँ दी जा सकती हैं। जल परिवहन के साथ उद्योग और निवेश की संभावनाएँ भी बढ़ेंगी, जिससे स्थानीय लोगों को रोज़गार मिलेगा। बैठक में आईडब्ल्यूएआई के अध्यक्ष सुनील पालीवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्राथमिकताओं में इनलैंड वॉटरवे प्रमुख है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले केवल 5 जलमार्ग विकसित थे। वर्तमान में यह संख्या बढ़कर 111 हो चुकी है। उन्होंने कहा कि गंगा नदी पर स्थित इन्लैंड वॉटरवे-1 उत्तर प्रदेश के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जलमार्ग विकास के लिए केंद्र और राज्य सरकारों को मिलकर काम करना आवश्यक है। इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिये जमीन राज्य सरकार उपलब्ध कराएगी, जबकि वित्तीय संसाधन केंद्र से मिलेंगे। पूर्व सचिव एवं आईडब्ल्यूएआई के चेयरमैन टी.के. रामचंद्रन ने कहा कि वर्ष 2050 तक पूर्ण जलमार्ग विकास का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि एक जलपोत में 50-60 ट्रक के बराबर माल भेजा जा सकता है, जिससे लॉजिस्टिक लागत में भारी कमी आएगी। लखनऊ मंडल के वरिष्ठ रेल प्रबंधक रजनीश श्रीवास्तव ने कहा कि मल्टीमॉडल कार्गो सिस्टम के माध्यम से जल, रेल व सड़क परिवहन को एक प्लेटफार्म पर लाया जा रहा है। इससे कानपुर-उन्नाव की फैक्ट्रियों का माल कम लागत पर कोलकाता तक भेजा जा सकेगा।

# फाइलेरिया उन्मूलन की राह पर यूपी, अब साल में एक बार चलेगा एमडीए

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश फाइलेरिया उन्मूलन की दिशा में लगातार सफलता हासिल कर रहा है। संक्रमण दर में भारी गिरावट दर्ज होने के बाद अब प्रदेश में सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान साल में केवल एक बार चलाया जाएगा। पहले यह अभियान फरवरी और अगस्त मेंदो बार चलाया जाता था।

मंगलवार को राज्य फाइलेरिया अधिकारी डॉ. ए.के. चौधरी ने बताया कि फाइलेरिया उन्मूलन की शुरुआत प्रदेश के 51 जिलों के 782 ब्लॉकों से हुई थी। लेकिन संक्रमण घटने के बाद यह दायरा अब सिमटकर सिर्फ 17 जिलों के 52 ब्लॉकों में रह गया है। इसे प्रदेश में फाइलेरिया के उन्मूलन की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में फरवरी और अगस्त से पूर्व किए गए प्रि-टास (ट्रांसमिशन असेसमेंट सर्वे), टास और नाइट ब्लड सर्वे (एनबीएस) के आधार पर यह पाया गया कि अधिकांश जिलों में एमडीए की अब आवश्यकता नहीं है। इसी आधार पर अगले वर्ष से केवल फरवरी माह में ही एमडीए अभियान संचालित करने का निर्णय लिया गया है। डा चौधरी ने कहा कि आगामी एमडीए अभियान को प्रभावी बनाने के लिए आज 17 जिलों के मास्टर ट्रेनरों को वर्चुअल प्रशिक्षण दिया गया। डॉ. चौधरी ने कहा कि इस बार एमडीए अभियान में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। मास्टर ट्रेनर आगे अपने जिलों में आशा कार्यकर्ताओं, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ) और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षण देंगे, ताकि अभियान को सफल बनाया जा सके।

इन 17 जिलों में से आठ जिलों में सीएचओ-पीएसपी समूह विशेष रूप से दवा खाने से मना करने वाले लोगों को समझाने और रोगियों को दवा सेवन कराने में सहयोग करेंगे। साथ ही प्रत्येक जिले में डिस्ट्रिक्ट कोर ग्रुप बनाया जा रहा है ताकि स्थानीय स्तर पर टीम व समुदाय को जोड़कर कवरेज बढ़ाई जा सके।

## पावर कॉर्पोरेशन ने 13 दिसंबर को 'पेंशन अदालत' घोषित की, 19 जिलों के पेंशनर्स की समस्याएँ सुनी जाएंगी

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने पेंशनरों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए 13 दिसंबर को 'पेंशन अदालत' आयोजित करने की घोषणा की है। यह सुनवाई गोखले मार्ग स्थित मुख्यालय में सुबह 10:30 बजे से शुरू होगी। बिजली कर्मियों की समस्याओं के समाधान के लिए खास पहल,पेंशन अदालत का आयोजन मध्यांचल विद्युत वितरण निगम द्वारा किया जाएगा, जिसमें सेवानिवृत्त बिजली कर्मचारियों की विभिन्न प्रकार की लंबित समस्याओं, भुगतान संबंधी मुद्दों तथा अन्य शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाएगा।19 जिलों के पेंशनर्स होंगे शामिल.इस पेंशन अदालत में मध्यांचल क्षेत्र के 19 जिलों के पेंशनर्स अपनी समस्याएँ सीधे वरिष्ठअधिकारियों के समक्ष रख सकेंगे।निगम का कहना है कि यह पहल पेंशनरों के लिए राहतकारी साबित होगी, क्योंकि कई मामलों के निस्तारण में महीनों की देरी हो जाती है। निगम ने की पेंशनरों से अपील,पावर कॉर्पोरेशन ने सभी पात्र पेंशनरों से अपील की है कि वे इस पेंशन अदालत में उपस्थित होकर अपने लंबित मामलों के समाधान का लाभ उठाएँ।अधिकारियों का दावा है कि सभी प्रकार की शिकायतों का,निस्तारण मौके पर करने की पूरी कोशिश की जाएगी।

## आरटीओ कार्यालय में फिर सर्वर फ़ेल, घंटों इंतजार के बाद भी काम ठप

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** परिवहन विभाग के आरटीओ कार्यालय में सोमवार को एक बार फिर सर्वर फ़ेल होने से हज़ारों लोग परेशान हो गए। ड्राइविंग लाइसेंस (क्ख्र) सहित अन्य कार्यों के लिए आए लोगों को घंटों लाइन में खड़े रहने के बावजूद अपना काम नहीं करा सके। निराश होकर कई लोगों को बिना कार्य कराए ही वापस लौटना पड़ा।सारथी सर्वर रोज रहता है डाउन,लोगों का कहना है कि परिवहन विभाग का सारथी सर्वर लगभग रोज डाउन रहता है, जिससे फॉर्म सबमिशन, बायोमेट्रिक, लाइसेंस, नवीनीकरण और अन्य जरूरी प्रक्रियाएं बाधित हो जाती हैं।काउंटरों पर लंबी–लंबी लाइनें लगी रहीं, लेकिन सर्वर न चलने के कारण किसी का भी काम नहीं हो सका। अधिकारियों की लापरवाही पर उठे सवाल,सर्वर समस्या लंबे समय से जारी है, लेकिन विभाग इसकी उचित व्यवस्था नहीं कर पा रहा। लोगों ने सवाल उठाया कि डिजिटल इंडिया का दावा करने वाले विभाग में मूलभूत डिजिटल सुविधा भी सुचारू नहीं है। अगर रोज सर्वर फ़ेल होना है, तो जनता किसके पास जाए? परिवहन विभाग समाधान में नाकाम.आए दिन सर्वर ठप होने से जनता बुरी तरह त्रस्त है।परिवहन विभाग सर्वर अपग्रेड, बैकअप सिस्टम या वैकल्पिक व्यवस्था करने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रहा है। डिजिटल सुविधा का ग्राउंड लेवल पर बुरा हाल, आरटीओ में रोजमर्रा की जरूरी सेवाएँ बाधित होने से यह साफ दिखता है कि डिजिटल सुविधा का ग्राउंड लेवल पर हाल बेहद खराब है।जनता का कहना है कि जब तक सर्वर की स्थायी समाधान नहीं होगा, तब तक आरटीओ में अव्यवस्था और जनता की परेशानियां जारी रहेंगी।

## जाम से कब मिलेगी राहत?

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राजेंद्र नगर चौकी के सामने रोजाना जाम की भीषण समस्या,राजेंद्र नगर चौकी के सामने दोपहर के समय रोज भारी जाम लग जाता है। हालात इतने खराब हो जाते हैं कि एंबुलेंस तक जाम में घंटों फंसी रहती हैं, जिससे गंभीर मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाना मुश्किल हो जाता है।एंबुलेंस की बेबसी—सायरन बजता रहता है, पर रास्ता नहीं मिलता.एंबुलेंस चालक लगातार सायरन बजाते हुए रास्ता मांगता है, लेकिन जाम की वजह से कोई रास्ता नहीं दे पाता। कई बार मरीजों की हालत गंभीर होती है, पर ट्रैफिक जाम के कारण उन्हें समय पर इलाज नहीं मिल पाता।स्थानीय लोग बताते हैं कि—्सायरन बजता रह जाता है, लेकिन सड़क जाम ही रहती है। मरीज अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दे, तो उसका जिम्मेदार कौन? नाका थाना—राजेंद्र नगरः रोज का यही हाल, लेकिन व्यवस्था ठप.नाका थाना क्षेत्र के अंतर्गत राजेंद्र नगर चौकी के पास प्रतिदिन यही स्थिति देखने को मिलती है।

**11 व 12 दिसंबर को दो दिवसीय दिव्य दर्शन व भव्य यात्रा का होगा आयोजन**

# भक्तों को दर्शन देने पहली बार शिर्डी से आएगीं साईं बाबा की चरण पादुका

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। राजधानी वासियों को इस वर्ष एक ऐतिहासिक आध्यात्मिक अनुभव मिलने जा रहा है। श्री साईं बाबा संस्थान ट्रस्ट, शिरडी 11 और 12 दिसंबर को साईं बाबा की 110 साल पुरानी पवित्र चरण पादुकाओं का दर्शन समारोह लखनऊ में आयोजित करने जा रहा है। पहली बार इन मूल पादुकाओं को शिरडी से लखनऊ लाया जा रहा है। 10 दिसंबर की रात ये पादुकाएं साईं मंदिर कपूरथला पहुंचेगी, जिन्हें स्वयं संस्थान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और 2013 बैच के आईएएस अधिकारी गोरक्ष गडिलकर लेकर आ रहे हैं।

11 दिसंबर को साईं मंदिर कपूरथला में पादुकाओं का प्रतिष्ठापन किया जाएगा। प्रातः 10 बजे से रात्रि 10 बजे तक भक्त पादुकाओं के दर्शन कर सकेंगे। मध्यांन आरती दोपहर 12 बजे होगी, जिसके बाद दोपहर 1 बजे पूज्य गुरु शुभ्रम बहल साईं कथा सुनाएंगे। शाम 4 बजे मीनू सचदेवा और साईं सेवक उमाशंकर महाराज भजन प्रस्तुति देंगे, जबकि धूप आरती सायं 6:30 बजे होगी। इसके बाद साईं भजन सम्राट सक्सेना बंधु और राधा राठौर श्रोताओं को भक्ति संगीत से बांधेंगे।

अगले दिन 12 दिसंबर की सुबह 9 बजे साईं मंदिर कपूरथला से 'द गोल्डेन सेलिब्रेशन' स्थल के लिए साईं चरण पादुका की भव्य यात्रा निकलेगी। होटल पहुंचने के बाद टरण पादुका प्रातः 11 बजे से रात्रि 10 बजे तक दर्शनार्थ रहेंगी। इस दौरान दोपहर 1 बजे पूज्य गुरु शुभ्रम बहल कथा का वाचन करेंगे। शाम 4 बजे विष्णु तिवारी साईं भजन प्रस्तुति देंगे, जबकि शाम 6:30 बजे धूप आरती सायं 6:30 बजे और उसके बाद सायं 7 बजे पारस जैन साईं भजन प्रस्तुत करेंगे। पूरे दिन भजन-कीर्तन के माध्यम से भक्त साईं बाबा का गुणगान करते रहेंगे। गोरक्ष गडिलकर ने बताया कि यात्रा का उद्देश्य उन भक्तों, बुजुर्गों और दिव्यांगों तक बाबा का आशीर्वाद पहुंचाना है, जो शिरडी नहीं जा पाते। उन्होंने कहा कि बाबा की पादुका मतलब बाबा स्वयं। यह दर्शन किसी भी भक्त के लिए जीवनभर की इच्छा पूर्ण होने जैसा है। 1918 में समाधि से पूर्व बाबा जिन पादुकाओं को पहनते थे, वही मूल पादुकाएं यहां दर्शन के लिए लाई जा रही हैं। इनमें किसी भी तरह की सजावट नहीं की गई है और इन्हें बाबा के समय की ही अवस्था में संरक्षित रखा गया है। इनका संरक्षण आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया करता है। पादुकाओं को छूने की अनुमति नहीं होगी, लेकिन भक्त कांच के कवर से दर्शन कर सकेंगे। आयोजक राजेश अरोड़ा 'बब्बू' ने बताया कि यह पादुकाएं 2017-18 में दूसरी बार म्यूजियम से बाहर निकाली गई थीं, जब बाबा की समाधि के 100 साल पूरे हुए थे। अप्रैल 2024 में दक्षिण भारत में इनका दौरा हुआ और अब उत्तर भारत की यात्रा 1 दिसंबर से शुरू हुई है। लखनऊ में होने वाला यह आयोजन भक्तों के लिए एक दुर्लभ और पावन अवसर लेकर आ रहा है, जिसका इंतजार लंबे समय से किया जा रहा था।

# नैमिषारण्य में विकास कार्यों का प्रमुख सचिव ने किया स्थलीय निरीक्षण

**नैमिषारण्य विकास परियोजनाओं की प्रगति तेज करने के निर्देश**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। प्रमुख सचिव, पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य विभाग, उ0प्र0 शासन अमृत अभिजात ने आज नैमिषारण्य में कराये जा रहे विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान हेलीपैड, मल्टीस्टोरी पार्किंग, पंचमुखी प्लाजा, मॉ ललिता देवी मंदिर, मुरारका बड़ी धर्मशाला, चक्रतीर्थ, राजघाट में कराये जा रहे कार्यों एवं प्रस्तावित कार्यों को देखा।

उन्होंने हेलीपैड के पास अतिरिक्त भूमि अधिग्रहित करने के निर्देश संबंधित को दिये तथा हेलीपैड को जोड़ने वाली सड़क का चौड़ीकरण कराया जाये। मल्टीस्टोर पार्किंग के निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि जो भी कार्य चल रहे हैं, उस कार्य का सत्यापन अभी से शुरू करा दिया जाये तथा पार्किंग में आवागमन हेतु सड़कों का चौड़ीकरण कराया जाये। मॉ ललिता देवी पंचपराग कुण्ड की निरन्तर साफ-सफाई कराने के साथ ही साईजन बोर्ड भी प्रदर्शित किया जाये। उन्होंने संबंधित को निर्देश दिये कि मुरारका बड़ी धर्मशाला का सौन्दर्यीकरण कराया जाये तथा इसमें हेरिटेज के रूप में निर्मित किया जाये, जिसमें म्यूजियम, लाईटिंग एवं साउण्ड आदि की व्यवस्था सुनिश्चित हों। चक्रतीर्थ में निर्माणाधीन गेट के कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये व जो भी कार्य कराये जायें, वह मानक के अनुरूप हों। राजघाट पर चेजिंग रूप महिलाओं व पुरूष हेतु बनाया जाये। सिंचाई विभाग से समन्वय स्थापित कर प्रस्तावित कार्यों को पूर्ण कराया जाये। उन्होंने संबंधित को निर्देशित किया कि पर्यटन विभाग द्वारा जिन गाइडों का प्रशिक्षण हो चुका है, उनकी नियुक्ति जल्द से जल्द सुनिश्चित की जाये।प्रमुख सचिव, पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य विभाग, उ0प्र0 शासन अमृत अभिजात द्वारा मॉ ललिता देवी मंदिर व चक्रतीर्थ पहुंचकर पूजन अर्चन किया।इसके उपरान्त प्रमुख सचिव, पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य विभाग, उ0प्र0 शासन अमृत अभिजात ने नैमिषारण्य में कराये जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये कि जो भी कार्य पूर्ण हो चुके हैं, उनको जल्द ही हैण्डओवर किया जाये तथा जो कार्य अभी चल रहे हैं, उनको ससमय पूर्ण कर लिया जाये। उन्होंने संबंधित को निर्देश दिये कि अब तक किये गये कार्यों एवं प्रस्तावित कार्यों की जानकारी जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उन्हें अवगत करायें। उन्होंने कहा कि जिन-जिन स्थलों पर पौधे लगाये जाने हैं, वहा पर पौधरोपण का कार्य शुरू किया जाये तथा सिंचाई विभाग जहां सहयोग की आवश्यकता हो, उनका सहयोग लेते हुये कार्यों में गतिशीलता लायें।इस दौरान जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0, अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी मिश्रिख शैलेन्द्र मिश्रा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# दोगुने वृक्ष न लगाने पर जब्त होगी जमानत राशि

**सामाजिक वानिकी विभाग की चेतावनीवृक्ष पातन अनुज्ञा धारकों को 15 दिन में प्रमाण प्रस्तुत करने के निर्देश**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी वन प्रभाग नवीन खण्डेलवाल ने सर्व साधारण को सूचित किया है कि सामाजिक वानिकी वन प्रभाग सीतापुर के क्षेत्रान्तर्गत उ0प्र0 वृक्ष संरक्षण अधिनियम, 1976 में दिये गये प्राविधानों के अर्न्तगत वित्तीय वर्ष 2014-15 से 2018-19 (दिनॉक 31.03.2019 तक) निजी स्वामित्व के वृक्षों के पातन हेतु निर्गत पातन अनुज्ञाओं के विरूद्ध एक वृक्ष के स्थान पर दो वृक्ष लगाने हेतु जमानत की धनराशि (एन0एस0सी0) अनुज्ञा धारकों द्वारा जमा की है, जो प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी वन प्रभाग, सीतापुर के नाम से निरूपित/बन्धक है।

उपरोक्त तिथि तक निर्गत पातन अनुज्ञाओं के विरूद्ध पातन अनुज्ञाधारियों ने यदि पातन अनुज्ञा में उल्लिखित वृक्षों के दोगुने वृक्ष रोपित कर दिये हो, तो वह सम्बन्धित क्षेत्रीय वन अधिकारियों को इस विज्ञप्ति/सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अन्दर प्रार्थना पत्र मय वाछित अभिलेखो व वृक्षों के सत्यापित फोटोग्राफ्स सहित प्रस्तुत कर जमानत वापस प्राप्त करने हेतु सम्बन्धित क्षेत्रीय वन अधिकारियों की जाँच आख्या/संस्तुति तथा मय वांछित अभिलेखों/साक्ष्यों सहित इस कार्यालय को प्रस्तुत कर दें। निर्धारित समयावधि में यदि प्रार्थना पत्र संस्तुति सहित प्राप्त नहीं होता है तो यह समझा जायेगा कि पातन अनुज्ञा धारको द्वारा पातन अनुज्ञा के विरूद्ध दोगुने पौधों का रोपण नहीं किया गया है और उनकी जमा जमानत की धनराशि राजकीय हित में जब्त कर विभागीय वृक्षारोपण की कार्यवाही की जायेगी। तदोपरान्त प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर भविष्य में कोई विचार नहीं किया जायेगा।

## सोनिया गांधी के जन्म दिवस पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने काटा केक

बिसवां, सीतापुर । कंाग्रेस पार्टी की पूर्व अध्यक्ष व वर्तमान सांसद सोनिया गांधी का जन्म दिवस कंाग्रेस जनों ने बड़ी धूमधाम के साथ मनाया। कंाग्रेस जनों ने नगर कंाग्रेस कमेटी के कैंप कार्यालय पर केक काटकर खुशियां मनाई एवं उनके दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष अमर मेहरोत्रा ने कहा कि देश में कंाग्रेस पार्टी को आगे बढ़ाने में सोनिया जी का विशेष योगदान है उन्होंने अपने पति स्वर्गीय राजीव गांधी के पद चिह्नों पर चलकर देश को एक नई दिशा देने का कार्य किया है ।प्रदेशकंाग्रेस महा सचिवआर टी आई रजनीश कुमार मिश्रा ने कहा कंाग्रेस पार्टी को मजबूत करने में गांधी परिवार का जो योगदान रहा है उसे बुलाया नहीं जा सकता इस अवसर पर वरिष्ठ कंाग्रेस नेता नरेश चंद्र गोड़ प्रदीप सिंह चौहान ओंकार नाथ मिश्रारमेश चंद्र गोड़अशोक पुष्प रामसागर कोरी रवि वर्मा प्रमुल शुक्ला सहित कई कंाग्रेस जन मौजूद रहे

# सपा नेताओं ने खाद व एसआईआर में हो रही गड़बड़ी को लेकर दिया ज्ञापन

**बीएलए से अपील: एसआईआर में कोई भी नाम न रह जाए**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। खाद व एसआईआर में हो रही गड़बड़ी को लेकर समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डा. राजपाल कश्यप के नेतृत्व में जलालाबाद एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। इससे पूर्व 132 जलालाबाद के समाजवादी पार्टी कार्यलय पर विधानसभा अध्यक्ष सूरजपाल की अध्यक्षता में एसआईआर को लेकर बैठक हुई।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डा. राजपाल कश्यप ने 10 व 11 दिसम्बर को सभी समाजवादी बीएलए से बूथ पर बने रहने की अपील की। कहा कि सभी बीएलए अपने- अपने बूथ पर बीएलओ से सही जानकारी मिलने के बाद ही हस्ताक्षर करें और रिकार्ड का मिलान करें। कहा कि अगर आपने वोट बचा लिए, तो 2027 में अखलेश यादव की सरकार बनना तय है। वहीं, 132 जलालाबाद के प्रभारी सैय्यद रिजवान अहमद ने कहा कि सभी बीएलए अपने-अपने बूथ पर देखें कि एसआईआर में कोई भी नाम न रह जाए। पूर्व लोकसभा प्रत्याशी ज्योत्सना कश्यप ने कहा कि एसआईआर में अब पिछले एक माह से की गई मेहनत का रिजल्ट देखने का है। आपको एक-एक बूथ पर देखना होगा कि कोई भी नाम छूट न जाए। इस मौके पर विशेष रूप से नीरज मिश्रा प्रभारी मिर्जापुर, चैधरी विनोद यादव, ओमपाल कुशवाहा, डॉ मोहित शर्मा, सोनपाल यादव, तस्लीम अंसारी, नावेद खान, उमेश यादव, धर्मेन्द्र यादव, सादिक अली, साजिद खान, शकील अहमद, पंकज कश्यप आदि कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कंाग्रेसियों ने केक काटकर मनाया सोनिया गांधी का जन्मदिन



शाहजहांपुर। कंाग्रेस जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता के नेतृत्व में पार्टी कार्यालय कंाग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। इस दौरान पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को केक खिलाकर सोनिया गांधी के दीर्घायु की कामना की। इस मौके पर कंाग्रेस जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता, महानगर अध्यक्ष तकवीम हसन खान, पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र दीक्षित, प्रदेश सचिव अनूप वर्मा, कृष्ण विनोद मिश्रा, दिनेश कुमार, अरुणोद मिश्रा, फुरकान अहमद कुरैशी, अदीब अहमद, अनिल श्रीवास्तव, सुशील शर्मा, संजय सक्सेना, पूनम पांडेय, मीरा पाण्डेय, फरीद अली खान, प्रत्यूष मिश्रा, अफजाल खान, पवन सिंह समेत अन्य लोग शामिल थे।

# परीक्षा फॉर्म नहीं भरने पर मदरसों की मान्यता होगी रद्द

**अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने कहा कि अगर किसी भी मान्यता प्राप्त मदरसे द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार परीक्षार्थियों के परीक्षा फॉर्म नहीं भरे जाते हैं, तो ऐसे मदरसों के विरुद्ध मान्यता प्रत्याहारन (मान्यता रद्द) की कार्रवाई प्रारंभ की जाएगी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद की ओर से संचालित मुंशी, मौलवी एवं आलिम 2026 परीक्षाओं के लिए फॉर्म भरने में लापरवाही बरतने वाले मदरसों की मान्यता रद्द (प्रत्याहारन) की जाएगी।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रोहित कुमार सिंह ने जनपद के सभी मान्यता प्राप्त व सहायता प्राप्त आलिया स्तर के मदरसों के प्रबंधकों और प्रधानाचार्यों को निर्देश दिए हैं कि परिषद द्वारा संचालित परीक्षाओं के लिए मुंशी मौलवी आलिम के परीक्षा फॉर्म भरे जा रहे हैं, जिसकी अंतिम तिथि 19 दिसंबर 2025 निर्धारित है। इसके बावजूद कई मदरसे परीक्षा फॉर्म भरवाने में रुचि नहीं ले रहे हैं। जोकि विभागीय आदेशों का उल्लंघन है।

अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने कहा कि अगर किसी भी मान्यता प्राप्त मदरसे द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार परीक्षार्थियों के परीक्षा फॉर्म नहीं भरे जाते हैं, तो ऐसे मदरसों के विरुद्ध मान्यता प्रत्याहारन (मान्यता रद्द) की कार्रवाई प्रारंभ की जाएगी। कहा कि प्रत्येक मान्यता प्राप्त मदरसा न्यूनतम 30-30 छात्रों के परीक्षा फॉर्म अवश्य भरवाएं। कहा कि अंतिम तिथि के बाद तिथि बढ़ाना बहुत मुश्किल है, इसलिए हर हाल में 18 दिसंबर तक बैंक से चालान जमा कर 19 दिसंबर तक फार्म अवश्य जमा कर दें। ताकि निर्धारित समय सीमा पर परीक्षा कराई जा सके।

# लखीमपुर खीरी में शुरू हुआ हाई-टेक एडीटीसी स्मार्ट ड्राइविंग का नया अध्याय, डीएम ने किया शुभारम्भ

**डीएम ने छात्रों के लिए की एडीटीसी में 25% छूट की घोषणा, स्मार्ट ड्राइविंग अब सस्ती और सुलभ**

**महिलाओं-बालिकाओं व सफाई कर्मियों को हेलमेट देकर डीएम बोलीं सड़क सुरक्षा सिर्फ नियम नहीं, जीवन का अनुशासन**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी । उत्तर प्रदेश में स्मार्ट ड्राइविंग ट्रेनिंग का नक्शा आज बदल गया और इस बदलाव का केंद्र बना लखीमपुर खीरी। प्रदेश का 21वां जनपद होने का गौरव पाने वाले खीरी ने अब एक और उपलब्धि जोड़ ली है। जिले में अत्याधुनिक ल्लप्रत्यायन चालन प्रशिक्षण केंद्र (इक्ट्ठए)ङ्क की शुरुआत के साथ ही ड्राइविंग टेस्ट और प्रशिक्षण पूरी तरह तकनीक आधारित युग में प्रवेश कर गया।

जिले की ड्राइविंग दुनिया में मंगलवार का दिन ऐतिहासिक हो गया। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सीडीओ अभिषेक कुमार संग ल्लप्रत्यायन चालन प्रशिक्षण केन्द्र (इक्ट्ठए)ङ्क का लोकार्पण किया और शिलापट का अनावरण होते ही कार्यक्रम स्थल तालियों से गूंज उठा। यह केंद्र किसी आम ट्रेनिंग सेंटर जैसा नहीं, बल्कि अत्याधुनिक तकनीक से सजा ड्राइविंग का स्मार्ट गुरुकुल है। मौके पर एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, प्रशिक्षु आईएएस मनीषा धार्वे, एआरटीओ शांति भूषण पांडे और केंद्र के एमडी डॉ. कौशल कुमार वर्मा मौजूद रहे।

**टेक्नोलॉजी का 'ड्राइविंग स्कूल', जहाँ मशीनें तय करेंगी आपकी परफॉर्मेंस**

लोकार्पण के बाद डीएम ने अधिकारियों संग पूरे सेंटर का भ्रमण किया। सेंसर बेस्ड ट्रैक, सिमुलेटर मशीनें, ऑटोमेटेड टेस्टिंग सिस्टम सब देखकर डीएम ने केंद्र के संचालन की विस्तृत जानकारी ली और कहा कि इससे ड्राइविंग लाइसेंस प्रक्रिया में पारदर्शिता और तकनीकी दक्षता दोनों को नया आयाम मिलेगा।

**स्कूली बच्चों ने बाँधा समां, सड़क सुरक्षा का नाटक रहा आकर्षण का केंद्र**

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन से हुई।इसके बाद बच्चों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत और सड़क सुरक्षा पर आधारित शिक्षाप्रद नाटक प्रस्तुत किया। बच्चों की प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। डीएम ने महिलाओं, बालिकाओं और सफाई कर्मियों को निःशुल्क हेलमेट वितरित किए और कहा कि सड़क सुरक्षा कोई कागजी अध्याय नहीं, जीवन की दृढ़ प्रतिज्ञा है। एडीटीसी सुरक्षित ड्राइविंग संस्कृति को नई दिशा देगा।

# शिवपुरी गांव में अज्ञात कारणों से लगी आग, नकदी व बाइक जलकर राख



कैनविज टाइम्स संवाददाता

मैगलगंज खीरी। मैगलगंज कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत शिवपुरी गांव में शनिवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब छोटे लाल के मकान में अचानक अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते घर में रखा गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया।


इस हादसे में करीब 10 हजार रुपये नकद, घर का जरूरी सामान समेत एक बाइक भी आग की चपेट में आकर पूरी तरह जल गई।घटना के समय परिवार के सदस्यों ने आग की लपटें उठती देख शोर मचाया, जिसके बाद गांव के लोग मौके पर दौड़ पड़े और बाल्टी, पाइप व अन्य संसाधनों की मदद से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया, जिससे आग पड़ोस के मकानों तक फैलने से बच गई और एक बड़ा हादसा टल गया।परिवार का कहना है कि आग लगने का स्पष्ट कारण अभी पता नहीं चल सका है। आगजनी से प्रभावित परिवार अब खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर है और उनके सामने रोजमर्रा की जरूरतों का संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों ने संबंधित प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की है, ताकि वे दोबारा सामान्य जीवन शुरू कर सकें।

## रंग लाई सपा नेता शुभम रस्तोगी की मेहनत



बिसवां, सीतापुर। ग्राम पंचायत के बदहाल पड़े जिस मार्ग पर कुछ माह पूर्व सपा नेता शुभम रस्तोगी ने ग्रामीणों के साथ मिलकर धान रोपकर विरोध जताया था, अब उस सड़क पर शासन द्वारा खड़ंजा लगवाने का कार्य शुरू करा दिया गया है। लंबे समय से जर्जर हालत में पड़ी यह सड़क बरसात के दिनों में दलदल बन जाती थी, जिससे ग्रामीणों, किसानों और स्कूली बच्चों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था।सपा नेता शुभम रस्तोगी की शिकायत के बाद प्रशासन ने मामले का संज्ञान लिया और संबंधित विभाग को सड़क निर्माण की प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिए। इसी क्रम में मार्ग पर खड़ंजा बिछाने का कार्य शुरू होने से लोगों में खुशी की लहर है।खड़ंजा लगने के बाद अब इस मार्ग पर आवागमन सुगम हो गया है। खेतों तक पहुंचना आसान हुआ है और बढ़हरपुरवा से भिटमनी मार्ग के सुधार से आसपास के गांवों को भी लाभ मिलेगा।सपा नेता शुभम रस्तोगी ने प्रशासन का आभार जताते हुए कहा कि समय पर सड़क निर्माण होने से गांव का विकास भी तेजी से आगे बढ़ेगा।

## कंाग्रेसियों ने मनाया पूर्व सांसद सोनिया गांधी का 79 वां जन्मदिन



रायबरेली। ब्लॉक कंाग्रेस कार्यालय महराजगंज पर एक बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें रायबरेली की पूर्व सांसद सोनिया गांधी व राज्यसभा सांसद का 79वां जन्मदिन केक काटकर व मिठाई बांटकर बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। आपको बता दें कि,यह कार्यक्रम कंाग्रेस कार्यालय में महराजगंज ब्लॉक कंाग्रेस अध्यक्ष सच्चिदानंद त्रिपाठी की अध्यक्षता में मनाया गया।वही कार्यक्रम में मौजूद कंाग्रेस पार्टी के प्रदेश सचिव प्रदीप चौधरी व ब्लॉक अध्यक्ष सच्चिदानंद त्रिपाठी ने कहा कि पूर्व सांसद श्रीमती सोनिया गांधी के कार्यकाल में रायबरेली जिले सहित अनेक जगहों पर विकास की गंगा बही थी तथा आम जनमानस के अथक प्रयास हेतु कंाग्रेस पार्टी हमेशा समर्पित रहती है। इस मौके पर कंाग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव प्रदीप चौधरी, नगर अध्यक्ष अंकुर जायसवाल, मंडल अध्यक्ष गया प्रसाद चौरसिया, राजकरन सिंह, निषाद अहमद, हनुमान जायसवाल, रामचंद्र सिंह, दिनेश चंद्र शुक्ला, भरत मिश्रा, राजेश भारती, रजत चौधरी, प्रिंशू वैश्य, कमलेश कुशमेश, जगमोहन, मोहम्मद साहिल सहित दर्जनों कंाग्रेसी उपस्थित रहे।

# ई-रिक्शा से महिला का पर्स चोरी करने वाले दो युवक गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। थाना सदर बाजार पुलिस ने ई-रिक्शा से महिला का पर्स चोरी करने वाले दो युवकों को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से पुलिस टीम ने चोरी की गई लेडीज पर्स, दो मोबाइल, दो हजार रुपए नकद और चोरी में प्रयुक्त की गई स्कूटी भी बरामद की है।

बीती 07 दिसम्बर को थाना सदर बाजार क्षेत्र के मोहल्ला बीबीजई हद्दफ निवासी स्नेहित सक्सेना ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 06 दिसम्बर को उसकी मामी और मां शालिनी सक्सेना लाल इमली रोड स्थित सिंह मेडिकल स्टोर से मल्हार टाकीज जा रहीं थीं। उन्होंने मेडिकल स्टोर के पास से मल्हार टाकीज के लिए ई-रिक्शा किया और बैठ रहीं थीं, उन्होंने जैसे ही ई-रिक्शा पर अपना पर्स रखा, इसी दौरान स्कूटी सवार दो अज्ञात युवक माता का पर्स उठाकर भाग गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की और उनकी तलाश के लिए आसपास के सीसीटीवी कैमरों को चेक किया। जिसके आधार पर पुलिस ने आज मुखबिर की सूचना पर सुभाषनगर स्मार्ट रोड से निगोही जाने वाले मार्ग से दो युवकों को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से पुलिस टीम ने चोरी की गई लेडीज पर्स, दो मोबाइल, दो हजार रुपए नकद और चोरी में प्रयुक्त की गई स्कूटी भी बरामद की। पकड़े गए अभियुक्त थाना सदर बाजार क्षेत्र के मोहल्ला महमंद हद्दफ निवासी रचित शंखवार पुत्र विनोद शंखवार और मोहल्ला अलीजई निवासी रिजवान पुत्र सज्जाद अली हैं। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए दोनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया है।

# पीड़ित किसानों ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक से लगायी न्याय की गुहार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



धौरहरा, खीरी। तहसील धौरहरा क्षेत्र जे अंतर्गत आने वाले ग्राम जंगल सुजानपुर मे प्रधान ने कई किसानों की जमीन जोतकर अवैध कब्जा कर लिया है, जिसकी शिकायत किसानो ने तहसील मे उपजिलाधिकारी से की किन्तु अभी तक कोई कार्यवाही नही की गयी।

किसानों ने परेशान होकर शिकायती पत्र लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और जिलाधिकारी को शिकायती पत्र दिया तत्पश्चात किसानों ने पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगायी है। मामला जनपद खीरी के तहसील धौरहरा स्थित ग्राम जंगलपुर का है जहाँ किसानों ने बताया कि ग्राम प्रधान ने हमारी फसल को जोतकर जबरन खेत की मेड जोतकर अवैध कब्जा कर लिया है।अच्छेलाल पुत्र सोहनलाल,राधेश्याम पुत्र सोहनलाल,अफसर पुत्र सरीफ,उत्तम पुत्र हीरालाल,अवधराम पुत्र तुसली,जीमल पुत्र वसीर निवासी ग्राम कुरतहिया मजरा जंगल सुजानपुर तहसील धौरहरा ने बताया कि राजश्व मे हमारे नाम से गाटा संख्या 758,739,760,761,740,733,737,738 भूमि अभिलेख मे हमारे नाम पर दर्ज है जिस पर प्रधान ने किसानो कि फसल जोतकर अवैध कब्जा कर लिया है। किसानों ने बताया कि पूर्व मे खेत की पैमाइश को लेकर हम लोगो ने एकत्रित होकर तहसील मे प्रार्थना पत्र दिया जिसपर संज्ञान लेकर तहसीलदार ने टीम गठित करके मौके पर जाकर 15/07/2025 को किसानों को कब्जा दिलवाया गया था जिसका सहमति पत्रक भी किसानो के पास मौजूद है,उसके पश्चात किसान खेतों मे फसल बोकर काटते रहे किन्तु इस बार जब किसानों ने गेहूं व सरसों की फसल बोई तो किसानो के विपक्षी रहे ग्राम प्रधान रामदृश्य,रामप्रवेश, रामचंद्र पुत्रगण बीगन व भोला पुत्र रामदृश्य,व गुड्डू पुत्र पारसनाथ,खरपत्तु व भूरा पुत्र बाहिर,किशोरी पुत्र लालवचन, निवासी ग्राम मोटेबाबा मजरा रामनगर बगहा व हंसराज व वंशराज पुत्र बनबारी,सरवरन पुत्र सधारी निवासी रामापुर रेतिया ने 24.11.2025 को शाम के समय नाजायज हथियारों से लेस होकर 11 ट्रैक्टरों के साथ आये और दबंगई व गुंडई से जबरन खेतो को जोतकर अवैध कब्जा कर लिया।किसानो ने बताया कि जब उन्होंने इसका विरोध किया और ऐसा करने से रोका तो उन्हे जान से मारने की धमकी भी दी गयी।किसानो ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देते हुए कार्यवाही की मांग की है ।

## पुरासी के पांच दिवसीय मेले में रामलीला कमेटी के कलाकरों द्वारा धनुष यज्ञ और परशुराम-लक्ष्मण संवाद का मंचन

रायबरेली। महराजगंज विकासखंड क्षेत्र के पुरासी गांव स्थित बाबा श्री प्राणदास की कुटी में चल रहे पांच दिवसीय मेला के अन्तिम दिन गांव की ही श्रीराधा कृष्ण रामलीला कमेटी के कलाकरों द्वारा धनुष यज्ञ और परशुराम-लक्ष्मण संवाद का मंचन हुआ। रामलीला में भगवान श्रीराम की झांकी की आरती हुई। इसके बाद धनुष भंग की लीला का मंचन किया गया। सीता स्वयंवर के समय दूर-दूर से आए बड़े-बड़े राजा महाराजा जब शिवजी का विशाल धनुष नहीं तोड़ पाए तो राजा जनक क्रोध में आकर विलाप करने लगते हैं। विलाप देखकर लक्ष्मण जी क्रोधित हो जाते हैं। तभी भगवान श्री राम गुरु विश्वामित्र की आज्ञा पाकर धनुष भंग कर देते हैं, तब राजा जनक के चेहरे में खुशी की लहर दौड़ जाती है। वहीं दूसरी ओर धनुष टूटने पर भगवान परशुराम ने सीता स्वयंवर सभा में आकर क्रोध प्रकट करते हैं।

## दुपट्टे के फंदे से लटका शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला

रायबरेली। नरई गांव में 17 वर्षीय दशवीं की छात्रा का घर के कमरे में हुक के सहारे दुपट्टे के फंदे से लटका शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मंगलवार को कोतवाली क्षेत्र के नरई मजरे बावन बुजुर्ग बल्ला गांव निवासी दीपक गोस्वामी की पुत्री हिमांशी 17 वर्ष कस्बे के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की कक्षा 10 की छात्रा है । मंगलवार को दीपक व उनकी पत्नी किसी काम से रायबरेली गए थे। घर में हिमांशी अकेली थी। करीब तीन बजे घर लौटे परिजनों ने कमरे के अंदर दुपट्टे के फंदे से लटका बेटी हिमांशी का शव देखा तो आवाक रह गए । घबराए परिजनों ने आनन-फानन घटना की सूचना डायल 112 पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस व फारेंसिक टीम ने घटना के सम्बन्ध में जांच कर साक्ष्य इकट्ठे करते हुए हत्या या आत्महत्या की जांच शुरू कर दी है।

# सराफा व्यापारी से लूट का नहीं हो सका खुलासा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**थाना क्षेत्र के बगिया के पास बदमाशों ने स्कूटी के आगे बाइक लगाकर उन्हें रोक लिया ओर तमंचा दिखाकर बैग छीन ले गए**

बदायूं। चार दिन बाद भी पुलिस सराफ से हुई लूट का खुलासा नहीं कर सकी है। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट तो दर्ज कर ली है, लेकिन अब तक उनके बारे में कोई जानकारी हासिल नहीं हुई है। पुलिस दो सौ से अधिक सीसी कैमरों की फुटेज भी खंगाल चुकी है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सुनार वाली गली निवासी सराफा व्यापारी ने बताया कि उसकी दुकान मूसाझाग थाना क्षेत्र के कस्बा गुलड़िया में है। वह रोज की तरह ही शुक्रवार की शाम दुकान बंद करके बाइक से घर लौट रहे थे। थाना क्षेत्र के बगिया के पास बदमाशों ने स्कूटी के आगे बाइक लगाकर उन्हें रोक लिया ओर तमंचा दिखाकर बैग छीन ले गए। बैग में 25 से 30 हजार रुपये व 10 से 15 ग्राम सोना था। पुलिस ने बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी। एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि थाना पुलिस लगातार बदमाशों की पहचान व घटना के खुलासे को लेकर काम कर रही है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा। वहीं सर्राफ से छीनी गई चेन बरामद कराने की मांग, ज्वैलर्स एसोसिएशन ने एसएसपी से मुलाकात में सर्राफा कारोबारी की दुकान से सोने की तीन चेन लेकर भागे शातिर के आत्मसमर्पण के बाद सोमवार को ज्वैलर्स एसोसिएशन के सदस्यों ने एसएसपी से भेंट की। उन्होंने आरोपी को रिमांड पर लेकर चोरी की गई चेन बरामद कराने की मांग की है।

पीड़ित व्यापारी मोहित गुप्ता के साथ ज्वैलर्स एसोसिएशन के हरिकिशन वर्मा, आकाश वर्मा, नितिन कुमार वर्मा, प्रांजल गुप्ता, गर्वित वैश्य, महेश चंद्र गुप्ता, सुशांत रस्तोगी और अजय कुमार सहित एक दर्जन से अधिक सदस्य एसएसपी कार्यालय पहुंचे। व्यापारियों ने एसएसपी को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें आरोपी को रिमांड पर लेकर तीनों चोरी की गई चेन बरामद करने का आग्रह किया गया।एसोसिएशन ने यह भी मांग की है कि आरोपी से पूछताछ कर यह पता लगाया जाए कि उसने पूर्व में अन्य किन-किन जगहों पर ऐसी घटनाओं को अंजाम दिया है। व्यापारियों ने सदर कोतवाली पुलिस के प्रयासों की सराहना भी की। वरिष्ठ सर्राफा व्यवसायी हरिकिशन वर्मा ने बताया कि पुलिस के लगातार दबाव के कारण ही आरोपी ने कोर्ट में आत्मसमर्पण किया है। एसएसपी ने व्यापारियों को इस मामले में जल्द ही उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। बताते चलें कि 10 दिन पहले सर्राफा कारोबारी मोहित गुप्ता की दुकान से शातिर युवक सोने की तीन चेन लेकर भागा था।

### बदायूं पुलिस को प्रदेश में मिला पहला स्थान

बदायूं। मुख्यमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापरक निस्तारण में बदायूं पुलिस ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पूरे उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। शासन द्वारा नवंबर-2025 के लिए किए गए मूल्यांकन में जनपद बदायूं ने अधिकतम 135 में से पूर्ण 135 अंक अर्जित कर प्रदेश के सभी 75 जनपदों को पीछे छोड़ दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. बृजेश कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद के 22 थानों द्वारा जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त संदर्भों का समयबद्ध, प्रभावी एवं पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित किया गया, जिसके आधार पर पुलिस विभाग की राज्यस्तरीय रैंकिंग में बदायूं प्रथम स्थान पर रहा।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने जनपद को मिली उपलब्धि पर नोडल अधिकारी पुलिस अधीक्षक नगर विजयेन्द्र द्विवेदी, प्रभारी आईजीआरएस निरीक्षक ऋषिपाल सिंह, निरीक्षक अशोक कुमार कंबोज तथा यूनिट की सराहना करते हुए उन्हें नकद पुरस्कार से सम्मानित किया।

# बीजेपी ने एसआईआर प्रदेश के लोगों पर अनावश्यक थोपा : सांसद जावेद अली खान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**प्रदेश की सत्तारूढ़ पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि ऐसी कौन सी आने वाली आफत और वजह है कि सरकार ने एसआईआर को विशेष और गहन बताया है**

शिकारपुर। राज्यसभा सांसद जावेद अली खान ने कहा है कि भाजपा ने गैर जिम्मेदाराना तरीके से उत्तर प्रदेश के लोगों पर एसआईआर थोपा है, क्योंकि इसकी कोई आवश्यकता नहीं थी। पहले भी मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य मतदान से पहले या मतदान होने के समय पर भी होता था और इस बारे में लोगों को पता भी नहीं चलता था। गांव में विवाह होकर आने वाली महिलाओं के नाम आसानी से जुड़ जाते थे।

मंगलवार को शिकारपुर के सन वैली लॉज में समाजवादी पार्टी की समीक्षा बैठक गहन पुनरीक्षण बीएलए/ एसआईआर अभियान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बतौर राज्यसभा सांसद जावेद अली खान ने प्रदेश की सत्तारूढ़ पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि ऐसी कौन सी आने वाली आफत और वजह है कि सरकार ने एसआईआर को विशेष और गहन बताया है। इसकी वजह का जवाब भी चुनाव आयोग ने नहीं दिया। सूबे के मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश के हर डीएम को डिटेंशन कैंप बनवाने के दिए गए निर्देश पर राज्यसभा सांसद ने कहा कि सरकार ने नोटबंदी के दौरान देश के लोगों को परेशान करने के बाद काले धन को कब्जे में लेने की बात कही थी लेकिन सच तो यह है कि एक फूटी कौड़ी भी काले धन के रूप में कब्जे में नहीं ली गई। इसी प्रकार एसआईआर में बिहार में कोई भी विदेशी या घुसपैठिया नहीं मिला। इसी प्रकार उत्तर प्रदेश में कोई भी विदेशी या घुसपैठिया नहीं मिलेगा। खुर्जा, बुलंदशहर और शिकारपुर में कोई विदेशी नहीं बसा हुआ है। बुलंदशहर की सीमा से पाकिस्तान और बांग्लादेश के बॉर्डर नहीं मिलते, इसलिए यहां घुसपैठियों की कोई समस्या ही नहीं है। राज्यसभा सांसद जावेद अली खान ने कहा कि पार्टी द्वारा उन्हें बुलंदशहर के प्रत्येक विधानसभा सीट पर जाकर एसआईआर पर कार्यकर्ताओं द्वारा की जा रही कार्रवाई को प्रदेश कार्यालय में रिपोर्ट करने को निर्देशित किया गया है। उन्होंने बड़े बेबाक ढंग से कहा कि बुलंदशहर में समाजवादी पार्टी की हालत संतोषजनक नहीं है। पार्टी की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को पूरी ताकत झोंकनी होगी। बैठक में बीएलए की काफी कम संख्या होने पर नाराजगी जताते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि वह उन्हें कार्य करने के लिए उत्साहित करें, जिससे वह अपने काम को अंजाम तक पहुंचा सकें। पार्टी के राज्य कार्यकारिणी सदस्य व पूर्व विधायक महेंद्र कुमार वाल्मीकि ने कहा कि एसआईआर का काम सही तरीके से कराने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को कमर कसनी होगी। क्योंकि सत्तारूढ़ पार्टी के इशारे पर गलत तरीके से उनके मतदाताओं के नाम काटे जा सकते हैं। प्रत्येक कार्यकर्ता अपने बूथ के प्रत्येक मतदाता के नाम का ध्यान रखे। समीक्षा बैठक में जिलाध्यक्ष मतलुब अली, पूर्व ब्लाक प्रमुख पिंटू चौधरी, संदीप राघव, हाजी अख्तर, मनीष शर्मा, राजकुमार बघेल आदि ने विचार रखे। अध्यक्षता उदयवीर सिंह ने की और संचालन पार्टी के नगर अध्यक्ष मोहम्मद गाजी ने किया।

# सिल्वर स्टोन पब्लिक स्कूल बहजोई के कक्षा 6 से 9 के 200 छात्रों द्वारा कलक्ट्रेट संभल में किया शैक्षिक भ्रमण

कैनविज टाइम्स संवाददाता


सम्भल, बहजोई। सिल्वर स्टोन पब्लिक स्कूल बहजोई के कक्षा 6 से 9 तक के लगभग 200 छात्रों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित एक विशेष शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान छात्रों ने जिला प्रशासन के विभिन्न कार्यालयों का अवलोकन कर सरकारी कार्यप्रणाली को प्रत्यक्ष रूप से समझने का अवसर प्राप्त किया।

भ्रमण के अंतर्गत छात्रों ने डीएम कार्यालय, एसपी कार्यालय, एनआईसी, डीपीएमयू, डीपीओ, सीडीओ कार्यालय सहित कई महत्वपूर्ण विभागों का दौरा किया।अधिकारियों ने बच्चों को विभागों में होने वाले कार्य, फाइल प्रबंधन, डिजिटल सेवाओं और जनकल्याण योजनाओं के संचालन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। भ्रमण का मुख्य आकर्षण कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया से हुई विशेष मुलाकात रही। जिलाधिकारी ने छात्रों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि वे जीवन में कर्मयोगी बनें, अपने भीतर निरंतर सुधार लाएँ और सदैव अनुशासन व ईमानदारी को अपनाएँ– इन्हीं गुणों से वे भविष्य में बड़ी सफलता प्राप्त कर सकेंगे। जिलाधिकारी ने छात्रों से कहा कि घर का भोजन करना चाहिए तथा फास्ट फूड से बचना चाहिए। मन पर विजय प्राप्त करके ही अपने लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।जिलाधिकारी ने छात्रों से अपील की कि प्लास्टिक डिस्पोजल का प्रयोग न करने को लेकर लोगों को जागरूक करें।

छात्रों ने अधिकारियों से कई प्रश्न पूछे और प्रशासनिक व्यवस्था, कानून-व्यवस्था, डिजिटल भारत परियोजनाओं तथा योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियाँ हासिल कीं।

विद्यालय प्रबंधन ने इस शैक्षिक भ्रमण को छात्रों के समग्र विकास हेतु अत्यंत उपयोगी बताया। प्रधानाचार्य ने कहा कि ऐसे भ्रमण से छात्रों में नेतृत्व क्षमता, प्रशासनिक समझ और सामाजिक जागरूकता बढ़ती है।

# घाटमपुर तापीय विद्युत परियोजना की यूनिट-2 का व्यावसायिक संचालन 9 दिसंबर से आरम्भ



कैनविज टाइम्स संवाददाता

हमीरपुर। प्रदेश की बिजली व्यवस्था के लिए मंगलवार का दिन एक महत्वपूर्ण उपलब्धि लेकर आया। घाटमपुर तापीय विद्युत परियोजना की यूनिट 2 (660 मेगावाट) का व्यावसायिक संचालन 9 दिसंबर 2025 से आरम्भ हो गया है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम और भारत सरकार की कंपनी गख्रए इंडिया लिमिटेड के संयुक्त उपक्रम से बनी इस परियोजना के दूसरे चरण में उत्पादन शुरू होते ही कुल परिचालित क्षमता बढ़कर 1,320 मेगावाट हो गई है।

ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने राज्यवासियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि प्रदेश की ऊर्जा आत्मनिर्भरता को एक नई दिशा देगी। उन्होंने बताया कि हाल के वर्षों में राज्य के तापीय उत्पादन में 5,280 मेगावाट की वृद्धि दर्ज की गई है, जिससे प्रदेश की स्वयं की ऊर्जा उपलब्धि लगभग दोगुनी हो गई है। उनके अनुसार यह प्रगति न केवल औद्योगिक विस्तार को नई गति देगी बल्कि उपभोक्ताओं को स्थिर एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करेगी।ऊर्जा मंत्री ने इसे प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में संभव हुई ऐतिहासिक प्रगति बताते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि घाटमपुर परियोजना का पूरा संचालन उत्तर प्रदेश के ऊर्जा क्षेत्र को मजबूती प्रदान करेगा और आने वाले वर्षों में यह प्रदेश को लगातार विश्वसनीय ऊर्जा उपलब्धता देने में बड़ा आधार बनेगा।

### पिस्टल चोरी प्रकरण : पिस्टल संग चोर दो भाई गिरफ्तार

शिकारपुर। तीन दिन पूर्व एक वैवाहिक कार्यक्रम में नाचते हुए एक व्यक्ति की कमर में लगी लाइसेंसी पिस्टल के चुराने के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए पिस्टल के साथ दो चोर सगे भाईयों को गिरफ्तार किया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक चंदगीराम और अपराध निरीक्षक वीरेंद्र कुमार ने बताया कि गत 4 दिसंबर को खुर्जा के मोहल्ला राधा कृष्ण निवासी विशाल कौशिक की साई धाम मंदिर के पास चढ़त में नाचने के दौरान कमर में लगी पिस्टल अज्ञात व्यक्ति द्वारा चुरा ली गई थी। वह पास में स्थित विनायक रिसोर्ट में अपने दोस्त की शादी में शामिल हुआ था। अपराध निरीक्षक वीरेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस ने बरातियों द्वारा बनाई गईं एक सौ से अधिक वीडियो व तीन दर्जन से अधिक सीसीटीवी कैमरों की खाक छानने के बाद दो सगे भाइयों शीलेंद्र व सुनील पुत्र हरवीर सिंह की शिनाख्त की। जिनके द्वारा बारात चढ़त के दौरान नाचते समय पिस्टल चोरी करना पाया गया। जिसके बाद दोनों भाईयों को उनके घर खुर्जा स्थित मोहल्ला प्रीत विहार से चोरी की गई लाइसेंसी पिस्टल के साथ गिरफ्तार कर लिया गया ।

### बिल्सी थाना प्रभारी पर गंभीर आरोप, भाकियू जिलाध्यक्ष ने एसएसपी को सौंपा ज्ञापन

बदायूं। भारतीय किसान यूनियन (भाकियू-भानू) के जिलाध्यक्ष अतुल तोमर ने बिल्सी थाना प्रभारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए मंगलवार को एसएसपी को ज्ञापन सौंपा। अतुल तोमर ने आरोप लगाया कि थाना प्रभारी बिल्सी द्वारा झूठी रिपोर्ट दर्ज कर गरीब किसान के बेटे नितिन यादव को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है।

### बेटे की ससुराल में समझौता कराने पहुंचे परिजनों पर फायरिंग, महिला को लगी गोली

बदायूं। बगरैन कस्बे में गांव करकटपुर निवासी आशुतोष के परिजनों पर ससुराल पक्ष ने फायरिंग कर दी। गोली लगने से उसकी मां प्रवेश देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया गया कि आशुतोष का ससुरालवालों से विवाद चल रहा था। परिजन मंगलवार को समझौता कराने पहुंचे थे। इसी दौरान यह घटना हो गई। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

### वक़्फ़ संपत्ति रजिस्ट्रेशन की समय सीमा बढ़ाने के लिए शोबी ने दिया ज्ञापन

बदायूँ। फखरे अहमद शोबी ने ज़िला अल्संख्यक कल्याण अधिकारी के द्वारा उत्तर प्रदेश वक़्फ़ बोर्ड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी के नाम एक ज्ञापन जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी को दिया। जिसमें वक़्फ़ संपत्ति रजिस्ट्रेशन के लिए उम्मीद पोर्टल की तारीख बढ़ाने के लिए कहा गया। जिसमें यह भी हवाला दिया गया कि कई प्रदेशों में अपने वक़्फ़ बोर्ड के कार्यपालक अधिकारियों ने वक़्फ़ न्यायाधिकरण में जाकर अपील की रजिस्ट्रेशन की तारीख बढ़ना चाहिए जिस पर वक़्फ़ न्यायाधिकरण ने विचार करने उपरांत छः महीने की समय अवधि बढ़ा दी जिसमें गुजरात, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश मुख्य रूप से शामिल है। फखरे अहमद शोबी ने बताया कि उत्तर प्रदेश वक़्फ़ न्यायाधिकरण ने पिछले दिनों एक फैसला किया था कि वही लोग अपील कर सकते हैं जिन लोगों का उम्मीद पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन है और व्यक्तिगत हर इंसान को न्यायाधिकरण जाना पड़ेगा जो पूरी तरह गैर कानूनी है जबकि वक़्फ़ न्यायाधिकरण को समय सीमा बढ़ाने का पूरा अधिकार है हमारी अपील है कि वक़्फ़ बोर्ड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी को न्यायाधिकरण में जाकर रजिस्ट्रेशन के लिए समय सीमा बढ़ाने की याचिका दायर करना चाहिए जिससे उत्तर प्रदेश के समस्त मुतावल्ली को प्रदेश के चक्कर न लगाने पड़े।

### विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के साक्षात्कार

बदायूँ। जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र के उपायुक्त उद्योग अशोक कुमार उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में जनपद के पारम्परिक कारीगरों जैसे बढ़ई, नाई, कुम्हार, सुनार, राजमिस्त्री एवं मोची ट्रेड में 10 दिवसीय प्रशिक्षण एवं टूलकिट वितरण हेतु जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, बदायूँ में आनलाईन आवेदन किया हो एवं आवेदनकर्ता अथवा उसके परिवार के किसी भी सदस्य ने पूर्व में इस योजना में टूलकिट व मानदेय का लाभ नहीं लिया हो। उन्होंने बताया कि ऐसे अभ्यर्थियों के साक्षात्कार 10 दिसम्बर 2025 को जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, आंवला रोड सालारपुर बदायूँ में अपरान्ह 11.00 बजे से आयोजित किये जायेगें। सभी अभ्यर्थी/आवेदक आवेदन पत्र में अपलोड किये गये अपने मूल प्रमाण पत्रों के साथ होने वाले साक्षात्कार में प्रतिभाग करें।

### बरेली-आगरा रोड पर गिरा पेंड़, दो घंटे तक बाधित रहा आवा गमन

बदायूं। बरेली-आगरा हाइवे पर गांव रसूलपुर के पास मंगलवार सुबह अचानक एक पेड़ सड़क पर गिर गया। पेड़ गिरने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना पर पहुंची पुलिस और स्थानीय प्रशासन ने करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद पेड़ को हटवाकर यातायात बहाल कराया।

### मंडल रेल प्रबंधक के निर्देशन में चला अघन टिकट चेकिंग अभियान

वाराणसी। मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन के निर्देशन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक शेख रहमान के नेतृत्व में आज 09 दिसम्बर,2025 मंगलवार को वाराणसी मंडल के बनारस स्टेशन को आधार बनाकर बनारस-प्रयागराज रामबाग एवं बनारस-मऊ रेल खण्ड पर अघन टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान उक्त रेल खण्ड पर चलने वाली 15014 इंटरसिटी एक्सप्रेस,12561/62 स्वतंत्रा सेनानी एक्सप्रेस,14006 लिक्ष्वी एक्सप्रेस,15018 काशीदादर एक्सप्रेस,12168 बनारस-लोकमान्य तिलक टर्मिनल सुपरफ़ास्ट एक्सप्रेस सहित विभिन्न सवारी गाड़ियों में किलाबन्दी कर सघन टिकट चेकिंग की गई है।इस टिकट जांच अभियान टीम के टिकट जाँच दल में 14 टिकट जाँच कर्मचारियों एवं 11 रेलवे सुरक्षा बल के जवानों के सहयोग से सघन टिकट जांच किया गया और बिना टिकट यात्रा एवं अनियमित टिकट पर यात्रा करने वाले कुल 645 यात्रियों को पकड़ा गया और उनसे रेल राजस्व के रूप में रु 371650 (तीन लाख इकहत्तर हजार छः सौ चालीस पचास रूपये) जुर्माना वसूलने के बाद छोड़ा दिया गया । उक्त सघन टिकट जाँच अभियान के दौरान उक्त रेल खण्ड के स्टेशनों के टिकट काउंटरों पर टिकट लेने के लिए लम्बी कतार लग गई थी।

# आज बदायूँ आएंगे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का 10 दिसंबर यानी आज बदायूं दौरा प्रस्तावित है। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि उपमुख्यमंत्री का यह दौरा जिले की एसआईआर प्रगति समीक्षा, विकास कार्यों की समीक्षा तथा संगठन से जुड़ी बैठकों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

भाजपा जिलाध्यक्ष के अनुसार डिप्टी सीएम सबसे पहले बदायूं पहुंचकर दीनदयाल पुरम पहुँच पार्टी कार्यालय में जिला कार्यकारिणी पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद वह पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाक़ात कर संगठन को मज़बूत करने संबंधी निर्देश देंगे। तदोपरांत अधिकारियों के साथ विकासशील एवंनिर्माणाधीन परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करेंगे, जिसमें चल रही विकास परियोजनाओं, सड़क निर्माण, कानून-व्यवस्था तथा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। अंत में वे क्षेत्रीय अध्यक्ष ब्रजप्रान्त दुर्विजय सिंह की भतीजी की भतीजी के विवाह समारोह में शामिल होंगे उन्होंने बताया कि डिप्टी सीएम का दौरा जनसमस्याओं के त्वरित समाधान एवं क्षेत्र के विकास में नई गति प्रदान करेगा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता इस महत्वपूर्ण दौरे की तैयारियों में जुटे हुए हैं। जिले भर में उपमुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासन व संगठन दोनों स्तर पर हलचल तेज़ हो गई है।

### बाइक सवार युवक की दीवार से टकराकर मौत

बदायूँ। अढौली रेलवे फाटक के निकट कल सुबह तड़के एक बाइक सवार युवक की दीवार से टकराने पर मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान 31 वर्षीय आर्येंद्र यादव पुत्र अमर सिंह निवासी रसूला, थाना मुजरिया के रूप में हुई है। आर्येंद्र करीब चार साल से उझानी के गौतमपुरी की लक्ष्मी नगर कॉलोनी में बच्चों को पढ़ाने के लिए रह रहे थे। जानकारी के अनुसार सुबह लगभग 4 बजे उनकी बाइक अनियंत्रित होकर दीवार से टकरा गई। घटना की सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को अस्पताल पहुंचाया और पहचान होने पर परिजनों को हादसे की जानकारी दी। मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

# अवैध क्लिनिकों को बहाल कराने के लिए दलाल सक्रिय संचालकों को नया नाम और रजिस्ट्रेशन की दे रहे सलाह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। कस्बा बिनावर में अवैध अस्पताल और क्लिनिकों का 'नाम बदलो, काम जारी रखो' यह खेल बदसूरत जारी है पूर्व में क्लीनिक बिनावर में चलता था जहां एक मरीज की मौत हो गई थी उसके बाद नेहा साहू ने नए नाम से दियोरिजीत रोड़ मलगाव में क्लिनिक खोल रखा है। जहां बिना डॉक्टर, पैरामेडिकल बिना रजिस्ट्रेशन के डीएनसी डिलीवर हो रही है। यह सब खेल बिना विभागीय स्थानीय अधिकारियों के संरक्षण के बिना संभव नहीं है यही संचालकों को सलाह देते हैं कि नया नाम रखकर, नया स्थान बदलकर और पहले की तरह काम जारी रखो। जिले में सील होने के बाद अस्पतालों का चालू हो जाना स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा हो रहा है। बिनावर के आसपास में अवैध एक दर्जन से अधिक प्रसव केंद्र चल रहे हैं। प्रसूताओं की जि?दगी से खिलवाड़ कर रहे है अवैध क्लीनिक,अस्पताल सील होने के बाद भी नाम बदलकर धड़ल्ले से संचालित हो रहे है जिनपर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। नेहा साहू दियोरिजीत रोड़ मलगांव , मिथिलेश शर्मा उर्फ रजनीश शर्मा पत्नी सोनपाल शर्मा पंचायत वाली गली मोहम्मदपुर रोड बिनावर, अनीता मोहम्मदपुर रोड,गुड़िया थाने के पास, पुष्पा थाने के पास, दीक्षा भागीरथी स्टेट बैंक के सामने वाली गली में ,सपना शर्मा बिलहट रोड,ममता गोयल बिलहट रोड, नजमा नई बस्ती बिनावर में प्रसव केंद्र अवैध रूप से संचालित हो रहे हैं। सीएमओ डॉ रामेश्वर मिश्र ने बताया कि जहां भी प्रसव केंद्र अवैध रूप से संचालित हो रहे हैं उन पर कार्रवाई की जाएगी।

# रेंजर्स शिविर के दूसरे दिन छात्राओं ने किया उत्साहपूर्वक प्रतिभाग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**शिविर में रेंजर्स प्रशिक्षक मोहम्मद असरार ने छात्राओं को शिविर की स्थापना, अनुशासन, टीमवर्क तथा सेवा कार्यों के महत्व संबंधी उपयोगी जानकारियाँ प्रदान कीं**

बदायूँ। गिन्दो देवी महिला महाविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय रेंजर्स शिविर के द्वितीय दिवस की गतिविधियाँ प्राचार्या डॉ. सरला चक्रवर्ती के सफल नेतृत्व एवं निर्देशन में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुईं। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत ध्वजारोहण के साथ किया गया।

शिविर में रेंजर्स प्रशिक्षक मोहम्मद असरार ने छात्राओं को शिविर की स्थापना, अनुशासन, टीमवर्क तथा सेवा कार्यों के महत्व संबंधी उपयोगी जानकारियाँ प्रदान कीं। विभिन्न रेंजर्स गतिविधियों के माध्यम से उन्होंने नेतृत्व क्षमता, सामाजिक उत्तरदायित्व और चरित्र निर्माण पर विशेष जोर दिया। दिवस भर चली गतिविधियों के दौरान छात्राओं ने उत्साहपूर्वक ड्रिल, प्राथमिक उपचार, टीम वर्क तथा सामूहिक दायित्वों से जुड़े अभ्यासों में भाग लिया। इन गतिविधियों का उद्देश्य छात्राओं में आत्मविश्वास, सामूहिकता और सेवा भाव को बढ़ाना रहा। कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्राचार्या डॉ. सरला चक्रवर्ती ने रेंजर्स को संबोधित करते हुए कहा कि ल्लरेंजरिंग केवल एक प्रशिक्षण नहीं, बल्कि एक अनुशासित जीवन पद्धति है, जो हमें समाज सेवा, नेतृत्व, सहयोग एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है।ङ्क इस अवसर पर रेंजर्स प्रभारी शालू गुप्ता तथा सह-प्रभारी शिल्पी शर्मा ने उपस्थित रहकर छात्राओं का उत्साहवर्धन किया एवं आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय का समस्त परिवार उपस्थित रहा।

# नगर विकास एवं ऊर्ज़ा मंत्री ने किया रोहनिया विद्युत उपकेंद्र पर आयोजित बिजली बिल राहत योजना शिविर का निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। नगर विकास एवं ऊर्ज़ा मंत्री श्री ए. के. शर्मा ने अपने वाराणसी प्रवास के दौरान रोहनिया स्थित विद्युत उपकेंद्र पर आयोजित बिजली बिल राहत योजना शिविर का निरीक्षण किया। शिविर में भारी संख्या में उपभोक्ताओं की भीड़ रही।उपभोक्ताओं की उपस्थिति यह दर्शाती है कि प्रदेश सरकार की यह ऐतिहासिक योजना जनता के बीच तेजी से विश्वास और लोकप्रियता बना रही है।



आज के शिविर में कुल 173 उपभोक्ताओं ने रजिस्ट्रेशन कराया, जो उपभोक्ता हित में चल रही इस योजना की सफलता का महत्वपूर्ण संकेत है।निरीक्षण के दौरान मंत्री श्री शर्मा ने उपस्थित उपभोक्ताओं से संवाद करते हुए बताया कि मा. प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन एवं मा. मुख्यमंत्रीजी के नेतृत्व में शुरू की गई यह योजना उन लाखों परिवारों के लिए बड़ी राहत है, जिन पर वर्षों से बिजली बिल का भारी बोझ था। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि उपभोक्ता बिना किसी परेशानी के अपने बकाया का निपटारा कर सकें और आगे नियमित एवं सरल बिलिंग व्यवस्था का लाभ प्राप्त कर सकें।ऊर्ज़ा मंत्री ने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपने बकाया बिलों को इस अवसर का उपयोग कर समाधान करें। उन्होंने बताया कि सरकार ने प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी, सरल और जनसुलभ बनाया है, ताकि हर पात्र उपभोक्ता तक यह सुविधा आसानी से पहुंचे। उन्होंने बताया कि योजना का प्रथम चरण 31 दिसंबर तक है इसमें रजिस्ट्रेशन करने वाले उपभोक्ताओं को ब्याज में 100 प्रतिशत और मूलधन में 25 प्रतिशत तक का लाभ मिलेगा।इसी क्रम में उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे गांव-गांव जाकर जागरूकता अभियान चलाएं, शिविरों की संख्या बढ़ाएं और यह सुनिश्चित करें कि किसी भी पात्र उपभोक्ता को जानकारी के अभाव में योजना से वंचित न होना पड़े। उन्होंने यह भी कहा कि जनता के हित में लगाए जा रहे इन शिविरों की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी, ताकि सेवाएं समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण बनी रहें।श्री शर्मा ने यह भी उल्लेख किया कि बिजली बिल राहत योजना न केवल उपभोक्ताओं को वित्तीय राहत दे रही है, बल्कि प्रदेश के ऊर्ज़ा क्षेत्र में पारदर्शिता, विश्वास और सुव्यवस्थित प्रबंधन के नए आयाम भी स्थापित कर रही है। उन्होंने कहा कि जनता की बढ़ती भागीदारी यह प्रमाण है।

# मुनीम हत्याकांड का खुलासा तीन गिरफ्तार

**आरोपियों ने नौकरी से निकालने की धमकी और अपमानित होने के साथ - साथ 11 लाख रुपये हड़पने की योजना के चलते वारदात को अंजाम दिया था**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले की छपिया पुलिस ने सबरापुर गांव में हुए 40 वर्षीय भट्टे के मुनीम राम सजीवन वर्मा हत्याकांड का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों सचिन, बृजेश कुमार और महाजन गुप्ता को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों ने नौकरी से निकालने की धमकी और अपमानित होने के साथ - साथ 11 लाख रुपये हड़पने की योजना के चलते वारदात को अंजाम दिया था। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के कब्जे से घटना में इस्तेमाल की गई एक मोट र साइकिल और एक बांका बरामद हुआ है। पु लिस ने पांच दिन के भीतर इस हत्याकांड का पर्दाफाश किया है।पूछताछ के दौरान आरोपी सचिन ने बताया कि वह पवन ब्रिक्स फील्ड स बरापुर में ट्रैक्टर चालक है।मुनीम राम सजीवन वर्मा द्वारा उसे बार-बार अपमानित किया जाता था और नौकरी से निकालने की धमकी दी जा ती थी, जिससे वह परेशान था।घटना से 8 -10 दिन पहले भट्टा मालिक काशीराम वर्मा ने जमी न बेचकर मुनीम को 11 लाख रुपये दिए थे। इसकी जानकारी होने पर सचिन ने अपने अप मान का बदला लेने, मुनीम को रास्ते से हटाने और 11 लाख रुपये हड़पने की नीयत से बृजे श और महाजन गुप्ता के साथ मिलकर हत्या की योजना बनाई।बीते चार नवंबर की रात स चिन अपने साथी बृजेश कुमार और महाजन गुप्ता के साथ बभनान गया और वहां से एक लोहे का बांका खरीदा।इसके बाद वे महाजन की मोटरसाइकिल से भट्टे के पीछे वाले रास्ते से ऑफिस पहुंचे।उन्होंने मोटरसाइकिल को झाड़ियों में छिपा दिया और पैदल ही ऑफिस तक गए, क्योंकि उन्हें पहले से ही रास्ते और ऑफिस की जानकारी थी।कि मुनीम रामसजी वन वर्मा किस तख्त पर सोता है और योजना के तहत राम सजीवन के दोनों हाथ दबा लिए बृजेश ने पैर पकड़ लिए और महाजन गुप्ता ने ताबड़तोड़ बाकी से सिर पर चेहरे पर गर्दन पर वार कर दिया।जिससे मुनीम राम सजीवन वर्मा तख्त से नीचे गिर गया मुनीम द्वारा शोर मचाने का प्रयास किया गया तो यह तीनों लोग घबरा गए और बिना कोई रुपए और सामान लिए हड़ बड़ी में पीछे के रास्ते से बाउंड्री फांदकर करके आगे निकले और नहर की सूखी झाड़ियां में बा की को छुपा कर फरार हो गए थे।

घटना को अं जाम देने स पहले आरोपियों द्वारा लाइट के ता र को कांट दिए थे ताकि अंधेरा रहे और ये लोग हत्याकांड को अंजाम दे सकें।घटना की कुछ दिन पूर्व आरोपी बृजेश को मृतक मुनीम ने नौ करी से निकाल दिया था जो तीन साल से काम करता था। इस बात को लेकर के भी वह लगा तार नाराज चल रहा था।इस पूरी घटना का खु लासा करने वाली पांच पुलिस टीमों को दस ह जार रुपए का इनाम भी दिया गया है।आरोपी बृजेश कुमार दो साल पहले एक लड़की को भ गा ले जाने के आरोप में जेल गया था और जेल से छूट करके आया है।वहीं गोंडा पुलिस अधी क्षक विनीत जायसवाल ने इस पूरे हत्याकांड का खुलासा करते हुए बताया कि तीनो आरो पियों को गिरफ्तार किया गया है।

# तरबगंज पुलिस ने ब्लाइण्ड मर्डर की घटना में शामिल वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधी क्षक पश्चिमी राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण व क्षे त्राधिकारी तरबगंज उमेश्वर प्रभात सिंह के नेतृत्व में थाना तरबगंज पुलिस ने ब्लाइण्ड मर्डर की घटना में सलिप्त वांछित अभियुक्त अखिलेश उर्फ मुस्कान पुत्र अरूण कुमार निवासी सेमरा मुस्तहकम थाना दुबौलिया जनपद बस्ती को धौरहराघाट से गौहानी जाने वाले रास्ते से गिर फ्तार कर लिया गया।

बताते हैं की तरबगंज पु लिस को ग्राम प्रधान बनगाँव श्री मंजीत सिंह द्वारा सूचना दी गई कि ग्राम सिक्रेटरीपुरवा व कंचनपुर के बीच पीडी बन्धा सड़क के किनारे बाई तरफ एक अज्ञात महिला का शव पड़ा है। इस सूचना पर तत्काल उच्चाधिकारियों द्वारा स्थानीय पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया गया था। फील्ड यूनिट डॉग स्क्वाड टीम को घटना स्थल पर बुलाकर साक्ष्य संकलन की कार्यवाही करायी गयी पुलि स अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा घटना को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए इस ब्लाइण्ड मर्डर की घटना के शीघ्र व सफल अनावरण हेतु अप र पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय के ने तृत्व में एसओजी,सर्विलांस सहित तीन पुलिस टीमों का गठन कर थाना प्रभारी तरबगंज को घटना का सफल अनावरण कर अभियुक्त की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये थे। जिसमें पुलिस टीमों द्वारा दिनांक 30 नवंबर 2025 को घटना का सफल अनावरण करते हुए हत्यारोपी भाई मनी ष पुत्र स्व.चन्द्रप्रकाश एवं माँ निर्मला देवी पत्नी स्व.चन्द्र प्रकाश को गिरफ्तार कर जेल भेजा ग या था।वांछित अभियुक्त को 9 दिसम्बर को तर बगंज पुलिस द्वारा घटना में संलिप्त एक अन्य आरोपी अभियुक्त अखिलेश उर्फ मुस्कान पुत्र अरूण कुमार को धौरहराघाट से गौहानी जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार कर लिया गया।गिरफ्ता र अभियुक्त के विरूद्ध तरबगंज पुलिस के द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही कर माननीय न्याया लय रवाना किया गया।

# राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत राजकीय बालिका इंटर कालेज में ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन

**सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व चयनित टाप टेन दस छात्रों को मेडल ट्राफी व विज्ञान किट देकर सम्मानित किया गया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। छात्रों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत राजकीय बालिका इंटर कालेज में ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विकास क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालयों के 92 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व चयनित टाप टेन दस छात्रों को मेडल ट्राफी व विज्ञान किट देकर सम्मानित किया गया। मंगलवार को जी जी आई सी में आयोजित प्रतियोगिता के प्रथम चरण में, सभी प्रतिभागियों की लिखित परीक्षा के बाद मूल्यांकन में 25 उत्कृष्ट बच्चों को अगले दौर के लिए चुना गया। वहीं द्वितीय चरण रोचक रहा। पिछले चरण में चयनित 25 बच्चों के पांच समूह बनाकर एक ज्ञानवर्धक क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसके माध्यम सेजिला स्तर पर प्रस्तावित विज्ञान क्विज और विज्ञान प्रदर्शनी के लिए कुल 10 छात्र-छात्राओं का चयन किया गया। चयनित छात्र-छात्राएं ब्लॉक का प्रतिनिधित्व करेंगे। जिला स्तर पर विज्ञान प्रदर्शनी के लिए आयुष, रजनीश, सौभाग्य, धीरज और अमरेंद्र विज्ञान माडल के माध्यम से रचनात्मक और वैज्ञानिक समझ का प्रदर्शन करेंगे। जबकि विज्ञान क्विज प्रतियोगिता के लिए प्रियांशी,आंचल, सानिया कुमारी, नेहा और और अनुराग को चयनित किया गया। कार्यक्रम के समापन में खण्ड शिक्षा अधिकारी राम मिलन यादव ने बच्चों से उनके भविष्य के लक्ष्यों के बारे में बातचीत की। उन्होंने महान वैज्ञानिक थॉमस अल्वा एडीसन से प्रेरणा लेने और प्रगति के पथ पर लगातार अग्रसर रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर ए आर सी अंकित गुप्ता, मनीष सिंह, महेश कश्यप, मीनाक्षी पाण्डेय, पूजा सिंह, विवेक गुप्ता, सहित दर्जनों शिक्षक अनुदेशक मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में दुल्हन की मांग में सिंदूर,न सात फ़ेरे, फिर भी हो गई शादी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। मंगलवार को मुख्यालय स्थित टामसन इंटर कॉलेज परिसर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में बड़ी अनियमितता के साथ भ्रष्टाचार देखने को मिला है।इस वृहद आयो जन में 511 पंजीकरण में सिर्फ 395 जोड़ों की शादी हुई।जिसमें अधिकांश जोड़े सिर्फ सरकारी लाभ के लालच में आकर बैठे।

इस दौरान कई जोड़ों ने न तो सात फ़ेरे लिए और न ही मांग में सिंदूर भरा।कई दुल्हनों ने रस्में पूरी न होने की बात कही,जबकि कुछ जोड़े सवाल सुनते ही भाग खड़े हुए जब कुछ जोड़े मुंह को छिपा कर रखा।बताते हैं कि इस सामूहिक विवाह योजना के तहत हुए भव्य समारोह में 395 जोड़ों की शादी कराई गई बाहर से सब कुछ सुनियोजित दिखा ले किन मंडप के अंदर की हकीकत चौंकाने वाली थी,जिसमें सरकारी लाभ के एक लाख रुपये पाने के लालच में कई शादियां दोबारा रचाई गईं,जबकि कुछ जोड़े मीडिया के सवाल सुनते ही भाग खड़े हुए।



### बिना फ़ेरे, बिना सिंदूर ही पूरी हुई शादी

सामूहिक विवाह समारोह का बाहरी दृश्य भव्य था,लेकिन अंदर का नजारा अलग था। 333 हिंदू और 62 मुस्लिम जोड़ों ने भाग लिया, कई दूल्हे-दुल्हन न तो सात फ़ेरे ले रहे थे और न ही दुल्हन की मांग में सिंदूर भरा जा रहा था।सूत्रों के अनुसार बतया जा रहा हैं कि पंडित जी ने न ही मांग भराई न ही फ़ेरे लगवाए,वही कुछ जोड़े तो हिंदू रीति रिवाज को छोड़कर मांग में सिंदूर ना भरकर सिर्फ माथे पर टीका लगा लिया हैं। वही एक पंडित जी ने मौखिक रूप से नाम न छापने कि शर्त पर बताया कि इसमें अधिकतर शादियां हो चुकी है यह दोबारा लाभ के लिए करवाया जा रहा है।

### एक लाख के लालच में बाद दोबारा शादी

सूत्रों के अनुसार,अधिकांश जोड़ों की असली शादी कुछ दिनों बाद होनी है,लेकिन वे सरकारी योजना का लाभ पाने के लिए इस समारोह में शामिल हुए हैं, हद तो तब हुई जब एक जोड़े की शादी अभी सात महीने पहले हुई थी। वह सरकारी पैसे की लालच में इन्होंने दोबारा शादी रचाई हैं। वही सूत्रों के द्वारा बताया जा रहा है कि एक लड़की के पिता ने बताया की हम लो ग अभी वैसे शादी कर रहे हैं घर पर हम दोबारा शादी अप्रैल के महीने में करेंगे।सूत्रों के द्वारा बताया जा रहा है कि सात से आठ जोड़े ऐसे थे जिनकी शादी पहले हो चुकी थी।

### समाज कल्याण अधिकारी ने नहीं दिया जबाब

जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह से जब मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के बारे में जब दूल्हे-दुल्हन न तो सात फ़ेरे ले रहे थे औ र न ही दुल्हन की मांग में सिंदूर भरने की जान कारी लेनी चाही न तो जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह का मोबाइल फोन उठा और जवाब देने से बचते रहे।

# तालीमी कारवां एजुकेशनल सेमिनार सम्पन्न, शिक्षा के उद्देश्य और चरित्र निर्माण पर हुई विस्तृत चर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नानपारा, बहराइच । शिक्षा की गुणवत्ता, उद्देश्य और छात्रों के समग्र विकास पर सार्थक संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से नानपारा स्थित मन्नत मैरिज लॉन में तालीमी कारवां नामक एक प्रभावशाली एजुकेशनल सेमिनार आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन नानपारा एजुकेशनल एंड वेलफ़ेयर सोसाइटी और हिरा पब्लिक स्कूल, आजमगढ़ की संयुक्त पहल पर किया गया। इस सेमिनार की अध्यक्षता मुहम्मद अजीम (अध्यक्ष, नानपारा एजुकेशनल एंड वेलफ़ेयर सोसाइटी) ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में इंजीनियर तारिक आज़म (फाउंडर, हिरा पब्लिक स्कूल आजमगढ़) उपस्थित रहे। वक्ताओं ने शिक्षा के महत्व, उसके उद्देश्यपूर्ण स्वरूप और छात्रों के चरित्र निर्माण में शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका पर विस्तार से अपनी बातें रखीं। इसी क्रम में मोहम्मद सादिक (डायरेक्टर, हिरा पब्लिक स्कूल) ने प्रोजेक्टर के माध्यम से विद्यालय की कार्यप्रणाली और उपलब्धियों का परिचय प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन सईद अहमद (मैनेजर, किड्स कैंपस प्री स्कूल) ने किया। नगर के अनेक गणमान्य व्यक्ति इस आयोजन में शामिल हुए। सेमिनार को सफल बनाने में सोसाइटी के उपाध्यक्ष नसीरुद्दीन और फखरुद्दीन, सचिव यासिर अरफात, कोषाध्यक्ष मोईन अहमद, जॉइंट सेक्रेटरी सलमान, तथा सदस्य आबिद अली और इक़बाल का विशेष योगदान रहा।

# आदर्श समाज सेवा समिति ने की नवागत सीओ से औपचारिक भेंट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। आदर्श समाज सेवा समिति अध्यक्ष प्रतिनिधि संतोष मिश्रा के नेतृत्व में नवागत क्षेत्राधिकारी नानपारा पहुप सिंह से समिति पदाधिकारियों के प्रतिनिधि मंडल ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्हें नवपदस्थापना के लिए हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित किया।

जनपद की अग्रणी आदर्श समाज सेवा समिति संस्था द्वारा उनके उत्कृष्ट कार्यों और नागरिकों के प्रति सम्मान तथा न्याय की भावना को देखते हुए क्षेत्राधिकारी नानपारा श्री सिंह को समिति पदाधिकारियों द्वारा स्मृति चिन्ह, गुलदस्ता एवं अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। मुलाक़ात के मौके पर अध्यक्ष प्रतिनिधि व वरिष्ठ पत्रकार संतोष मिश्रा ने कहा कि ऐसे आदर्श अधिकारी से समाजसेवियों की मुलाक़ात एक सकारात्मक कदम है। इस दौरान नवागत सीओ श्री सिंह से क्षेत्र के मुद्दों, कानून-व्यवस्था, सुरक्षा और सामाजिक समस्याओ पर चर्चा हुई। पुलिस प्रशासन द्वारा समय-समय पर सामाजिक/जनहित में चलाये जा रहे विभिन्न कार्यों में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया गया। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी नानपारा श्री सिंह ने उपस्थिति पदाधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि नानपारा सर्किल को अपराध मुक्त बनाना और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करना उनकी प्राथमिकता मे है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी ताकि आमजन सुरक्षित महसूस करें और कानून का भय स्थापित हो। उन्होंने क्षेत्र की जनता से भय मुक्त होकर अपना सामाजिक जीवन जीने की अपील की। इस मौके पर समिति जिलाध्यक्ष विनोद गिरि, सचिव शेर सिंह कसौधन, ब्लॉक अध्यक्ष रामदीन गौतम, संयोजक अरुण कुमार सिंह सहित मुकेश टेकरीवाल, विनोद कुशवाहा, इरशाद हुसैन, महबूब, शाहिद हुसैन, उमेश गौतम आदि मौजूद रहे।

## नमस्ते भारत योजना को गति देने हेतु नगर पालिका में हुई बैठक



नानपारा, बहराइच। नमस्ते भारत योजना के तहत नगर पालिका परिषद नानपारा के सभागार में सभासदों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता चेयरमैन अब्दुल वहीद ने की। बैठक के दौरान एनजीओ से जुड़े अशोक कुमार ने नमस्ते योजना के विभिन्न प्रावधानों और उद्देश्यों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कचरा बीनने वाले श्रमिकों की गणना कर उन्हें मान्यता दी जाएगी। इसके साथ ही उन्हें पहचान पत्र जारी किए जाएंगे, सुरक्षा प्रशिक्षण दिया जाएगा तथा पीपीई किट भी उपलब्ध कराई जाएगी। योजना के अंतर्गत वित्तीय सहायता प्राप्त करने का अवसर भी प्रदान किया जाएगा।इस अवसर पर ईओ रंग बहादुर सिंह, सभासद जमाल हामिद खान बब्लू, निपेंद्र सिंह, श्याम बिहारी अग्रवाल, हबीब अहमद, मोहम्मद रफी बाबू, रिजु, समीउल्लाह खान शोएब, छत्रपाल, मुख्तार अहमद सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## जनपद में धारा 163 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा लागू

बहराइच । वर्तमान समय में राज्य सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन्स का अनुपालन कराते हुए क्रिसमस डे, नव वर्ष, श्री गुरूगोविन्द सिंह जयन्ती, हजरत अली जन्म दिवस, गणतन्त्र दिवस, मकर संक्रान्ति, बसन्त पंचमी आदि आगामी त्योहारों/कार्यक्रमों एवं अन्य आयोजित परीक्षाओं को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के मद्देनज़र जनपद बहराइच के समस्त सीमा क्षेत्र में विधि व्यवस्था एवं लोक परिशान्ति सहित लोक व्यवस्था व जनसुरक्षा कायम रखने के उद्देश्य से जिला मजिस्ट्रेट अक्षय त्रिपाठी द्वारा भा.ना.सु.संहिता 2023 की धारा-163 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा लागू कर दी गयी है। जिला मजिस्टेझ्रट श्री त्रिपाठी द्वारा जारी आदेश के समस्त 28 प्रस्तर 08 दिसम्बर 2025 से 03 फरवरी 2026 तक जनपद बहराइच के सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र में निवास करने वाले तथा जनपद की सीमा में प्रवेश करने वाले समस्त व्यक्तियों पर प्रभावी रहेगा। इन आदेशों का अथवा इनके किसी भी अंश का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के अन्तर्गत दण्डनीय होगा।

# शादी समारोह और होटलों में उपयोग हो रहे घरेलू गैस सिलेंडर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह शहर के शही दे सरदार भगत सिंह इंटर कॉलेज में आयोजित हो रहे मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में ठेकेदारों ने घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग कि या है जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

यही नहीं होटल,धर्मशाला सहित चाय के ठेलों पर भी यही सिलेंडर उपयोग किए जा रहे हैं,जबकि जिम्मेदार अधिकारियों का आदेश है कि होटल ढाबा या शादी प्रोग्राम में घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग शादी समारोह में नहीं करने के निर्देश दिए गए, लेकिन जिला

आपूर्ति अधिकारी के द्वारा कोई भी कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।वहीं दुकानदारों को कार्रवाई को लेकर किसी प्रकार का भय नहीं है।जिले में घ रेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग मैरिजलान में चा य की दुकान, डेयरी, हलवाई की दुकान,गैस रि फिलिंग सेंटर पर रोजाना घरेलू सिलेंडरों का उ पयोग हो रहा है। इसकी जानकारी अधिकारियों को है,लेकिन कार्रवाई को लेकर ध्यान नहीं दि या जा रहा है।

### रिफिलिंग और प्रतिष्ठानों पर हॉकर्स बेचते घरेलू गैस सिलेंडर

सूत्रों के अनुसार नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में गैस रि फिलिंग का कारो बार जमकर चल रहा है।वहीं घरेलू गैस सिलेंडर की डिलीवरी सप्लायर रिफि लिंग दुकानदारों को दे रहे हैं।इसके अलावा घरे लू गैस सिलेंडर की गैस को नीले गैस सिलेंडर में रिफिल कर देते हैं जिसके चलते व्यवसायी अपने सिलेंडरों को एजेंसी से नहीं लेते हैं।वहीं उन्हें गैस भी सस्ते में मिल जाती है। यही कारण है कि घरेलू गैस सिलेंडर का व्यावसायिक उप योग हो रहा है।

### घरेलू कनेक्शन सतरह हजार,व्यवसायिक सिर्फ पचास कनेक्शन

नगर की सूर्य भारत गैस एजेंसी संचालक रण जीत मौर्य ने बताया कि घरेलू गैस कनेक्शनों की संख्या हमारे यहां 17 हजार है।वहीं व्यवसा यिक गैस कनेक्शनों की संख्या मात्र 50 है। वही नगर की एक गैस एजेंसी संचालक ने बता या कि हमारे यहां घरेलू गैस सिलेंडर कनेक्शन 27 हजार हैं वही कमर्शियल सिर्फ सौ हैं।घरेलू गैस कनेक्शनों के अनुपात से नहीं बढ़ रही है।व्यवसायिक गैस कनेक्शनों की संख्या एजेंसी पर हर समय सैकड़ो में उपलब्ध रहते हैं।खास बात यह कि व्यवसायिक सिलेंडरों की नियमित खपत नहीं हो रही है।

# सोनिया गांधी के79 वाँ जन्मदिन केक काटकर उत्साह के साथ मनाया गया

**कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश यादव व जिला पंचायत सदस्य अंजली पासी ने मरीजो को बांटे**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शिवगढ़ के द्वारा कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षा एवं वर्तमान राज्यसभा सदस्य त्याग की प्रतिमूर्ति परम सोनिया गांधी का 79 वां जन्मदिन ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश यादव की अध्यक्षता में केक काटकर मिष्ठान वितरण कर ब्लॉक कार्यालय में मनाया गया। एवं ईश्वर से लंबी उम्र की कामना की गई तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ में जिला सचिव जिला पंचायत सदस्य अंजली पासी द्वारा मरीजों को फल वितरण किए गए। इस मौके पर जिला सचिव अखिलेश शुक्ला पूर्व जिला पंचायत सदस्य केतार पासी मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा नगर अध्यक्ष सत्येंद्र पासी कंट्रोल रूम प्रभारी शिवगढ़ संजय सिंह जी ब्लाक महासचिव निर्मल त्रिवेदी ब्लाक महासचिव प्रेम गुप्ता ब्लाक महासचिव संतोष शुक्ला न्याय पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र दीक्षित, रामू रावत, झग्गड़ सिंह , मोहम्मद वसीम , ग्राम सभा अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा , ब्लॉक सचिव मोहम्मद रईस सहज राम रामफ़ेर , राम सजीवन, लक्ष्मीकांत, अभय शंकर मिश्रा, अर्जुन सिंह, रविंद्र वर्मा, प्रधान प्रतिनिधि खजुरों रामकिशुन, सोनू , राजाराम अजमत अली रामनरेश संतोष कुमार पाण्डेय, सहज राम एवं भारी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## 17 दिसम्बर को आयोजित होगा पेंशनर्स दिवस

बहराइच । जनपद स्तर पर राज्य सरकार के पेंशनरों की समस्याओं की सुनवाई एवं निराकरण के लिए गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी 17 दिसम्बर 2025 को अपरान्ह 12:30 बजे से विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में पेंशनर्स दिवस मनाया जायेगा। यह जानकारी देते हुए जिलाधिकारी ने जनपद के कार्यालयाध्यक्षों को निर्देशित किया है कि जनपद स्तर पर आयोजित पेंशनर्स दिवस के अवसर पर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें ताकि अधिक से अधिक पेंशनर्स की समस्याओं का निराकरण कराया जा सके।

## डायट प्राचार्य का चौकाने वाला बयान आया सामने,कहा पीएनपी ने नहीं भेजी थी क्रॉस लिस्ट

झांसी । डायट से विशिष्ट बीटीसी 1999, 2004, 2007 और 2008 बैच के सैकड़ों शिक्षकों की मूल अंकतालिकाएं न मिलने के मामले में प्रभारी डायट प्राचार्य राजू राणा का आज चौकाने वाला बयान सामने आया है। उन्होंने बताया कि परीक्षा नियामक प्राधिकरण (पीएनपी) ने प्रमाणपत्र तो जारी किए थे, लेकिन उसके साथ क्रॉस लिस्ट नहीं भेजी थी।उन्होंने बताया कि उन्होंने पुराने बाबू से बात की, उसने बताया कि विशिष्ट बीटीसी 1999, 2004, 2007 और 2008 बैच के प्रमाण पत्र तो भेजे गए थे लेकिन उनके साथ क्रॉस लिस्ट नहीं भेजी गई थी। उन्होंने कहा कि कल एक पत्र पीएनपी को लिखकर वह क्रॉस लिस्ट मंगाएंगे। इसके इतर बताते चलें कि इससे पूर्व में भी डायट प्राचार्य दो-तीन बार पीएनपी को पत्र लिख चुके हैं। लेकिन अभी तक क्रॉस लिस्ट या अंकतालिका नहीं भेजी गई। इससे भी चौकाने वाली बात यह भी है कि केवल इन्ही वर्षों की अंकतालिकाएं या क्रॉस लिस्ट ही क्यों नहीं मिल रही हैं।दरअसल सुप्रीम कोर्ट द्वारा टीईटी या सी-टेट अनिवार्य किए जाने के बाद शिक्षक आवेदन प्रक्रिया में जुटे शिक्षक, जिन्होंने डायट से विशिष्ट बीटीसी 1999, 2004, 2007 और 2008 के बैच से किया था,वे जब अपनी मूल अंकतालिकाएं लेने पहुंचे थे। इस पर उनको बताया गया कि उनकी मूल अंकतालिका गायब है। यह जानकारी मिलते ही शिक्षकों में हड़कम्प मच गया। इधर सी-टेट या टीईटी पास न करने पर 10 से 15 वर्ष पूर्व शिक्षक की नौकरी पर लगे लोगों को वहीं अब बाहर का रास्ता दिखाने का फरमान जारी हो गया है।

# भाजपा नेता के प्रयास से कलीनगर में उप निबंधन कार्यालय स्वीकृत,बांटी मिठाई

**169 गांव होंगे शामिल; भाजपा नेता नवनीत सक्सेना की पहल से क्षेत्र में खुशी की लहर**

**15 मई 2025 को सहायक महानिरीक्षक निबंधन बाल्मीकि त्रिपाठी ने पत्र जारी कर उप-निबंधन कार्यालय खोलने की औपचारिक प्रक्रिया शुरू करा दी थी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। कलीनगर को तहसील का दर्जा मिले आठ वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन विकास कार्यों के अभाव में क्षेत्र अब तक पिछड़ा हुआ था। वहीं अब कलीनगर के लिए बड़ी खुशखबरी सामने आई है। भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष नवनीत सक्सेना के प्रयास रंग लाए हैं और शासन ने 8 दिसंबर 2025 को कलीनगर में उप-निबंधन कार्यालय खोलने की अधिसूचना जारी कर दी है।

इससे क्षेत्र में जबरदस्त उत्साह और खुशी का माहौल है।पूर्व चेयरमैन अनीता कैलाश सक्सेना के पुत्र नवनीत सक्सेना ने 12 अप्रैल 2025 को मुख्यमंत्री से मुलाकात कर कलीनगर में उप-निबंधन कार्यालय की मांग का पत्र सौंपा था। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया था, जिसके बाद प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ी। 15 मई 2025 को सहायक महानिरीक्षक निबंधन बाल्मीकि त्रिपाठी ने पत्र जारी कर उप-निबंधन कार्यालय खोलने की औपचारिक प्रक्रिया शुरू करा दी थी। जिलाधिकारी को रिपोर्ट भी भेज दी गई थी। सोमवार शासन द्वारा जारी अधिसूचना में कलीनगर उप-निबंधन कार्यालय में 169 राजस्व गांवों को शामिल किया गया है। इसके साथ ही इन गांवों को रजिस्ट्रीकरण उप जिला पूरनपुर से अपवर्जित कर कलीनगर रजिस्ट्रीकरण उप जिला की नई सीमाओं में शामिल करने का प्रावधान किया गया है। इससे क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग पूरी हो गई है। तहसील बनने के बाद भाजपा सरकार में कलीनगर को भव्य तहसील इमारत तो बन गई थी, लेकिन निबंधन कार्यालय न होने से वाद-कारियों, अधिवक्ताओं और ग्रामीणों को रजिस्ट्री के लिए पूरनपुर के कई-कई चक्कर लगाने पड़ते थे। अब इस सुविधा से हजारों लोगों को राहत मिलेगी। कलीनगर से लेकर आसपास के क्षेत्र में नवनीत सक्सेना के प्रयासों की सराहना की जा रही है। लोग सोशल मीडिया पर व प्रत्यक्ष मुलाकात कर उन्हें बधाई दे रहे हैं।इसी कड़ी में पूर्व अध्यक्ष सुनील कटियार के आवास पर आयोजित विशेष बैठक में नवनीत सक्सेना का सम्मान किया गया और मिष्ठान वितरण कर खुशी जाहिर की गई। कार्यक्रम में सुनील कटियार, गंगाराम शर्मा, जीतू शर्मा, रामप्रकाश सक्सेना, विनय कटियार, सचिन पांडेय, सेवाराम सक्सेना, कलीनगर अधिवक्ता संघ के महामंत्री पूर्णेन्द्र शर्मा एडवोकेट, शशांक, महेंद्र मिश्रा, राजीव कुमार, प्रामपाल, आशिफ सहित अनेक लोग मौजूद रहे। कलीनगर के लिए यह निर्णय विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण की समीक्षा बैठक हुई संपन्न

पीलीभीत। भारतीय जनता पार्टी के जिला मुख्यालय पर मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि का तौर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह ने कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को संबोधित किया उन्होंने कहा कि मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक प्रक्रिया का अत्यंत महत्वपूर्ण हिस्सा है एक त्रुटिरहित एवं पारदर्शी मतदाता सूची देश के मजबूत लोकतंत्र की नींव है।भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता इस अभियान में शत-प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए संकल्पित है।समीक्षा बैठक में मुख्य रूप से जिले के लोक प्रिय भाजपा जिलाअध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, मरौरी ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा, पूर्व विधायक किशन लाल राजपूत वरिष्ठ भाजपा नेता एवं जिला महामंत्री लेखराज भारती दिनेश पटेल पार्टी पदाधिकारी एवम् कार्यकर्ता उपस्थित रहे है।

## सरस्वती विद्या मंदिर मे वार्षिक शैक्षिक निरीक्षण व अवलोकन सम्पन्न

पूरनपुर। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में भारतीय शिक्षा समिति ब्रज प्रदेश से आयोजित वार्षिक शैक्षिक निरीक्षण व अवलोकन निरीक्षक बंधुओं द्वारा किया गया निरीक्षण का शुभारंभ प्रबंधक हरि बल्लभ गुप्ता, निरीक्षक बंधुओं में बलदेव स0वि0 इंटर कॉलेज मथुरा के प्रधानाचार्य रवि शंकर गौड़,कार्यालय प्रमुख धीरेंद्र सिंह,जय नारायण सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बरेली के प्रधानाचार्य डॉक्टर रवि शरण सिंह, व कार्यालय प्रमुख अशोक कुमार व विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय मिश्रा ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्जवलन के साथ किया। निरीक्षण में आचार्य शिक्षण, छात्र का अनुशासन, संस्कार, शैक्षिक स्तर व्यवस्था, इसके साथ ही विभिन्न स्तरों पर बैठक कर वार्ता की, जैसे पूर्व छात्र बैठक, अभिभावक बैठक, प्रबंध समिति बैठक, छात्र संसद बैठक, आचार्य बैठक तथा कार्यालय आय-व्यय निरीक्षण किया संपूर्ण व्यवस्था अवलोकन के बाद सभी निरीक्षक बंधुओं ने संतोष व्यक्त किया व विद्यालय परिवार की प्रशंसा की।प्रधानाचार्य संजय मिश्रा ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया इस अवसर पर समस्त छात्र-छात्राओं व शिक्षक- शिक्षिकाओं की उपस्थित रही

## सील क्लिनिक की रिश्वत लेकर पुनः चलाने का आरोप मुख्यमंत्री पोर्टल पर की शिकायत

पूरनपुर। सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के ग्राम मुरादपुर माती में बिना किसी मान्यता और मेडिकल डिग्री के क्लिनिक चलाए जाने की शिकायत फिर सुर्खियों में है शिकायतकर्ता विजय कुमार ने जिलाधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र और जनसुनवाई पोर्टल पर दर्ज शिकायत में गंभीर आरोप लगाए हैं विजय कुमार का आरोप है कि ग्राम के रवि कुमार नामक व्यक्ति बिना किसी डिग्री और लाइसेंस के अवैध रूप से क्लीनिक चला रहा है पीड़ित ने कई बार इसकी शिकायत स्वास्थ्य विभाग और अधिकारियों से की थी, जिसके बाद क्लीनिक को कुछ समय पूर्व सील कर दिया गया था लेकिन शिकायतकर्ता का दावा है कि पूरनपुर के सरकारी अस्पताल के एक चिकित्सा अधिकारी ने 10,000 रुपये रिश्वत लेकर उसी क्लीनिक को फिर से चालू करा दिया, जबकि न तो लाइसेंस है और न ही किसी प्रकार की मेडिकल योग्यता उसने कहा कि भ्रष्टाचार के कारण गांव के गरीब लोगों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है शिकायत में यह भी उल्लेख है कि अवैध तरीके से इलाज कराने के चलते कई ग्रामीण बीमारियों की चपेट में आ जाते हैं, लेकिन डर या अनजान होने के कारण आवाज नहीं उठा पाते विजय कुमार ने जिलाधिकारी से मांग की है कि पूरा मामला उच्च स्तर पर जांच कर संबंधित डॉक्टर, स्वास्थ्य अधिकारी और क्लीनिक संचालक पर कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि गांव में अवैध चिकित्सकीय कारोबार पर रोक लग सके ग्रामीणों ने भी प्रशासन से इस प्रकरण को गंभीरता से लेकर सख्त कदम उठाने की मांग की है, ताकि ऐसे क्लीनिकों के कारण किसी की जान के साथ खिलवाड़ न हो सके।

## जनसुनवाई शिकायतों के निस्तारण में प्रदेश में जनपद को प्रथम रैंक हुई प्राप्त

पीलीभीत । आईजीआरएस जन सुनवाई पोर्टल पर शिकायतों को सुनने में पीलीभीत जनपद की तहसील पूरनपुर, अमरिया, बीसलपुर को पहला स्थान मिला है शिकायतों को लेकर जिले के अफसर अलर्ट है सूबे में पहला स्थान मिलने से साफ है कि ऑनलाइन शिकायतों का निस्तारण करके पीलीभीत जिला बेहतर काम कर रहा है शासन स्तर से आईजीआरएस जनसुनवाई पोर्टल पर मिलने वाली शिकायतों की समीक्षा की गई प्रदेश के सभी जिलों की रैंकिंग में पीलीभीत को प्रथम स्थान मिला है शासन ने डीएम ज्ञानेन्द्र सिंह और एसपी अभिषेक यादव सहित जिला प्रशासन को बधाई दी है एसपी के मुताबिक हर महीने की तरह इस बार भी सभी जिलों की शिकायतों और निस्तारण की समीक्षा की गई जिसमें प्रदेश के सभी जिलों को अलग-अलग प्राप्त अंकों के आधार पर रैंक दी गई है इसमें पीलीभीत जिले को प्रथम स्थान मिला है फिलहाल समीक्षा में पीलीभीत ने पूरे यूपी में अपना परचम लहराया है साबित कर दिया है कि जिले के अफसर ऑनलाइन शिकायत के हल में अलर्ट होकर काम कर रहे हैं मॉनीटरिंग से प्रशासन के सभी अधिकारियों के स्तरों से शिकायतों के निस्तारण की स्थिति देखी जाती है इसमें शिकायत फावर्ड करने में लगे दिन का भी प्राप्तांक मिलता है इसके साथ ही डिफाल्टर संदर्भ, सी श्रेणी प्राप्त संदर्भ श्रेणीकर्ता उच्चाधिकारी के रूप में कार्रवाई डीएम-एसएसपी कार्यालय में संदर्भ फीडिंग इसके बाद प्राप्तांक योग मिलता है सभी शिकायतों का निस्तारण त्वरित और गुणवत्तापरक कराया गया है।

# जिला गन्ना अधिकारी ने गन्ना क्रय केन्द्र कुकरीखेड़ा का किया औचक निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। सहकारी गन्ना विकास समिति पीलीभीत के क्रय केंद्र कुकरी खेड़ा का निरीक्षण ख़ुशी राम भार्गव जिला गन्ना अधिकारी पीलीभीत द्वारा किया गया। क्रय केंद्र पर तौल लिपिक रोहित सिंह तौल कार्य कर रहे थे। क्रय केंद्र पर 6428.93 कुं गन्ने की खरीद की जा चुकी है।

जिला गन्ना अधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये कि सभी तौल लिपिक एक यार्ड रजिस्टर बनाये। यार्ड में तौल हेतु आने वाली ट्रैक्टर ट्राली का नंबर, आने का समय एवं किसान का मोबाइल नंबर यार्ड रजिस्टर में नोट करें। यार्ड रजिस्टर के हिसाब से ट्रालियों की तौल करायी जाये। यार्ड मे आने वाली ट्रालियों का यस. यम. यस. पर्ची नंबर अवश्य देख लिया जाये। यदि किसी के पास यस यम यस पर्ची नंबर नहीं है तो ऐसी ट्रालियों को यार्ड मे खड़ी न होने दें। यदि ऐसी ट्रालिया यार्ड मे खड़ी होती है तो अनावश्यक भीड़ हो जाती है। किसान भाई बिना यस यम यस पर्ची के न तो गन्ने की कटाई करे और न ही क्रय केंद्र पर गन्ना लाये। जिला गन्ना अधिकारी द्वारा यह भी निर्देश दिये गये कि सभी किसानो के गन्ने की तौल सीरियल नंबर से की जाये। यदि कोई बिना सीरियल के तौल हेतु दबाव डालता है तो तत्काल इसकी सूचना चीनी मिल एवं गन्ना विभाग के अधिकारियों को दें। क्रय केन्द्रो पर अनावश्यक दबाव डालकर तौल कार्य प्रभावित करने वालो के खिलाफ विधिक कार्यवाही की जाएगी। क्रय केंद्र पर उपस्थित किसानों द्वारा बताया गया कि कुछ लोग तौल लिपिक पर बिना नंबर के तौल हेतु दबाव डालते है जिससे किसानों को अनावश्यक परेशानी होती है। जिला गन्ना अधिकारी द्वारा क्रय केंद्र प्रभारी को निर्देश दिये गये कि किसी किसान के साथ भेदभाव नहीं किया जायेगा। सभी का गन्ना नंबर से तौला जायेगा। इस अवसर पर राम भद्र द्विवेदी ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक पीलीभीत व गन्ना किसान दिनेश कुमार, सुरेंद्र कुमार, पारस, धीरेन्द्र, गौरव व अन्य लोग उपस्थित रहे।

# बीएसए कार्यालय में आयोजित हुई विज्ञान क्विज प्रतियोगिता

**मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रही ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा बीएसए रौशनी सिंह ने कार्यक्रम का किया शुभारंभ**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। छात्रों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के प्रांगण में ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रोशनी सिंह द्वारा दीप प्रचलित कर की गई।कार्यक्रम में विकास खंड मरौरी के कंपोजिट परिषदीय एवं प्राथमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बच्चों से उनके भविष्य के लक्ष्यों के बारे में बातचीत की। उन्होंने महान वैज्ञानिक थॉमस अल्वा एडीसन से प्रेरणा लेने और प्रगति के पथ पर लगातार अग्रसर रहने का आह्वान किया। अंत में खण्ड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार ने इस सफल आयोजन के लिए समस्त उपस्थित लोगों और प्रतिभागियों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहा हैं।

## ठंड से बचाव के लिए प्रशासन सक्रिय हर चौराहे पर अलाव

सुल्तानपुर। कड़ाके की ठंड को देखते हुए जिला आकिारी कुमार हर्ष के निर्देश पर तथा मुख्य विकास आकिारी अंकुर कौशिक के मार्गदर्शन में नगर पालिका प्रशासन ने शहरभर में अलाव और रैन बसेरों की विशेष व्यवस्था शुरूकर दी है। नगर क्षेत्र के प्रमुख चौराहों, बस अड्डों, फुटपाथों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अलाव जलाकर राहगीरों व जरूरतमंदों को ठंड से बचाव का सुरक्षित साान उपलब कराया जा रहा है।शहर के सभी रैन बसेरों में रुकने वाले मजदूरों, राजगीरों और जरूरतमंद लोगों के लिए बेहतर सुविााएँ सुनिश्चित की गई हैं। यहाँ रजाई, तकिया, फोल्डिग बेड, चादर से लेकर सुरक्षित विश्राम की सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ उपलब हैं, ताकि कोई भी व्यक्ति खुले आसमान के नीचे ठंड में रात बिताने को मजबूर न हो। नगर पालिका अयक्ष प्रवीण अग्रवाल ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप शहर में हर आवश्यक स्थान पर अलाव जलाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि नगर पालिका द्वारा फुटपाथों, बस स्टैंड और सार्वजनिक स्थलों पर लगातार अलाव की व्यवस्था कराई जा रही है।

# कोई भी पात्र मतदाता न छूटे, यही मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण का उद्देश्य: संतोष सिंह

**लोकतंत्र को मजबूत करने का अभियान है, मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण : विधायक बाबूराम पासवान**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर । ब्लॉक सभागार पर मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत बैठक को प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह, जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, विधायक बाबूराम पासवान ने कार्यकताओं व पदाधिकारियों को संबोधित किया संतोष सिंह ने कहा मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक प्रक्रिया का अत्यंत महत्वपूर्ण हिस्सा है एक त्रुटिरहित एवं पारदर्शी मतदाता सूची देश के मजबूत लोकतंत्र की नींव है भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता इस अभियान में शत-प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए संकल्पित है और घर-घर जाकर छूटे हुए पात्र मतदाताओं का मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण फॉर्म भरवाकर उनके मतदान अधिकार को सुरक्षित करने का कार्य करेगा विधायक बाबूराम पासवान ने कहा मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि लोकतंत्र को सशक्त करने का अभियान है भाजपा कार्यकर्ता संगठनात्मक अनुशासन और पूर्ण जिम्मेदारी के साथ इस कार्य को बूथ स्तर तक पहुँचाएँगे हमारा लक्ष्य है कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सही रूप से दर्ज हो, जिससे निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव संभव हो सके संजीव प्रताप सिंह ने कहा भाजपा सदैव लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए कार्य करती रही है मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण के माध्यम से मतदाता सूची को अद्यतन और त्रुटिरहित बनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है पार्टी संगठन मंडल एवं बूथ स्तर तक इस अभियान की निरंतर मॉनिटरिंग कर रहा है, ताकि हर पात्र मतदाता अपने अधिकार का प्रयोग कर सके नगर अध्यक्ष हर्ष प्रधान ने कहा भाजपा सदैव लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए कार्य करती रही है मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण के माध्यम से मतदाता सूची को अद्यतन और त्रुटिरहित बनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह, जिलाअध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह,विधायक बाबूराम पासवान, महादेव गाईन, ब्लॉक प्रमुख मानसी सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता, जिलामंत्री अनुराग अग्निहोत्री, नगर अध्यक्ष हर्ष प्रधान, गन्ना समिति अध्यक्ष एवम् मंडल अध्यक्ष नितिन दीक्षित, भगवती सिंह, दीपक मिश्रा, अभियान संयोजक, विधानसभा संयोजक,व पार्टी पदाधिकारी एवम् कार्यकर्ता उपस्थित रहे

# सांसद का 'खोज अभियान चला रहे युवा, राहगीरों से ली जानकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। जनपद के युवाओं ने अपने सांसद की गैर-मौजूद्गी को लेकर अनोखा अभियान चलाया। सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट परिसर और आसपास के क्षेत्रों में युवाओं ने दुकानदारों व राहगीरों से सांसद के बारे में जानकारी जुटाई। इस अभियान का नेतृत्व सौरभ मिश्र विनम्र ने किया।

सौरभ मिश्र ने बताया कि चुनाव के बाद से सांसद जनपद में दिखाई नह दे रहे हैं। शहर में जाम की समस्या सहित कई मुद्दों पर लोग परेशान हैं, लेकिन सांसद तक उनकी समस्याएँ पहुँच ही नह पा रही हैं। उन्होंने कहा कि कई लोगों ने बताया कि चुनाव के बाद उन्होंने सांसद को देखा ही नह। अभियान में शामिल बृजेन्द्र मिश्र ने कहा कि उनका किसी जनप्रतिनिाि से व्यक्तिगत विरोा नह है, लेकिन जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिाि का प्राथमिक कर्तव्य क्षेत्र में रहकर जनता की सेवा करना है। उन्होंने कहा कि शहर का दुर्भाग्य है कि सांसद का जनपद में आना-जाना बहुत कम हो गया है, जबकि जनता समस्याएँ लेकर उनके पास पहुँचना चाहती है। अभियान में अभिषेक शुक्ला (एडवोकेट), दीपक तिवारी, देवेश कुमार (एडवोकेट) सहित अन्य युवा भी शामिल रहे, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में जाकर लोगों से जानकारी एकत्र की।

## भक्तों की रक्षा के लिये भगवान लेते हैं अवतार : आचार्य संतोष जी महाराज

अमेठी। राष्टीय शैक्षिक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष के साथ ही हजारों की संख्या में भक्तों ने कथा का रसपान किया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर जय कन्हैयालाल की हाथी घोड़ा पालकी के नारों से गूंजा पण्डाल अमेठी,भक्त जब भगवान को पुकारते हैं तो भगवान उनकी रक्षा के लिये दौड़े चले जाते हैं भगवान के विविध अवतार भक्तों की रक्षा के लिये ही हुये हैं जीवन में कष्टों के निवारण के लिये ईश्वर का स्मरण करते रहना चाहिये। यह बात तिलोई क्षेत्र के गड़ेहरी गांव में राष्टीय शैक्षिक महासंघ के अध्यक्ष संतोष तिवारी के आवास पर चल रही श्रीमद भागवत कथा में अयोध्या धाम से पधारे कथा व्यास आचार्य संतोष जी महाराज ने भगवान की विविध लीलाओं का वर्णन करते हुये कही। कथा व्यास ने गजेंद्र मोक्ष की कथा बताते हुये कहा कि जब ग्राह्य ने गज को पकड़ लिया तो गज ने अत्यंत दुखी भाव से भगवान का स्मरण किया और भगवान ने ग्राह्य को मार कर गज का उद्धार किया। उन्होंने महाराज अंबरीष की कथा अभी सुनाई और एकादशी के महात्म्य का वर्णन किया। देवासुर संग्राम और उसके बाद समुद्र मंथन का रोचक वर्णन करते हुये कथा व्यास ने कहा कि देवताओं की श्रद्धा भगवान के चरणों में थी इसलिए उन्हें अमृत पान करने को मिला जबकि असुर भगवान को नहीं मानते थे इसलिये उनके हिस्से में विष आया।कथा व्यास ने भगवान राम के अवतार की कथा भी भक्तों को सुनाई। इसके बाद श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की के जयकारे से पूरा पंडाल गूंज उठा।यजमान ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ आरती पूजन कर कथा व्यास का माल्यार्पण कर स्वागत किया।कार्यक्रम के आयोजक संतोष तिवारी ने अतिथियों को प्रतीक चिन्ह तो कथा व्यास ने अंगवस्त्र भेंट किया। इस मौके पर राष्टीय शैक्षिक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष शिव शंकर सिंह, जिलाध्यक्ष विवेक शुक्ला,वीरेंद्र सिंह,पंकज शुक्ला, सत्येंद्र तिवारी, आजेंद्र सिंह, धीरेंद्र प्रताप सिंह बघेल, सचिन श्रीवास्तव, अश्विनी द्विवेदी, प्रमोद तिवारी, नवनीत त्रिवेदी, आशीष गुप्ता,विमलेंदु, अतुल कुमार, अमन, अमित,अभिषेक,कामता दीक्षित,विशुन नाथ मिश्रा, हौशिला सिंह,संत बहादुर सिंह,त्रिभवन सिंह, पवन मिश्रा अनुज मिश्रा, राकेश तिवारी,लल्लू सिंह, रणविजय सिंह मनोज तिवारी,राजेश तिवारी,उमेश तिवारी,दुर्गेश सिंह समेत हजारों की संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

# मैं तो कन्ट्रैक्ट बेस पर हूँ, आरोपों का बोझ उठाने नही आया: प्रिंसिपल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। राजकीय मेडिकल कलेज के प्रिंसिपल पर लगे आरोपों को लेकर कुछ पत्रकारों ने पिछले दिनों खबरों के मायम से एक तरह से मोर्चा खोल रखा है। लगातार सवाल, रिपोर्टें और चर्चाएँ सब चल रहा है।

कलेज परिसर से लेकर शहर तक चर्चा यही कि आखिर प्रिंसिपल का जैक कहाँ है, जो न केवल उन्हें हर संकट से बचा लेता है, बल्कि उल्टा परिसर में उनकी हनक और मजबूत होकर लौटती दिखती है। इन सब सवालों के बीच जब प्रिंसिपल से लोकायुक्त जांच की स्थिति जानने का प्रयास किया गया तो उन्होंने बड़ी सहजता से ऐसा जवाब दिया कि पूरा विवाद जैसे मज़ाक बनकर रह गया। हमें क्या पता? मैं तो कन्ट्रैक्ट बेस पर हूँ। अपना काम कर रहा हूँ। अगर फालतू बातों का जवाब देने लगूँगा तो जवाब ही देता रह जाऊँगा। आज तक किसी आरोप पर टिप्पणी नह की, न अब करूँगा। इन लोगों को जानकारी कहाँ से मिलती है, वही जानें। प्रिंसिपल का यह बयान न सिर्फ आरोपों पर सीाा प्रहार था, बल्कि उन पत्रकारों पर भी एक गहरा तंज था, जो बिना किसी आाकारिक पुष्टि के जानकार सूत्रों के भरोसे खबरें परोसते रहे। दरअसल जिस लोकायुक्त जांच को लेकर तरह-तरह की कहानियाँ गढ़ी जा रही हैं, उसी पर प्रिंसिपल का यह जवाब कई सवाल खड़े करता है क्या जांच सचमुच आगे बढ़ रही है या केवल कुछ लोगों की कल्पना में ही तेज़ी पकड़ रही है?क्या खबरें तथ्यों पर आाारित थ या बस सुर्खियों की भूख का शिकार? पत्रकारिता का काम सवाल पूछना है, लेकिन जब जवाब सामने से आए और फिर भी शोर वही बना रहे.तो तंज खुद-ब-खुद जन्म ले ही लेता है। इस पूरे प्रकरण में प्रिंसिपल के एक सरल से वाक्य ने कह न कह उस खबर बनाम खबरबाज़ी की सीमा रेखा को भी उजागर कर दिया, जिसे कई लोग आजकल सुविाा के हिसाब से मिटाते बनाते रहते हैं।

## कई खेलों में प्रथम स्थान पाकर पाया मेडल

सुल्तानपुर। अरशी अंसारी पुत्री अबू बक्रसिद्दीक (पहलवान) प्राानायापक निवासी अनु चौराहा खैराबाद थाना कोतवाली नगर जनपद सुल्तानपुर की निवासिनी है। बेटी अरशी अन्सारी विमला फैमिली आयुर्वेदिक मेडिकल कलेज कानपुर मे कबड्डी, खो खो, वाली वाल, बैट मिन्टन रिले रेश मे प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल एवं शील्ड प्राप्त कर सुलतानपुर जिले का नाम रोशन किया।

# तिलोई में विधायक खेल प्रतियोगिता तेरह और चौदह दिसम्बर को होगी : एसडीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। उपजिलाधिकारी तिलोई अमित सिंह ने बताया कि विधानसभा स्तर पर उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अन्तर्गत महिला,बालिका एवं पुरुष,बालक श्रेणी में विभिन्न आयु वर्ग की विधायक खेल स्पर्धा कराने हेतु जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया है जिसमें विधानसभा स्तर पर पुरुष महिला की आठ खेल विधाओं यथा-एथलेटिक्स, कबड्डी, कुश्ती, वालीबॉल, फुटबाल, भारोत्तोलन, जूडो एवं बैडमिन्टन प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जायेगा। तिलोई के एसडीएम अमित सिंह ने बताया कि समिति द्वारा पांच दिसम्बर को बैठक में व्यक्तिगत स्पर्धा में एथलेटिक्स विधा में अनिवार्य रुप से प्रतियोगिता का आयोजन कराये जाने का निर्णय लिया गया है तथा कम से कम चार अन्य खेल विधाओं में खेल प्रतियोगिता का आयोजन कराया जायेगा तथा विधानसभा तिलोई के विकास खण्ड तिलोई, बहादुरपुर, सिंहपुर के इच्छुक विद्यालय के खिलाड़ियों व ग्रामीण अंचलों के समस्त खिलाड़ियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। इस क्रम में उन्होंने बताया कि उक्त प्रतियोगिता का आयोजन जनपद में तेरह व चौदह दिसम्बर को एसपीएन इण्टर कालेज तिलोई में सम्पन्न कराया जायेगा जिसमें प्रतिभागी को विधानसभा तिलोई का निवासी होने के साथ ही खिलाड़ियों का युवा साथी पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य होगा तथा खिलाड़ियों द्वारा आधार कार्ड की फोटोकॉपी एवं पासपोर्ट साइज का एक फोटो क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रा0वि0द0 अधिकारी तिलोई को उपलब्ध कराना होगा। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि उक्त आयोजित प्रतियोगिता हेतु इच्छुक खिलाड़ियों को अधिक जानकारी हेतु क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रा0वि0द0 अधिकारी तिलोई निधि श्रीवास्तव के मोबाइल नम्बर 9956499603 से सम्पर्क किया जा सकता है।

## पुलिस ने सत्तर ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को भेजा जेल

अमेठी। थाना मोहनगंज पुलिस ने मादक पदार्थो की बिक्री और तस्करी करने वाले लोगों के खिलाफ कड़ा रुख अख्तियार किया है। पुलिस ने नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत सत्तर ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत मंगलवार को क्षेत्राधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में थाना मोहनगंज के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह मय हमराह द्वारा संदिग्धों की चेकिंग व देखभाल क्षेत्र के दौरान अमर बहादुर पुत्र रामदास उर्फ दासे निवासी मेढ़ौना थाना मोहनगंज जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया जिसकी तलाशी में उसके कब्जे से सत्तर ग्राम स्मैक बरामद हुई है।इस सम्बंध में थाना मोहनगंज के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## सम्पादकीय

# निर्वाचन की विश्वसनीयता कायम रखना बहुत जरूरी है

किसी सच्चे लोकतंत्र में एक स्वतंत्र, निडर और गैर-पक्षपाती लोकपाल के बिना निष्पक्ष चुनाव नहीं हो सकते। हमारी संवैधानिक व्यवस्था ने यही भूमिका भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) को दी है। यदि यह धारणा बन जाए कि चुनाव आयोग की स्वायत्तता से समझौता किया जा चुका है तो पूरे तंत्र से भरोसा उठने लगेगा और चुनाव अपनी लोकतांत्रिक वैधता खो देंगे। चुनाव आयोग को अपनी मूल प्राधिकारी शक्तियां संविधान के अनुच्छेद 324 से मिलती हैं। यही प्रावधान संसद और विधानसभाओं के चुनावों के साथ-साथ राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति चुनावों पर भी आयोग को 'पर्यवेक्षण, निर्देशन और नियंत्रण' का अधिकार देता है। 1950 से 1980 के दशक के आखिरी वर्षों तक अपने मूल स्वरूप में चुनाव आयोग एक-सदस्यीय संस्था थी, जिसके मुखिया मुख्य निर्वाचन आयुक्त थे। लेकिन अनुच्छेद 324 में कुछ अन्य निर्वाचन आयुक्तों की परिकल्पना की गई, जिन्हें समय-समय पर राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किया जा सके। 1989 में संसद ने कानून बनाकर आयोग को तीन सदस्यीय संस्था बना दिया। 12 दिसम्बर 1990 को टीएन शेषन के मुख्य निर्वाचन आयुक्त बनने के साथ ही निर्वाचन आयोग चुनावों की निगरानी का एक ताकतवर संस्थान बन गया। शेषन ने वोटरों को रिश्वत-शराब बांटने, सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग और धर्म-जाति के नाम पर वोट मांगने जैसी 150 से ज्यादा चुनावी गड़बड़ियों की पहचान की। उन्होंने आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) को सख्ती से लागू कर इसे फिर से प्रभावी बनाया। मतदाता पहचान पत्र को अनिवार्य किया, चुनाव खर्च की सीमा तय की और मतदान वाले राज्य से बाहर के चुनाव अधिकारी नियुक्त किए जाने लगे। पहली बार स्वतंत्र पर्यवेक्षकों को तैनात किया गया, जिससे चुनावों में बाहुबल का इस्तेमाल काफी मुश्किल हो गया। शेषन की निगरानी में हुए 1992 के चुनावों में गड़बड़ियों के चलते कुछ निर्वाचन क्षेत्रों का चुनाव तक रद्द कर दिया गया था। 1993 में चुनाव खर्च का ब्योरा न देने पर संसदीय चुनाव के 1488 उम्मीदवारों को अयोग्य घोषित कर दिया गया। शेषन ताकतवर राजनेताओं से टकराने में नहीं हिचकते थे। नेताओं को उनका संदेश था कि चुनाव रेवड़ियां बांटने और धनबल-बाहुबल की नुमाइश का तमाशा नहीं है। लेकिन कोई अकेला व्यक्ति संस्थागत ईमानदारी बनाए रखने के लिए काफी नहीं हो सकता। क्योंकि निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया ही त्रुटिपूर्ण है। 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने सुझाव दिया था कि आयुक्तों के चयन में निष्पक्षता बनाए रखने के लिए चयन समिति में प्रधानमंत्री और नेता प्रतिपक्ष के साथ भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) को भी शामिल किया जाना चाहिए। लेकिन 2023 में ही सरकार ने सुप्रीम कोर्ट की सलाह को दरकिनार कर एक कानून के जरिए सीजेआई के स्थान पर मंत्रिमंडल के एक और सदस्य को समिति में शामिल कर दिया। इससे निर्वाचन आयुक्तों की चयन प्रक्रिया में सत्ताधारी दल को भारी फायदा मिल गया। दूसरे, इसी कानून में मुख्य निर्वाचन आयुक्त को शेष दो आयुक्तों को हटाने का अधिकार दे दिया गया, जिससे आयुक्तों के बीच समानता का दर्ज़ा समाप्त हो गया। ऐसे में आयुक्तों पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त, यहां तक कि सरकार के रुख से भी सहमत होने का दबाव बढ़ गया। पूर्व चुनाव आयुक्त अशोक लवासा के साथ जो हुआ, सबके सामने है। उन्होंने सत्ताधारी दल से असहमति जताने की हिम्मत दिखाई थी। तीसरे, शेषन के बाद आदर्श आचार संहिता कभी इतनी सख्ती से लागू नहीं हो पाई। ताजा उदाहरण लें। यों निर्वाचन आयोग पहले से जारी सरकारी योजनाओं तक में नगद सहायता के हस्तांतरण पर चुनाव से महीनों पहले रोक लगा देता है, लेकिन बिहार में आचार संहिता से एक घंटे पहले प्रति विधानसभा क्षेत्र 60 से 62 हजार महिलाओं के खाते में 10-10 हजार रुपए का वितरण रोकने के लिए उसने कुछ नहीं किया।

# बंगाल में उभरते हिन्दू स्वरों में बदलते राजनीतिक समीकरण

**पश्चिम बंगाल में बाबरी मस्जिद पुनर्निर्माण का मुद्दा उठाना मानो एक सोए हुए राक्षस को जगाने जैसा है, क्योंकि यह केवल एक मस्जिद का प्रश्न नहीं बल्कि देश की एकता, अखंडता और सांप्रदायिक सौहार्द की कसौटी है। सदियों से चला आ रहा बाबरी विवाद भारत की सामाजिक चेतना पर गहरे जख्म छोड़ चुका है-जिसने राजनीति को उग्र बनाया, समुदायों को बाँटा और नफरत व हिंसा के बीज बोए। ऐसे समय में जब राष्ट्र विभिन्न संकटों से जूझ रहा है, इस विवाद को नए भूगोल में स्थानांतरित कर हवा देना सामाजिक सामंजस्य एवं राष्ट्रीय एकता के लिए घातक हो सकता है। सद्भाव और शांति की बुनियाद पर खड़े भारत को ऐसे मुद्दों की आवश्यकता है जो एकता को मजबूत करें, न कि पुराने घाव कुरेदकर समाज में तनाव और अविश्वास पैदा करें। अतः आवश्यक है कि नेतृत्व इस संवेदनशील विषय को विवेक, संवाद और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखकर संभाले, ताकि भारत का बहुलतावादी चरित्र और साझा सभ्यता सुरक्षित रह सके। निश्चित ही बाबरी मस्जिद विवाद को हवा देकर कुछ मुस्लिम संगठनों और राजनीतिक वर्गों ने तनाव का वातावरण खड़ा किया है। इन दो समानांतर धाराओं की टकराहट ने बंगाल को विमर्श के केंद्र में ला दिया है कि क्या राज्य में हिंदू संगठित होकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की हिन्दू-विरोधी साजिशों एवं षडयंत्रों का अंत चाहते हैं? बंगाल परंपरा से बौद्धिक और सांस्कृतिक बहुलता का प्रदेश रहा है, लेकिन हाल के वर्षों में हिंदू सामाजिक मानस में एक बदलाव दिख रहा है। गजवा हिंद के प्रलापों के प्रतिकार में भगवा हिंद का संकल्प उभर रहा है। पांच लाख से अधिक हिंदुओं द्वारा एक साथ गीता पाठ करना इसी उभार का संकेत है, जिसमें धर्म प्रदर्शन शक्ति और अस्मिता के रूप में सामने आता है। साध्वी ऋतंभरा के वक्तव्यों ने इस उभार को एक नया स्वर दिया है।**

पश्चिम बंगाल इन दिनों धार्मिक और राजनीतिक उफान का केंद्र बना हुआ है। बाबरी मस्जिद विवाद को लेकर मुस्लिम संगठनों और राजनीतिक समूहों की सक्रियता के बीच हिन्दू धर्मगुरुओं एवं संगठनों की मोर्चाबंदी ने क्या हिंदू क्रांति का शंखनाद किया है? क्या यह आगामी विधानसभा चुनावों में हिंदू वोटों को एकत्र करने का नया एजेंडा है, या पश्चिम बंगाल में लगातार हिन्दुओं पर हो रहे हमलों, उनको कुचलने की कुचेष्टाओं एवं मुस्लिम तुष्टीकरण का माकुल जबाव है। बाबा बागेश्वर धाम-धीरेन्द्र शास्त्री सहित अनेक हिंदू धर्मगुरुओं के प्रवचनीय हस्तक्षेप, लाखों लोगों द्वारा सामूहिक गीता पाठ और संतों की हुंकार से एक नई चेतना आकार लेती दिखाई दे रही है। यह उभार महज आस्था का नहीं, बल्कि पहचान, सुरक्षा और गौरव के भावों का उभार है। पश्चिम बंगाल में बाबरी मस्जिद पुनर्निर्माण का मुद्दा उठाना मानो एक सोए हुए राक्षस को जगाने जैसा है, क्योंकि यह केवल एक मस्जिद का प्रश्न नहीं बल्कि देश की एकता, अखंडता और सांप्रदायिक सौहार्द की कसौटी है। सदियों से चला आ रहा बाबरी विवाद भारत की सामाजिक चेतना पर गहरे जख्म छोड़ चुका है-जिसने राजनीति को उग्र बनाया, समुदायों को बाँटा और नफरत व हिंसा के बीज बोए। ऐसे समय में जब राष्ट्र विभिन्न संकटों से जूझ रहा है, इस विवाद को नए भूगोल में स्थानांतरित कर हवा देना सामाजिक सामंजस्य एवं राष्ट्रीय एकता के लिए घातक हो सकता है। सद्भाव और शांति की बुनियाद पर खड़े भारत को ऐसे मुद्दों की आवश्यकता है जो एकता को मजबूत करें, न कि पुराने घाव कुरेदकर समाज में तनाव और अविश्वास पैदा करें। अतः आवश्यक है कि नेतृत्व इस संवेदनशील विषय को विवेक, संवाद और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखकर संभाले, ताकि भारत का बहुलतावादी चरित्र और साझा सभ्यता सुरक्षित रह सके। निश्चित ही बाबरी मस्जिद विवाद को हवा देकर कुछ मुस्लिम संगठनों और राजनीतिक वर्गों ने तनाव का वातावरण खड़ा किया है। इन दो समानांतर धाराओं की टकराहट ने बंगाल को विमर्श के केंद्र में ला दिया है कि क्या राज्य में हिंदू संगठित होकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की हिन्दू-विरोधी साजिशों एवं षडयंत्रों का अंत चाहते हैं? बंगाल परंपरा से बौद्धिक और सांस्कृतिक बहुलता का प्रदेश रहा है, लेकिन हाल के वर्षों में हिंदू सामाजिक मानस में एक बदलाव दिख रहा है। गजवा हिंद के प्रलापों के प्रतिकार में भगवा हिंद का संकल्प उभर रहा है। पांच लाख से अधिक हिंदुओं द्वारा एक साथ गीता पाठ करना इसी उभार का संकेत है, जिसमें धर्म प्रदर्शन शक्ति और अस्मिता के रूप में सामने आता है। साध्वी ऋतंभरा के वक्तव्यों ने इस उभार को एक नया स्वर दिया है। उनका स्पष्ट कथन कि यह धरती प्रभु श्रीराम की है और श्रीराम की ही रहेगी बंगाल सहित पूरे देश के हिंदू मानस में गूंज रहा है। यह कथन सिर्फ आस्था की घोषणा नहीं, बल्कि सांस्कृतिक अधिकार और आधिपत्य की अनुभूति का उद्घोष है। उनके भाषणों में उभरती चेतावनी है कि यदि हिंदू अपनी संस्कृति, परंपरा और मंदिरों की रक्षा के लिए नहीं उठे तो इतिहास स्वयं उनसे जवाब मांगेगा। इस पृष्ठभूमि में बाबरी विवाद का पुनर्स्मरण राजनीति का साधन भी प्रतीत होता है। मुस्लिम संगठनों द्वारा इसकी मांगों को आगे बढ़ाना और नेताओं द्वारा इसे मुद्दा बनाना निश्चित ही सामाजिक भावना को चुनौती देता है। इसका प्रतिउत्तर धार्मिक मंचों से आया है, जहां प्रवचनों और सभाओं ने इसे हिंदू गौरव और अस्तित्व के प्रश्न के रूप में चित्रित किया है। ऐसे में यह कहना असंगत नहीं कि बंगाल की जमीन पर हिंदू पहचान की राजनीति तेजी से आकार ले रही है और हिन्दू धर्मगुरुओं के स्वर इसे वैचारिक ऊर्जा प्रदान कर रहे हैं। उनका यह कथन कि राम का नाम अनंत है, पर पुरुषार्थ के बिना सिर्फ नाम से रामराज्य नहीं आएगा एक सीधा संकेत है कि हिंदू समाज को संगठित, सक्रिय और आत्मनिर्भर होना होगा। इस व्यापक परिदृश्य का मुख्य केंद्रबिंदु राजनीति है। क्या यह सब आगामी विधानसभा चुनावों का संकेत है? बंगाल की राजनीति लंबे समय से मुस्लिम मतदाताओं की निर्णायक भूमिका के आसपास घूमती रही है और ममता बनर्जी ने मुस्लिम समाज के भरोसे को अपने समर्थन की नींव बनाया है। परंतु यदि हिंदू मतदाता नए सांस्कृतिक उभार से प्रेरित होकर एकजुट होते हैं, तो पहली बार बंगाल की सत्ता-समीकरण बदल सकते हैं। भाजपा और संघ परिवार का प्रयास भी इसी दिशा में है कि धार्मिक सम्मेलनों को राजनीतिक चेतना का मंच बनाकर हिंदू अस्मिता को वैचारिक शक्ति प्रदान करना। भाजपा, आरएसएस, विश्व हिंदू परिषद और धार्मिक प्रवचनीय हस्तक्षेपों द्वारा बंगाल में हिंदू एकता और पहचान को जागृत करने की रणनीति अपनाई जा रही है। इस राजनीतिक परिपाटी में बाबा बागेश्वर जैसे मंच प्रभावी भूमिका निभा रहे हैं, धर्म-सम्मेलनों को राजनीतिक चेतना की पाठशाला में बदला जा रहा है। साध्वी ऋतंभरा का बंगाल में सक्रिय होना उसी रणनीति की कड़ी है, क्योंकि उनका सशक्त भाषण हिंदू भावनाओं को झकझोरता है। बंगाल जिसकी पहचान बौद्धिक विनम्रता, कविता, महात्म्य और सहिष्णुता से जुड़ी रही है, वह अब टकराव, ध्रूवीकरण और प्रतिआक्रामकता की ओर बढ़ता दिख रहा है। हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों में भावनात्मक आवेश बढ़ रहा है और नेताओं द्वारा इस माहौल को चुनावी लाभ के लिए साधने की त्रासद कोशिशें तेज हैं। यह परिस्थिति बंगाल के सामाजिक ताने-बाने के लिए चुनौतीपूर्ण है। फिर भी एक बात निर्विवाद है-बंगाल में एक नई चेतना, एक नई आकांक्षा जन्म ले रही है। यह पूर्ण क्रांति है या क्रांति का शंखनाद, यह कहना अभी जल्दबाजी होगा, परन्तु प्रारंभिक संकेत स्पष्ट हैं। हिंदू पहचान की राजनीति बंगाल में निर्णायक होती जा रही है, मुस्लिम वोट-बैंक की राजनीति पहली बार चुनौती में दिखाई दे रही है और ममता बनर्जी की सत्ता को सांस्कृतिक विरोध का नया मोर्चा मिला है। अब यह समय बताएगा कि यह उभार सत्ता बदलता है या सामाजिक संवाद को बदलता है। लेकिन इतना तो तय है कि बंगाल की राजनीति अब केवल विकास, योजनाओं और नेतृत्व की नहीं, बल्कि पहचान, इतिहास और प्रभुत्व की राजनीति बन चुकी है। यही कारण है कि धार्मिक मंचों की आवाज़ें चुनावी मैदान की धड़कन बन रही हैं। बंगाल अपने निर्णायक मोड़ पर खड़ा है-जहाँ राम का दावा और राम की भूमि का संकल्प राजनीति, समाज और भविष्य तीनों को प्रभावित करने वाला तत्व बन चुका है। न केवल मुस्लिम तुष्टिकरण बल्कि भ्रष्टाचार से लेकर मनमर्जी एवं तानाशाही का शासन चलाना मुख्यमंत्री ममता बनर्जी प्रक्रिया बन गयी है। ममता वोट बैंक की राजनीति के लिये कानून की धज्जियां बार-बार उड़ाती रही है। ममता बनर्जी का एकमात्र लक्ष्य मुसलमानों के वोट बैंक को बरकरार रखना रह गया है। मुद्दा चाहे रोहिंग्या मुसलामानों के अवैध प्रवेश का हो या फिर बांग्लादेशियों का या अब बाबरी मस्जिद का। इसके लिए ममता ने देश की एकता-अखंडता और सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को नजरअंदाज किया है, कानून से खिलवाड़ जितना पश्चिमी बंगाल में हुआ है उतना शायद ही देश के किसी दूसरे राज्यों में हुआ हो। तृणमूल कांग्रेस हिन्दुओं को पश्चिम बंगाल में सेकेंड क्लास सिटिज़न एवं अल्पसंख्यक बनाना चाहती है। मुस्लिम तुष्टीकरण की उसकी सोच एवं नीति न केवल उनके घोषणा-पत्रों में बल्कि उनके बयानों में स्पष्ट झलकती रही है। ममता ने मुस्लिम तुष्टीकरण की राजनीति की है, तृणमूल कांग्रेस का एकतरफा रवैया हमेशा से समाज को दो वर्गों में बांटता रहा है एवं सामाजिक असंतुलन तथा रोष का कारण रहा है। बदले हुए राजनीतिक हालात इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि किसी भी एक वर्ग की अनदेखी कर कोई भी दल राजसत्ता का आनंद नहीं उठा सकता। पश्चिम बंगाल में जो चल रहा है वह महज 'बागेश्वर बनाम बाबरी विवाद' नहीं है, यह सांस्कृतिक-धार्मिक पुनर्स्थापन की कोशिश बनाम राजनीतिक मुस्लिम केंद्रवाद की प्रतिस्पर्धा है। अभी के लिए, बंगाल की जमीन पर धर्म, राजनीति और पहचान का नया त्रिकोण उभर चुका है और वही आने वाले समय में बंगाल की राजनीतिक दिशा, सामाजिक संबंधों और सत्ता के समीकरणों को आकार देगा। **–ललित गर्ग**

# भ्रष्टाचार को जड़ से मिटाने के लिए सामाजिक चेतना और जागरूकता अनिवार्य

**डॉ. राघवेंद्र शर्मा**

भ्रष्टाचार किसी भी राष्ट्र की प्रगति में सबसे बड़ी बाधा और समाज की जड़ों को खोखला करने वाली एक लाइलाज बीमारी के समान है। हर साल 9 दिसंबर को 'अंतर्राष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी दिवस' मनाया जाता है, जो हमें याद दिलाता है कि एक पारदर्शी और न्यायपूर्ण समाज का निर्माण केवल सरकारी नीतियों से नहीं, बल्कि सामूहिक नागरिक चेतना से ही संभव है। इस वर्ष का यह दिवस न केवल भ्रष्टाचार के खिलाफ वैश्विक एकजुटता का प्रतीक है, बल्कि भारत के संदर्भ में यह आत्म-मंथन का भी समय है कि हमने इस ''सामाजिक बुराई'' से निपटने में कितनी दूरी तय की है और अभी कितनी राह बाकी है। भारतीय राजनीति और प्रशासन के इतिहास में एक दौर वह भी था, जब भ्रष्टाचार को व्यवस्था का हिस्सा मान लिया गया था। देश के एक पूर्व प्रधानमंत्री ने स्वयं स्वीकार किया था कि केंद्र सरकार जब दिल्ली से 1 रुपया भेजती है, तो गरीब की जेब तक केवल 15 पैसे ही पहुँचते हैं। वह 85 पैसों का 'लीकेज' बिचौलियों, भ्रष्ट अधिकारियों और पारदर्शी तंत्र के अभाव की भेंट चढ़ जाता था। यह केवल आर्थिक हानि नहीं थी, बल्कि करोड़ों देशवासियों के भरोसे की हत्या थी। संसाधनों का यह असमान वितरण और संस्थागत भ्रष्टाचार ही वह कारण था, जिसने दशकों तक भारत के विकास की गति को थामे रखा। वर्तमान परिदृश्य में, विशेषकर पिछले दशक में, भारत ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध तकनीकी प्रहार किया है। मोदी सरकार की वर्तमान कार्य प्रणाली और 'डिजिटल इंडिया' अभियान ने शासन में अभूतपूर्व पारदर्शिता का संचार किया है। डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर की नीति ने उन बिचौलियों को व्यवस्था से बाहर कर दिया है जो गरीबों का हक मारते थे। आज जब केंद्र से पैसा चलता है, तो वह सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में बिना किसी कटौती के पहुँचता है। भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने में कुछ प्रमुख कारकों ने बड़ी भूमिका निभाई है। सरकारी सेवाओं का डिजिटलीकरण होने से मानवीय हस्तक्षेप कम हुआ है, जिससे 'सुविधा शुल्क' या रिश्वत की गुंजाइश घटी है। जीएसटी जैसी एकीकृत कर प्रणाली ने कर चोरी को कठिन बना दिया है और व्यापारिक लेन-देन में पारदर्शिता बढ़ाई है। बेनामी संपत्ति अधिनियम और भगोड़े आर्थिक अपराधी कानून जैसे कदमों ने भ्रष्टाचारियों के मन में कानून का भय पैदा किया है।?भ्रष्टाचार केवल फाइलों या दफ्तरों तक सीमित नहीं है। यह एक मानसिक प्रवृत्ति भी है। अक्सर हम तंत्र को दोष देते हैं, लेकिन अपनी सुविधा के लिए शॉर्टकट खोजने से नहीं चूकते। तब यह नारा अत्यंत प्रासंगिक है कि ''सुधार की शुरुआत स्वयं से करनी होगी।'' यदि समाज भ्रष्टाचार को सामाजिक रूप से बहिष्कृत करना शुरू कर दे और नागरिक 'लेने' और 'देने' दोनों से इनकार कर दें, तो कोई भी भ्रष्ट तंत्र अधिक समय तक जीवित नहीं रह सकता। 'हम सुधरेंगे, जग सुधरेगा' का मंत्र हमें यह सिखाता है कि ईमानदारी एक व्यक्तिगत विकल्प है जो आगे चलकर एक सामाजिक क्रांति का रूप ले लेती है। जब प्रत्येक व्यक्ति अपने कार्यक्षेत्र में सत्यनिष्ठा अपनाता है, तो भ्रष्टाचार की जड़ें अपने आप कमजोर होने लगती हैं। कानून और तकनीक भ्रष्टाचार को कम तो कर सकते हैं, लेकिन इसे जड़ से मिटाने के लिए सामाजिक चेतना और जागरूकता अनिवार्य है। जब तक समाज में भ्रष्टाचार के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' (शून्य सहनशीलता) का भाव पैदा नहीं होगा, तब तक इस बुराई का पूर्ण उन्मूलन संभव नहीं है। जिसके लिए आगामी समय में हमें कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। जैसे- स्कूलों और परिवारों में ईमानदारी को सर्वोच्च मूल्य के रूप में स्थापित करना। उन साहसी लोगों को सुरक्षा प्रदान करना जो भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाते हैं। लोक सेवकों को जनता के प्रति जवाबदेह बनाना ताकि वे स्वयं को 'स्वामी' नहीं बल्कि 'सेवक' समझें। 9 दिसंबर का यह अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी दिवस केवल एक औपचारिक दिवस नहीं, बल्कि एक प्रतिज्ञा का दिन है। भारत आज विश्व पटल पर एक महाशक्ति के रूप में उभर रहा है। इस गौरवशाली यात्रा में भ्रष्टाचार की बेड़ियाँ हमारे पैरों में नहीं पड़नी चाहिए। सरकार ने नीतिगत स्तर पर पारदर्शिता का जो ढांचा तैयार किया है, उसे सशक्त बनाने की जिम्मेदारी अब समाज की है। भ्रष्टाचार मुक्त भारत का सपना तभी साकार होगा जब 140 करोड़ भारतीय यह ठान लेंगे कि वे न तो भ्रष्टाचार का हिस्सा बनेंगे और न ही इसे मूकदर्शक बनकर सहेंगे। आइए, इस अंतर्राष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी दिवस पर हम स्वयं से सुधार का संकल्प लें, क्योंकि पारदर्शी भारत ही समृद्ध भारत की नींव है।

## सेहत मंत्र

# हृदय को स्वस्थ और ब्लड प्रेशर कंट्रोल करता है चुकंदर

चुकंदर, सुपरफूड के रूप में काफी लोकप्रिय हो रहा है। हाल के अध्ययनों का दावा किया गया है कि चुकंदर का रस एथलीट और जिम करने वालों के प्रदर्शन में सुधार कर सकता है, यह रक्तचाप को कम कर सकता है और रक्त के प्रवाह को बढ़ा सकता है। दरअसल, भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन के तहत हाल ही में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ हर्षवर्धन ने चुकंदर को अपने आहार में शामिल करने के महत्व के बारे में बताया है। ईट राइट इंडिया 'ईट हेल्दी' और 'ईट सेफ' के दो बड़े स्तंभों पर निर्मित है, जिसका उद्देश्य नागरिकों को उनके स्वास्थ्य और कल्याण को बेहतर बनाने के लिए उत्साहित करना और सक्षम बनाना है। केंद्रीय मंत्री डॉ हर्षवर्धन ने अपने ट्विटर पर एक पोस्ट डालते हुए लिखा, ''चुकंदर एक जड़ वाली सब्जी है जो आयरन, मैंगनीज, विटामिन सी, फोलेट और फाइबर जैसे आवश्यक पोषक तत्वों से भरा होता है। एक अच्छे सलाद के तौर पर जाना जाने वाला चुकंदर, नाइट्रेट में समृद्ध है जो हृदय स्वास्थ्य को सुनिश्चित करता है। यह रक्तचाप को भी कम करता है।'' आइए हम आपको यहां चुकंदर के अन्य स्वास्थ्य लाभों के बारे में बता रहे हैं। चुकंदर में एक एंटीऑक्सिडेंट होता है जिसे अल्फा-लिपोइक एसिड कहा जाता है। यह यौगिक ग्लूकोज के स्तर को कम करने में मदद कर सकता है। एक कप चुकंदर 3.81 ग्राम फाइबर प्रदान करता है। पाचन को बेहतर बनाने और आंत को स्वस्थ रखने के लिए पर्याप्त फाइबर का सेवन आवश्यक है। कुछ अध्ययनों में पाया गया है कि चुकंदर का रस वर्कआउट रिकवरी और एथलीट के लिए उर्जा का अच्छा स्त्रोत हो सकता है। उच्च रक्तचाप वाले 68 लोगों के 2015 के अध्ययन में हर दिन 250 मिलीलीटर चुकंदर का रस पीने के प्रभावों की जांच की गई। जिसमें शोधकर्ताओं ने पाया कि ऐसा करने से रक्तचाप में काफी कमी आई है। यह कैंसर कारकों को मारने में भी सक्षम होता है।

## धर्म मंत्र

# शुक्ल पक्ष में शुरू करें गुरुवार का व्रत, मिलेगा मनचाहा लाभ

अगर आप जीवन में आने वाली तरह-तरह की परेशानियों से छुटाकारा पाना चाहते हैं तो गुरुवार का व्रत आपके लिए लाभदायी होगा। लेकिन क्या आप जानते हैं कि गुरुवार का व्रत एक खास दिन शुरू किया जाता है अगर नहीं तो आइए हम आपको गुरुवार का व्रत शुरु करने के कुछ नियम बताते हैं। हिंदू धर्म में बृहस्पति को ज्ञान, सौभाग्य और सुख देने वाला माना गया है। इसलिए जीवन में सभी प्रकार के सुखों को पाने के लिए गुरुवार का व्रत कर सकते हैं। साथ ही विशेष कामना की पूर्ति हेतु भी बृहस्पति देव की आराधना का विधान है। इस प्रकार गुरुवार के व्रत जीवन में सभी प्रकार की सुख और समृद्धि प्राप्त होती है। गुरुवार का व्रत उन्होंने लोगों के लिए विशेष रूप से फलदायी होता है जिनकी कुंडली में बृहस्पति ग्रह खराब होता है। साथ ही विवाह में आ रही रूकावट को खत्म करने के लिए बृहस्पतिवार के दिन व्रत रख सकते हैं। अगर आप संतान सुख से वंचित हैं, पेट और मोटाप से समस्या से परेशान हैं तो यह व्रत निःसंदेह ही आपके लिए लाभदायी होगा। गुरुवार का व्रत बहुत खास होता है। इसलिए यह एक खास मुहूर्त में ही शुरू करना चाहिए। इसलिए आपके लिए गुरुवार का व्रत शुक्ल पक्ष में गुरुवार व अनुराधा के योग से शुरू करना अच्छा होगा। यह व्रत कितने समय तक रहना चाहिए इस भी कुछ नियम है। आप चाहे तो 1, 3, 5, 7, 9, 11 या 1 से 3 साल या जीवन भर रख सकते हैं। हिन्दू धर्म में गुरुवार के व्रत का बहुत महत्व होता है।

## पर्यटन



# धरती में रहकर देखना है स्वर्ग तो एक बार जरूर जाएं कश्मीर

कश्मीर को धरती का स्वर्ग यूं ही नहीं कहा जाता। यहां की खूबसूरत वादियां, ऊंची-ऊंची पहाड़ियां, झीले और खूबसूरत जंगल किसी का भी मन मोह लेते हैं। हर व्यक्ति कम से कम एक बार तो कश्मीर जाना ही चाहता है। वैसे अगर आप भी कश्मीर जाने का मन बना रहे हैं तो इन जगहों का आनंद जरूर उठाएं। गूरेज घाटी- बहुत से लोग इस शायद इस घाटी के बारे में ना जानते हों, लेकिन यह जम्मू कश्मीर में एक बेहतरीन जगह है। लगभग 8000 फीट की उंचाई पर स्थित इस जगह की खूबसूरती देखते ही बनती है। यहां पर आने वाले सैलानी रॉक क्लाइंबिंग, फिशिंग और ट्रैकिंग का लुत्फ भी उठाते हैं। आप यहां पर गंगाबल झील व कई ऊंचे-ऊंचे पहाड़ स्थित हैं। श्रीनगर- जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर कश्मीर की सबसे खूबसूरत जगहों में से एक है। अगर आप कश्मीर जा रहे हैं तो आप डल झील पर शिकारा की सवारी जरूर करे। यह भारत की सबसे खूबसूरत झीलों में से एक है और जम्मू?कश्मीर की दूसरी सबसे बड़ी झील। इसके अलावा आप शंकराचार्य मंदिर से शहर का नजारा देख सकते हैं। गुलमर्ग- समुद्र तल से 2730 मीटर की ऊंचाई पर स्थित, गुलमर्ग एक लोकप्रिय स्कीइंग डेस्टिनेशन है। चारों ओर बर्फ से ढंके हुए ऊंचे हिमालय, फूलों की घास, गहरी खड्डों, सदाबहार वन घाटियों से घिरा, गुलमर्ग में दुनिया की दूसरी सबसे ऊंची गोंडोला सवारी भी है। वैसे गुलमर्ग अब एक एंडवेचर हब के रूप में भी विकसित हो रहा है, क्योंकि इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ स्कीइंग और माउंटेनियरिंग यहां स्थित है। पहलगाम- पहलगाम में आपको एक अद्भुत प्राकृतिक सौंदर्य का नजारा देखने को मिलता है। अगर आप कश्मीर जा रहे हैं तो यहां के मनलुभावन प्राकृतिक नजारे का आनंद जरूर लें। यहां पर आपको छोटे-छोटे घर, हरे-भरे खेत और केसर के खेत व घाटियों का नजारा दिखेगा। आप यहां पर फिशिंग का मजा भी ले सकते हैं।

# कोटी जनों पे वो इक भारी, मेरे अटल बिहारी, मेरे अटल बिहारी!!

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बाराबकी। संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली और शैल हस्तकला विकास समिति सरावगी बाराबंकी के द्वारा, पूर्व प्रधानमंत्री माननीय अटल बिहारी वाजपेई जी की जन्म शताब्दी पर सेमिनार और कवि सम्मेलन आयोजित किया गया, मुख्य अतिथि रहे भाजपा नेता सिद्धार्थ अवस्थी जी, कार्यक्रम दो सत्रों में हुआ प्रथम सत्र सेमिनार का व द्वितीय सत्र कवि सम्मेलन का,, राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त लोकप्रिय वक्ता एवं कवियों ने कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की, जिनके नाम थे ...श्याम सुंदर दीक्षित जी कृष्णकांत चतुर्वेदी मनोज मिश्रा सीत, प्रदीप सारंग,लता श्रीवास्तव, रत्नेश शुक्ला, कृष्ण कान्त चतुर्वेदी,मनीष बैसवार,मालती बच्चन,ओम शर्मा, लोकेश त्रिपाठी,,सभी को पुष्प माला, अंग वस्त्र मोमेंटम,बुके, पौधे व प्रशस्ति पत्र देकर समिति की डायरेक्टर ईरा शुक्ला व कोषाध्यक्ष श्रीमती चारुलता शुक्ला ने सम्मानित किया ,,,गोष्ठी की अध्यक्षता की हिन्दी के महान विद्वान शिक्षक प्रखर वक्ता श्री श्याम सुंदर दीक्षित जी ने और कवि सम्मेलन की अध्यक्षता की अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि एवं शायर राम प्रकाश बेखुद जी ने, कार्यक्रम का सफल संचालन कवियत्री शायरा अवधी साहित्यकार, आकाशवाणी दूरदर्शन की पूर्व उद्घोषिका श्रीमती किरण भारद्वाज जी ने किया,,, इस अवसर पर अनेक गंणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही,,गुलजार बानों, सहर जावेद फ़ारुखी़, प्रमिला श्रीवास्तव, कौशल किशोर त्रिपाठी, आकाश वैभव नन्दिनी श्वेता सिद्धार्थ, शिशिर, नलिनी शुक्ला पत्रकार फ़हीम सिद्दीकी व तमाम विशिष्ट व्यक्तियों की उपस्थिति रही।

## एसपी ने किया पुलिस चौकी पोखरा भवन व बैडमिंटन कोर्ट का हुआ उद्घाटन

# ग्रामीण अंचलों में पुलिसिंग को और प्रभावी बनाएगी चौकी : अर्पित विजयवर्गीय

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। पुलिस अधीक्षक बाराबंकी श्री अर्पित विजयवर्गीय ने थाना हैदरगढ़ क्षेत्रान्तर्गत नवनिर्मित पुलिस चौकी पोखरा के कार्यालय व बैरक तथा थाना परिसर में तैयार बैडमिंटन कोर्ट का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी राजेश विश्वकर्मा, क्षेत्राधिकारी हैदरगढ़ समीर कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक अभिमन्यु मल्ल सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने कहा कि चौकी पोखरा का नया भवन ग्रामीण क्षेत्र में पुलिसिंग को और प्रभावी बनाएगा। बेहतर कार्य-परिस्थितियाँ मिलने से पुलिस बल की कार्यक्षमता बढ़ेगी और जनता को त्वरित सुरक्षा उपलब्ध कराना आसान होगा। हमारा लक्ष्य है कि हर थाने-चौकी को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाए।उपजिलाधिकारी राजेश विश्वकर्मा ने कहा कि चौकी बनने से स्थानीय विवादों, ग्रामीण समस्याओं और आपात घटनाओं पर प्रतिक्रिया समय कम होगा तथा प्रशासन और जनता के बीच समन्वय भी अधिक मजबूत होगा।क्षेत्राधिकारी समीर कुमार सिंह ने कहा कि पहले इस क्षेत्र में पुलिस बल को दूरी तय करनी पड़ती थी, लेकिन चौकी के संचालन के बाद गश्त, निगरानी और अपराध नियंत्रण की प्रक्रिया और अधिक सशक्त होगी।प्रभारी निरीक्षक अभिमन्यु मल्ल ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या और क्षेत्रीय दबाव को देखते हुए चौकी का निर्माण आवश्यक था। इससे पुलिसकर्मियों को रहने, विश्राम और काम करने के लिए बेहतर सुविधा मिलेगी, जिसका सीधा लाभ जनता को मिलेगा।

**चौकी स्थापना के लाभ, स्थानीय सुरक्षा को मिलेगी नई मजबूती**

चौकी के संचालन से घटनास्थल तक पहुँचने में लगने वाला समय कम होगा और पुलिस की त्वरित प्रतिक्रिया संभव होगी। स्थानीय विवादों का निस्तारण चौकी स्तर पर ही आसानी से हो सकेगा। नियमित गश्त और निगरानी से अपराध नियंत्रण और अधिक मजबूत होगा तथा जनता और पुलिस के बीच विश्वास और सहयोग में वृद्धि होगी। बैरक निर्माण से पुलिसकर्मियों को बेहतर सुविधा प्राप्त होगी, वहीं थाने में बने बैडमिंटन कोर्ट से उनका मनोबल और शारीरिक फिटनेस भी मजबूत हो ।

# पुण्यतिथि पर केदार बाबू को भावभीनी श्रद्धांजलि



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। भाजपा के कद्दावर नेता स्मृति शेष बाबू केदार बख्श सिंह को 5 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर कृतज्ञ जनमानस द्वारा भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर गरीब बेसहारा लोगों को कंबल भी वितरित किए गए।कार्यक्रम में बताओ और मुख्य अतिथि पधारे मंत्री सतीश चंद्र शर्मा , अनुसूचित जाति जनजाति अध्यक्ष बैजनाथ रावत ,जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत,जिलाध्यक्ष राम सिंह वर्मा भुल्लन,अरविंद मौर्या,अवधेश श्रीवास्तव संतोष सिंह शरद अवस्थी ,अजीत प्रताप सिंह,राम नाथ मौर्या,हरगोविंद सिंह, धीरेन्द्र वर्मा,आदित्य सिंह टाइगर,राम बाबू द्विवेदी,अम्बरीष रावत जी,प्रमोद तिवारी,सहित वरिष्ठ पदाधिकारीगण एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि गण भी आयोजन में सम्मिलित हुए। करीब 500 कंबल असहाय गरीबों में वितरित किए गए। कार्यक्रम का संयोजन स्वर्गीय बाबूजी के पौत्र रोहित सिंह जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा द्वारा किया गया।

# दुर्गा वाहिनी का नशा मुक्ति अभियान का शुभारंभ, किया गया जागरूक

कैनविज टाइम्स संवाददाता




रामनगर बाराबंकी। विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी के द्वारा बीपी शुक्ला इंटर कॉलेज के प्रांगण में मंगलवार को नशा मुक्त युवा विकसित भारत कार्यक्रम आयोजित किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विभाग बौद्धिक प्रमुख व वी पी शुक्ला इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ नन्हे सिंह दुर्गा वाहिनी विभाग संयोजिका नेहा मिश्रा जिला संयोजिका लीना श्रीवास्तव व वीएचपी जिला मंत्री राहुल कुमार ने संयुक्त रूप से भारत माता के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग बौद्धिक प्रमुख व वी पी शुक्ला इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ नन्हे सिंह ने कहा कि मनुष्य की प्रगति को प्रभावित करने वाली गतिविधि नशा है। जिससे मनुष्य व राष्ट्र की प्रगति प्रभावित हो उसका परित्याग कर देना चाहिए। नशा के प्रति बच्चों व महिलाओं में सजगता की आवश्यकता है। दुर्गा वाहिनी विभाग संयोजिका नेहा मिश्रा ने कहा कि नशा शरीर के साथ समाज को खोखला करता है। बेटियां सृष्टि का सृजन करने वाली हैं नशा उन्मूलन में छात्र-छात्राओं के महत्वपूर्ण भूमिका है। दुर्गा वाहिनी जिला संयोजिका लीना श्रीवास्तव ने छात्रों को नशा मुक्ति का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर जिला मंत्री राहुल कुमार प्रखंड मंत्री कृष्ण कुमार निगम अशोक वर्मा विष्णु निगम कृष्ण गोपाल निगम उमंग मौर्य विनोद वर्मा छवि शुक्ला सहित कई सैकड़ा छात्र-छात्राएं उपस्थित रही।

## डीडीसी जवाहर ने जनता को सौंपा संपर्क मार्ग

**बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिला पंचायत द्वारा 26.72 लाख की लागत से रामसनेहीघाट क्षेत्र गांव केवल तिवारीपुरवा से वीर तक 440 मीटर संपर्क मार्ग का लेपन कार्य का शिलान्यास जिला पंचायत सदस्य अभिषेक वर्मा व भाजपा नेता जवाहर वर्मा की अगुवाई में किया गया।इस अवसर पर उदय राज रावत,जितेंद्र शर्मा,ललित मंगल तिवारी,मनोज मिश्रा,नन्हा वर्मा, विनय मिश्रा,मधुकर तुवारी, सुनील वर्मा,राम मिलन,संदीप वर्मा,दुर्गेश वर्मा मंटू सहित समस्त ग्रामीण उपस्थित रहे।

## वैगनआर ले उड़े चोर

निंदूरा **बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कुर्सी थाना क्षेत्र के अनवारी निवासी संजीव गुप्ता के अस्ती रोड स्थित घर के सामने रात में रोज की बात खड़ी वेगनार कार सोमवार की रात अज्ञात बदमाश चोरी कर ले गए। सुबह जब सो कर उठे और दरवाजे पर कार न देख उसने आसपास तलाश शुरू की, लेकिन कोई पता नहीं लगा। पीड़ित ने स्थानीय थाने में तहरीर दी है।उमरा चौकी इंचार्ज अखिलेश प्रजापति ने बताया कि 2009 माडल की वैगन-आर कार चोरी हुई है।मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## वरदान बना शक्ति केंद्र फिर मिले पति पत्नी

**निंदूरा, बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मिशन शक्ति केंद्र में मंगलवार को परिवारिक विवाद से जूझ रहे एक परिवार के लिए वरदान बना।उम्मीद की नई रोशनी मिली। जगसेड़ा निवासी रईस पुत्र मोहम्मद शाहिद द्वारा अपनी पुत्री शाजिया से जुड़े विवाद को लेकर दिए गए प्रार्थना पत्र पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों पक्षों को नौ दिसंबर को थाने बुलाया। थाना परिसर में वरिष्ठ उपनिरीक्षक योगेंद्र मिश्रा, उपनिरीक्षक अनिल पांडेय तथा महिला कांस्टेबल अनुराधा बाजपेई ने धैर्यपूर्वक दोनों पक्षों की बातें सुनीं और मामले की बारीकी से काउंसलिंग की। वार्ता के दौरान कई बार भावनात्मक माहौल बना, लेकिन पुलिस टीम ने संयम और समझदारी से स्थिति को संभालते हुए आपसी समाधान की दिशा में प्रयास जारी रखा। काउंसलिंग टीम की कोशिशें रंग लाई और दोनों पक्ष आपसी सहमति से सुलह करने पर सहमत हो गए। पति-पत्नी द्वारा पुनः साथ रहने का निर्णय लिए जाने के बाद परिवार में खुशी का माहौल लौट आया। बड्डूपुर पुलिस के इस मानवीय एवं संवेदनशील प्रयास की सराहना हो रही है।

## शादी समारोह में युवती से अभद्रता, आरोप

**निंदूरा, बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शादी समारोह के दौरान एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर युवती के साथ मारपीट और अभद्रता का मामला सामने आया है। पीड़िता द्वारा बड्डूपुर पुलिस को दी गई तहरीर में गंभीर आरोप लगाए गए हैं। तहरीर के मुताबिक, बीते चार दिसंबर को पीड़िता एक शादी समारोह में शामिल होने गई थी। रात करीब 10 बजे वह कार्यक्रम स्थल पर वीडियो बना रही थी, तभी आहद पुत्र शुभान अली नामक युवक ने उसे रोकते हुए गलत संबंध बनाने का दबाव डाला। विरोध करने पर आरोपी ने उसे गंदी-गंदी गालियां दीं और लात-घूंसों से मारा पीटा। पीड़िता ने बताया कि आरोपी यहीं नहीं रुका, बल्कि उसकी छोटी बहन को भी जान से मारने की धमकी दी। घटना से परेशान पीड़िता ने पुलिस को पूरे प्रकरण की जानकारी दी। बड्डूपुर पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।

## कार एवं बाइक में जोरदार टक्कर , एक की मौत

**दरियाबाद, बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कुशफर गांव के पास सोमवार देर रात एक बाइक और एक कार में जबरदस्त टक्कर हो गई। टक्कर में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। पूरा मामला दरियाबाद कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत दरियाबाद सफदरगंज मार्ग पर कुशफर गांव का है जहां सोमवार देर रात्रि भुलभूलिया मजरे अकबरपुर निवासी विकास वर्मा पुत्र वीरपाल वर्मा उम्र 35 वर्ष दरियाबाद से अपने घर एच एफ डीलक्स बाइक यूपी 41 एएफ 7027 से लौट रहे थे। उसी समय दरियाबाद निवासी सौरभ जैन पुत्र निर्भय जैन अपने परिवार के साथ कार यूपी 32 जी यू 2095 लखनऊ से दरियाबाद वापस आ रहे थे। तभी कुशफर मोड के पास कार और बाइक में टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और बाइक सवार विकास वर्मा पुत्र वीरपाल वर्मा गंभीर घायल हो गए। टक्कर के बाद कार 33 केवी0 के बिजली के खंभे से टकरा गई जिससे बिजली का खंभा टूट गया। कार का एयरबैग खुल जाने से कार सवार बच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी मथुरानगर इलाज के लिए भेजा। सीएचसी में डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दरियाबाद कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार सोनकर ने बताया कि शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। कार और बाइक को कब्जे में लिया गया है।

# अटल बिहारी वाजपेयी जन्म शताब्दी, कवि सम्मेलन गोष्ठी का भव्य आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बाराबंकी। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जन्म शताब्दी के अवसर पर सांस्कृति मंत्रालय भारत सरकार एवम शैल हस्तकला विकास समिति सरावगी के संयुक्त तत्वावधान में गोष्ठी एवम कवि सम्मेलन का आयोजन गांधी भवन में किया गया। जिसकी अध्यक्षता भाजपा नेता सिद्धार्थ अवस्थी ने की तथा संचालन साहित्यकार किरण भारद्वाज ने किया।

अपने उद्बोधन में अधिवक्ता परिषद के अध्यक्ष कौशल किशोर त्रिपाठी एडवोकेट ने कहा कि पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेई व्यक्ति नहीं बल्कि विचार धारा थे,उन्होंने कहा कि बाजपेई ने अपने प्रधानमंत्रित्व काल में भारत परमाणु संपन्न राष्ट्र बनाया और पोखरण में परमाणु बम का विस्फोट कर शक्ति का एहसास कराया। मनीष बैश वार ने अटल बिहारी बाजपेई के द्वारा स्वर्णिम चतुर्भुज योजना की सड़कों तथा प्रधानमंत्री सड़क योजना का जनक बताया।ओम शर्मा ओम ने अटल बिहारी वाजपेई को युग पुरुष करार दिया।इसी प्रकार कई अन्य वक्ताओं ने भी पूर्व प्रधान मंत्री अटल जी के विराट व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। दूसरे चरण में कवि सम्मेलन की शुरुआत वरिष्ठ कवियत्री लता श्रीवास्तव ने वाणी बंदना से की। इस अवसर पर किरण भारद्वाज,श्याम सुन्दर दीक्षित,मनोज मिश्र शीत,लोकेश त्रिपाठी, तथा ख्याति प्राप्त शायर राम प्रकाश बेसुध ने अपनी रचनाएं अटल जी के व्यक्तित्व पर पढ़ी।इस अवसर पर चारूलता त्रिपाठी, ईरा शुक्ला,ने अंगवस्त्र,मोमेंटी भेंट कर अतिथियों, वा कवियों का स्वागत किया,आयोजन में नंदिनी त्रिपाठी,वैभौ,आकाश त्रिपाठी,श्वेता त्रिपाठी,सुनीत त्रिपाठी,नलिनी कांत शुक्ला एडवोकेट सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## श्रीमद् भागवत कथा संपूर्ण भंडारा में छका प्रसाद, विधायक साकेंद्र ने की पूजा अर्चना

**निंदूरा, बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बसारा ग्राम पंचायत स्थित लटकोहरी देवी मंदिर प्रांगण में आयोजित पांच दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा मंगलवार को भक्ति में वातावरण में पूर्ण हुई।आज अंतिम दिवस कथा व्यास गोपाल जी महाराज ने श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति, सुचिता और आस्था से जुड़े प्रेरक प्रसंग प्रस्तुत कर धार्मिक भावनाओं स जोड़ा। हवन-पूजन के साथ धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न हुआ। इसके बाद आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। समापन अवसर पर कुर्सी विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने मंदिर प्रांगण पहुंचकर देवी माता के दर्शन किए और पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की मंगलकामना की। विधायक ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन में ग्राम प्रधान मनीष जायसवाल, क्षेत्र पंचायत सदस्य शिव दयाल जयसवाल,निंदूरा भाजपा प्रभारी अरुण सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा विपिन मौर्य, नीरज कुमार, डॉ. ब्रजमोहन यादव सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## एसआईआर बूथ रिपोर्ट ,भाजपा जिलाध्यक्ष सम्मिलित

**जैदपुर, बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जैदपुर नगर पंचायत स्थित सभागार में मतदाता पुनरीक्षण अभियान को लेकर भारतीय जनता पार्टी के द्वारा एक बैठक मंगलवार करीब 1:00 बजे आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष प्रेम प्रकाश द्विवेदी द्वारा की गई। वहीं कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री आकाश गुप्ता के द्वारा की गई। आयोजित कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष राम सिंह वर्मा शामिल हुए। उन्होंने मतदाता पुनरीक्षण अभियान को लेकर सभी बूथ अध्यक्ष को आवश्यक निर्देश दिए। वहीं जिला उपाध्यक्ष बृजेश रावत तथा रचना श्रीवास्तव ने कहा कि मतदाता पुनरीक्षण अभियान को और गति देने के लिए सभी बूथ अध्यक्ष अपने अपने बूथों की रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। जिसमें बूथ नंबर, कुल मतदाता, कुल वितरण गणना फॉर्म तथा कुल जमा फॉर्म के साथ ही मृतक मतदाता की संख्या प्रवासी मतदाता और नए मतदाताओं की संख्या दर्ज की जाएगी। जिसको लेकर विशेष बैठक कर यह जानकारी दी गई है। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अम्बरीश रावत, वरिष्ठ भाजपा नेता दीपक निगम, राजन बक्सोर अर्जुन कश्यप, राम विलास, नदीम जैदी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# चारों दिशाओं के कण-कण में विद्यमान हैं भगवान : अतुल कृष्ण

कैनविज टाइम्स संवाददाता





टिकैतनगर बाराबंकी। कस्बा टिकैत नगर में धर्म भीरु परिवार के वंशज (चश्मोंचिराग) जगदीश प्रसाद गुप्ता द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह तारतम्य में राम कथा गंगा में पूरा विकास खंड अंचल डुबकी लगा राम का गुणगान कर रहा है।श्रीराम कथा के तृतीय दिवस कथा व्यास पूज्य अतुल कृष्ण भारद्वाज जी ''महाराज'' जी ने भगवत प्राप्ति का सहज रहस्य बताया।भगवान निर्मल एवं स्वच्छ मन वाले को सहज ही प्राप्त होते है।

भगवत अवतार का रहस्य बताते कहा कि अधर्म के नाश के लिए भगवान अवतार लेते हैं।जब-जब धरती पर अधर्म का बोलबाला होता है तब-तब भगवान का किसी न किसी रूप में अवतार होता है। जिससे असुरों का नाश होता है और अधर्म पर धर्म की विजय। '' जब-जब होय धर्म की हानि, बढहिं असुर अधर्म अभिमानी, तब-तब प्रभु धरि विविध शरीरा।''

भगवान चारों दिशाओं के कण-कण में विद्यमान है। इन्हे प्राप्त करने का मार्ग मात्र सच्चे मन की भक्ति ही है। त्रेता युग में जब असुरों की शक्ति बढ़ने लगी तो माता कौशल्या की कोख से भगवान राम का जन्म हुआ। उक्त व्याख्यान मानस मर्मज्ञ परम पूज्य अतुल कृष्ण भारद्वाज जी ने रामकथा में श्री रामचन्द्र जी भगवान के जन्म के समय दिया।

उन्होनें कहा कि भगवान सर्वत्र व्याप्त है, प्रेम से पुकारने व सच्चे मन से सुमिरन करने पर कहीं भी प्रगट हो सकते है। इसलिए कहा गया है कि 'हरि व्यापक सर्वत्र समाना'। आगे व्यास जी ने कहा निरगुण से सगुण भगवान सदैव भक्त के प्रेम के वशीभूत रहते है, भक्तों के भाव पर सगुण रूप लेते है। धर्म व सम्प्रदाय में अन्तर को समझाते हुए श्री भारद्वाज जी ने बताया कि धर्म व्यक्ति के अन्दर एकजुटता का भाव पैदा करता है, वहीं सम्प्रदाय व्यक्ति को बाहरी रूप से एक बनाता है। मानव को एकजुटता की व्याख्या करते हुए श्री व्यास जी ने कहा है कि एक पुस्तक, एक पूजा स्थल, एक पैगम्बर, एक पूजा पद्धति ही व्यक्ति को सीमित व संकुचित बनाती है, जबकि ईश्वर के विभिन्न रूपों को विभिन्न माध्यमों से स्मरण करना मात्र सनातन धर्म ही सिखाता है। ईश्वर व पैगम्बर में अन्तर को बताते हुए कहा कि ईश्वर के अवतार से असुरों का नाश होता है। अधर्म पर धर्म की विजय होती है। यह अद्भुत कार्य मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्री राम एवं भगवान श्री कृष्ण ने अयोध्या व मथुरा की धरती पर अवतार लेकर दिखाया। दोनों ने असुरों का नरसंहार करके धर्म की रक्षा की। श्री व्यास जी ने देश की युवा पीढ़ी पर घोर चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा कि आज का युवा पाश्चात्य सभ्यता के भंवर में फंसा हुआ है। उसे राम कृष्ण सीता के साथ भारतीय सभ्यता से मतलब नही है। उन्होंने माताओं से आग्रह किया कि यदि माताएं चाहे तो युवा पाश्चात्य सभ्यता से अलग हो सकता है। सभी माताओं से आग्रह किया कि गर्भवती माताओं के चिन्तन, मनन, खान-पान, पठन-पाठन, रहन-सहन का बच्चे पर अत्यन्त प्रभाव पड़ता है। इसलिए गर्भावस्था के दौरान माताओं को भगवान का सुमिरन करना चाहिए, साथ ही साथ सात्विक भोजन व चिन्तन आदि करना चाहिए। भगवान राम के जन्म की व्याख्या करते हुए बताया कि भगवान के जन्म के पूर्व विष्णु के द्वारपाल जय-विजय को राक्षस बनने का श्राप मनु एवं सतरूपा के तप से भगवान ने राजा दशरथ व रानी कौशल्या के घर जन्म लिया जिससे समस्त अयोध्यावासी प्रसन्न हो उठे। भगवान राम के जन्म की व्याख्या के दौरान जैसे ही कथा व्यास ने भजन गया वैसे ही श्रोता झूम उठे जैसे सचमुच पाण्डाल में भगवान राम का जन्म हुआ हो। कथा सुनने आयी भक्त महिलाओं ने बधाई गीत गाये जिससे पूरा पाण्डाल राममय हो गया, पूरे पाण्डाल में पुष्पों की वर्षा हुई। आज की कथा के मुख्य यजमान श्री केदारनाथ वैश्य श्री जगदीश प्रसाद वैश्य, श्री रमेश चन्द्र वैश्य के साथ ही एवं समाज के अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने कथा श्रवण कर पुण्य लाभ उठाया।

## कटक में सूर्या ब्रिगेड ने साउथ अफ्रीका को 101 रनों से हराया, हार्दिक बैटिंग और बॉलिंग दोनों में चमके

एजेंसी



नई दिल्ली। कटक के बाराबती स्टेडियम में मंगलवार को भारत और साउथ अफ्रीका के बीच 5 मैचों की टी20 सीरीज का पहला मैच खेला गया। इस मुकाबले में भारतीय टीम ने 101 रनों के बड़े अंतर से जीत हासिल की। ये टी20 सीरीज दो महीने बाद शुरू होने वाले टी20 वर्ल्ड कप की तैयारियों के लिहाज से बेहद अहम है। इस मुकाबले में साउथ अफ्रीका के कप्तान एडेन मार्करम ने टॉस जीता और पहले गेंदबाजी का फैसला लिया था। भारत ने साउथ अफ्रीका के सामने 176 रनों का लक्ष्य रखा था। हार्दिक पंड्या ने नाबाद 59 रनों की पारी खेली थी। लेकिन इसके जवाब में उतरी साउथ अफ्रीका की टीम 13वें ओवर में ही 74 के स्कोर पर ढेर हो गई।

176 के जवाब में उतरी साउथ अफ्रीका की शुरुआत बेहद खराब रही। पहले ओवर की दूसरी ही गेंद पर अर्शदीप ने क्विंटन डिकॉक को चलता किया। डिकॉक खाता भी नहीं खोल सके। इसके बाद तीसरे ओवर में अर्शदीप ने स्टब्स को भी चलता किया। स्टब्स के खाते में 14 रन आए। छठे ओवर की पहली ही गेंद पर अक्षर पटेल ने कप्तान एडेन मार्करम को आउट कर दिया। मार्करम 14 रन बना सके। सातवां ओवर लेकर हार्दिक पंड्या आए। उन्होंने अपनी पहली ही गेंद पर मिलर को आउट कर दिया। यानी 50 रनों के भीतर ही अफ्रीका को चौथा झटका लगा। इसके बाद 8वें ओवर में वरुण ने साउथ अफ्रीका को 5वां झटका दिया। इसके बाद 10वें ओवर में वरुण ने जानसेन को भी बोल्ड कर दिया और साउथ अफ्रीका को छठा झटका दिया। जानसेन ने 12 रन बनाए। 11वें ओवर में बुमराह ने ब्रेविस को आउट किया। इस विकेट के साथ ही बुमराह के टी20 करियर में 100 विकेट भी पूरे हो गए। इसी ओवर में बुमराह ने केशव महाराज का भी विकेट झटका। 12वें ओवर में अक्षर ने साउथ अफ्रीका को 9वां झटका दिया। इसके बाद अगले ही ओवर में शिवम दुबे ने साउथ अफ्रीका को 74 पर ढेर कर दिया। भारतीय गेंदबाजों की बात करें तो अर्शदीप ने 2 ओवर में 14 रन देकर 2 विकेट लिए। वहीं बुमराह ने 3 ओवर में 17 रन दिए औ 2 विकेट लिए। वरुण ने 3 ओवर में 19 रन देकर 2 विकेट लिए। अक्षर को भी दो सफलता मिली। जबकि हार्दिक और शिवम दुबे को 1-1 विकेट मिले। कटक टी20 में भारत की शुरुआत बेहद खराब रही और शुभमन गिल महज 4 रन बनाकर पहले ही ओवर में लुंगी एनगिडी की गेंद पर आउट हो गए। कुछ देर बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव भी भी 11 रन बनाकर लुंगी की गेंद पर पवेलियन लौट गए। 6 ओवर के बाद भारत का स्कोर 40-2 था। 7वें ओवर में भारत को तीसरा झटका लगा, जब अभिषेक शर्मा 17 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद तिलक वर्मा और अक्षर पटेल में अच्छी साझेदारी पनप रही थी। लेकिन 12वें ओवर में तिलक वर्मा 26 रन बनाकर आउट हो गए। 14वें ओवर में भारत को 5वां झटका लगा जब अक्षर पटेल 23 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद हार्दिक पंड्या और शिवम दुबे के बीच अच्छी साझेदारी हुई। दोनों के बीच 19 गेंदों में 33 रनों की साझेदारी हुई। लेकिन 18वें ओवर में शिवम दुबे आउट हो गए।

## एडिलेड टेस्ट में कमिंस की वापसी तय, हेज़लवुड एशेज से बाहर

एजेंसी



एडिलेड। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस की करीब पांच महीने बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी तय मानी जा रही है। वह इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले तीसरे एशेज टेस्ट में टीम की कप्तानी करते नजर आएंगे। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया को बड़ा झटका लगा है क्योंकि तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड पूरे एशेज सीरीज से बाहर हो गए हैं। टीम के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने मंगलवार को इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि हेजलवुड अब इस गर्मी में इंग्लैंड के खिलाफ नहीं खेल पाएंगे। पिछले महीने शेफील्ड शील्ड के दौरान उन्हें हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आया था और इसके बाद पिछले सप्ताह उनके अकिलीज़ में भी समस्या उभर आई, जिससे उनकी वापसी की उम्मीदें खत्म हो गईं। मैकडोनाल्ड ने कहा, उनके लिए यह बेहद निराशाजनक है। कुछ ऐसे झटके लगे जिनकी हमें उम्मीद नहीं थी। हमें लगा था कि वह इस सीरीज में अहम भूमिका निभाएंगे, लेकिन दुर्भाग्य से अब उन्हें यह मौका नहीं मिल पाएगा। हेजलवुड अब फरवरी में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप को लक्ष्य बनाकर पूरी तरह फिट होने की कोशिश करेंगे। दूसरी ओर, पैट कमिंस के लिए सब कुछ योजना के अनुसार आगे बढ़ रहा है। उन्हें बुधवार को घोषित होने वाली 15 सदस्यीय टीम में शामिल किए जाने की पूरी संभावना है और वह एक बार फिर स्टीव स्मिथ से कप्तानी की जिम्मेदारी संभालेंगे। कमिंस ने जुलाई में वेस्टइंडीज दौरे के दौरान पीठ में दर्द महसूस करने के बाद से कोई मुकाबला नहीं खेला है, लेकिन उनकी रिकवरी उम्मीद से तेज रही है। मैकडोनाल्ड ने बताया कि कमिंस ने ब्रिसबेन टेस्ट से पहले एलन बॉर्डर फील्ड पर कई स्पेल डालकर मैच जैसी परिस्थितियों का अभ्यास किया। उन्होंने कहा, हमने पहले भी लंबे ब्रेक के बाद पैट को इसी तरह तैयार किया है। उनकी फिटनेस और स्किल दोनों तैयार हैं। अगर अगले एक हफ्ते में कुछ अनहोनी नहीं होती, तो मैं पूरी उम्मीद करता हूं कि पैट एडिलेड में टॉस करते नजर आएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड घुटने की चोट के कारण एशेज से बाहर

**ब्रिस्बेन।** एशेज श्रृंखला के पहले दो मैच गंवाने वाली इंग्लैंड की टीम को एडिलेड में होने वाले तीसरे टेस्ट मैच से पहले मंगलवार को यहां तब करारा झटका लगा जब उसके तेज गेंदबाज मार्क वुड चोटिल होने के कारण इस श्रृंखला से बाहर हो गए। वुड पर्थ में श्रृंखला के पहले टेस्ट मैच में खेले थे लेकिन अपना खास प्रभाव नहीं छोड़ पाए थे। उन्होंने 11 ओवर किए और उन्हें कोई विकेट नहीं मिला था। वह बाएं घुटने में तकलीफ़ के कारण वे ब्रिस्बेन में दूसरे टेस्ट में नहीं खेल पाए थे। इस 35 वर्षीय खिलाड़ी की फिटनेस एशेज श्रृंखला से पहले एक मुद्दा बनी थी क्योंकि मार्च में घुटने की सर्जरी के बाद उन्होंने हाल में वापसी की थी। वेस्टइंडीज के खिलाफ 2022 में अपना एकमात्र टेस्ट मैच खेलने वाले मैट फिशर को कवर के रूप में टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। वुड ने इंस्टाग्राम पर जारी की गई पोस्ट में कहा, ''मैं एशेज से बाहर होने से बहुत दुखी हैं। टेस्ट क्रिकेट में वापसी के लिए सर्जरी और सात महीनों की कड़ी मेहनत और रिहैबिलिटेशन के बावजूद मेरा घुटना अब तक ठीक नहीं हो पाया है। इंग्लैंड को एशेज जीतने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखने के लिए 17 दिसंबर से एडिलेड में शुरू होने वाला तीसरा टेस्ट हर हाल में जीतना होगा। इंग्लैंड ने 2010-11 के बाद से ऑस्ट्रेलिया में कोई टेस्ट नहीं जीता है और वुड के बाहर होने से उसका गेंदबाजी आक्रमण कमजोर हो गया है। ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड भी चोटिल होने के कारण श्रृंखला से बाहर हो गए हैं।

### कोलकाता दौड़ में ओलंपिक और विश्व चैंपियन सहित 23000 धावक भाग लेंगे

**कोलकाता।** दो बार के ओलंपिक और तीन बार के विश्व चैंपियन जोशुआ चेप्टेगी सहित दुनिया भर के 23000 से अधिक धावक 21 दिसंबर को यहां होने वाली 10वीं टाटा स्टील वर्ल्ड 25के (25 किलोमीटर) कोलकाता दौड़ में भाग लेंगे। युगांडा के चेप्टेगी और महिला वर्ग में गत चैंपियन सुतूम असेफा केबेडे इस दौड़ का मुख्य आकर्षण होंगे जिसे विश्व एथलेटिक्स की तरफ से गोल्ड लेबल रोड रेस का दर्ज़ा हासिल है। प्रमोटर प्रोकैम इंटरनेशनल ने भी इस बार 1:11:08 (एक घंटा, 11 मिनट, 08 सेकंड) का विश्व रिकॉर्ड तोड़ने वाले किसी भी एथलीट को 25,000 अमेरिकी डॉलर का बोनस देने की घोषणा की है। इस दौड़ की कुल पुरस्कार राशि 142,214 डॉलर है, जिसमें पुरुष और महिला वर्ग के विजेताओं के लिए बराबर की पुरस्कार राशि रखी गई है। शीर्ष तीन स्थान पर रहने वाले खिलाड़ियों को क्रमशः 15,000 डॉलर, 10,000 डॉलर और 7,000 डॉलर का इनाम मिलेगा। प्रतियोगिता का नया रिकार्ड बनाने वाले खिलाड़ियों को 5,000 डॉलर का अतिरिक्त बोनस भी मिलेगा। चेप्टेगी (29 वर्ष) ने 10,000 मीटर में लगातार तीन विश्व खिताब जीते हैं और उनके नाम चार विश्व रिकॉर्ड दर्ज हैं। पिछले वर्ष दिल्ली हाफ मैराथन और इस वर्ष बेंगलुरु में आयोजित टीसीएस वर्ल्ड 10के (10किमी) के विजेता चेप्टेगी के नाम पर अब भी 5000 किमी और 10000 किमी के विश्व रिकॉर्ड दर्ज हैं। पुरुषों की सूची में एक और महत्वपूर्ण खिलाड़ी तंजानिया के अल्फोंस फ़ेलिक्स सिम्बू भी शामिल हैं। सितंबर में तोक्यो में विश्व चैंपियनशिप में मैराथन में जीत हासिल करने वाले सिम्बू कोलकाता में चेप्टेगी को कड़ी चुनौती देंगे। महिला वर्ग में इथियोपिया की स्टार सुतूम असेफा केबेडे ने पहली बार 2015 में बर्लिन में 25 किलोमीटर का विश्व रिकॉर्ड बनाया था। वह यहां खिताबी हैट्रिक पूरी करने की कोशिश करेगी। उन्हें हमवतन डेगिटू अजीमेरॉव तथा युगांडा की ओलंपिक फाइनलिस्ट सारा चेलंगट और कीनिया की एग्नेस कीनो से कड़ी चुनौती मिलने की संभावना है।

### भारतीय टी20 टीम में हार्दिक पंड्या जैसा कोई दूसरा खिलाड़ी नहीं: बांगड़

**नयी दिल्ली।** भारत के पूर्व बल्लेबाजी कोच संजय बांगड़ ने हार्दिक पंड्या की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि राष्ट्रीय टी20 टीम में उनके जैसा कोई दूसरा खिलाड़ी नहीं है क्योंकि यह स्टार ऑलराउंडर विशेषज्ञ बल्लेबाज या गेंदबाज के रूप में भी टीम में जगह बनाने में सक्षम है। एशिया कप के दौरान चोट लगने के कारण दो महीने से अधिक समय तक बाहर रहने वाले हार्दिक दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की घरेलू टी20 श्रृंखला से भारतीय टीम में वापसी करेंगे। जियोस्टार के विशेषज्ञ बांगड़ ने कहा, ''विश्व क्रिकेट के सभी ऑलराउंडर पर गौर करिए। क्या इंग्लैंड के पास बेन स्टोक्स की जगह लेने के लिए कोई खिलाड़ी तैयार है। नहीं। वनडे या टेस्ट क्रिकेट में भी रविंद्र जडेजा का कोई बैकअप नहीं है। हार्दिक पंड्या के साथ भी यही स्थिति है। उन्होंने कहा, ''वह (पंड्या) अकेले अपनी बल्लेबाजी के दम पर शीर्ष पांच में जगह बना सकते हैं। अगर वह केवल गेंदबाज होते तो किसी भी टीम के शीर्ष तीन तेज गेंदबाजों में से एक हो सकते हैं। बांगड़ ने कहा,''उस तरह का ऑलराउंडर बनने के लिए आपको अपनी बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में से किसी भी एक के दम पर टीम में जगह बनाने में सक्षम होना चाहिए। भारतीय टीम में हार्दिक पंड्या जैसा कोई दूसरा खिलाड़ी नहीं है। हार्दिक के कार्यभार प्रबंधन पर बात करते हुए बांगड़ ने कहा कि इस ऑलराउंडर को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कम से कम पहले तीन मैच खेलने चाहिए। उन्होंने कहा, ''हमें देखना होगा कि वह परिस्थितियों से कैसे सामंजस्य से बिठाते हैं। अभी यह कहना जल्दबाजी होगी कि उन्हें विश्व कप से पहले छह या सात टी20 मैच खेलने चाहिए या नहीं। बांगड़ ने कहा, '' टीम प्रबंधन को उनके जैसे महत्वपूर्ण खिलाड़ियों के कार्यभार का प्रबंधन करना चाहिए। हार्दिक जैसा खिलाड़ी अगर पूरी तरह से फिट हो तो वह संतुलन पैदा करता है और उसकी मौजूदगी से टीम मनचाहा संयोजन तैयार कर सकती है। इसलिए उनका टीम में होना बेहद महत्वपूर्ण है। टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल भी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता में खेले गए पहले टेस्ट मैच में चोटिल होने के बाद अब वापसी कर रहे हैं। बांगड़ ने कहा कि टेस्ट कप्तान के रूप में गिल की प्रगति से उन्हें अन्य प्रारूपों में भी फायदा होगा।

### डेजर्ट वाइपर्स ने सुपर ओवर में गल्फ जायंट्स को हराया

**दुबई।** सैम करेन और डैन लॉरेंस के शानदार प्रदर्शन से स्कोर बराबर करने के बाद डेजर्ट वाइपर्स ने आईएलटी20 क्रिकेट टूर्नामेंट में सुपर ओवर में गल्फ जायंट्स को हरा दिया। जायंट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 179 रन बनाए थे। वाइपर्स ने कुछ विषम परिस्थितियों से गुजरने के बावजूद नौ विकेट पर 179 रन बनाकर मैच को सुपर ओवर तक खींच दिया। सुपर ओवर में वाइपर्स ने 13 रन बनाए। नसीम शाह ने जायंट्स को सिर्फ नौ रन पर रोककर वाइपर्स को महत्वपूर्ण अंक दिलाए। वाइपर्स ने अपने पिछले पांच मैचों में से प्रत्येक में जायंट्स को हराया है। इससे पहले करेन (36 गेंदों पर 44 रन) और डैन लॉरेंस (31 गेंदों पर 56 रन) की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत वाइपर्स ने स्कोर बराबर कर दिया। अज़मतुल्लाह उमरज़ई ने जायंट्स के लिए चार विकेट लिए।

## वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर हुए टॉम ब्लंडेल, मिचेल हे का डेब्यू तय

एजेंसी



वेलिंगटन। न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम को वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट से पहले एक और बड़ा झटका लगा है। विकेटकीपर-बल्लेबाज़ टॉम ब्लंडेल हैमस्ट्रिंग चोट के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। ब्लंडेल को यह चोट पिछले हफ्ते क्राइस्टचर्च में खेले गए पहले टेस्ट के दौरान बल्लेबाजी करते समय लगी थी। ब्लंडेल के बाहर होने के बाद 25 वर्षीय विकेटकीपर-बल्लेबाज़ मिचेल हे का टेस्ट डेब्यू तय माना जा रहा है। हे बुधवार (10 दिसंबर) से बेसिन रिजर्व में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट में न्यूजीलैंड की ओर से पहली बार टेस्ट क्रिकेट में उतरेंगे। इससे पहले न्यूजीलैंड को एक साथ तीन और खिलाड़ियों के चोटिल होने का सामना करना पड़ा था। तेज़ गेंदबाज़ मैट हेनरी (काफ इंजरी), नाथन स्मिथ (साइड इंजरी) और ऑलराउंडर मिचेल सेंटनर (ग्रोइन इंजरी) सीरीज के बाकी मैचों से बाहर हो चुके हैं। उनके स्थान पर न्यूजीलैंड क्रिकेट ने ऑलराउंडर क्रिस्टियन क्लार्क और तेज़ गेंदबाज़ माइकल रे को टीम में शामिल किया है। मिचेल हे अब तक न्यूजीलैंड के लिए व्हाइट-बॉल क्रिकेट में 19 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं, जिसमें 12 टी20 और 7 वनडे शामिल हैं। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में कैंटरबरी के लिए खेले गए 29 मैचों में उन्होंने 48.58 की शानदार औसत से 1895 रन बनाए हैं। इस दौरान उनके नाम 17 अर्धशतक और 146 रन का एक शतक भी दर्ज है। उधर, काइल जैमीसन रेड-बॉल क्रिकेट में वापसी की योजना के तहत टीम के सपोर्ट स्टाफ के साथ काम कर रहे हैं और हाल ही में उन्होंने प्लंकेट शील्ड में कैंटरबरी के लिए सेंट्रल स्टैग्स के खिलाफ मुकाबला खेला था। वहीं, ग्रोइन स्ट्रेन से उबर चुके ग्लेन फिलिप्स ने ओटागो के लिए प्रतियोगिता के शुरुआती दो मुकाबलों में 130 रन बनाए और 9 विकेट झटके। फिलिप्स को दूसरे टेस्ट के लिए चुनी गई 14 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। मिचेल हे और नए गेंदबाज़ों को लेकर हेड कोच रॉब वॉल्टर ने एक बयान में कहा, मिच एक युवा खिलाड़ी हैं जिन्होंने पहले ही व्हाइट-बॉल क्रिकेट में अच्छी भूमिका निभाई है। कैंटरबरी के लिए उनका फर्स्ट क्लास रिकॉर्ड भी बेहतरीन रहा है। टेस्ट टीम में उनका आना उनके करियर का खास पल है और हम उन्हें खेलते देखने को लेकर काफी उत्साहित हैं। क्रिस्टियन क्लार्क और माइकल रे पर बात करते हुए वॉल्टर ने कहा, दोनों खिलाड़ी लंबे समय से हमारी नजर में हैं और घरेलू क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।

## कार्लोस अल्काराज ने मियामी में प्रदर्शनी मैच में बिखेरा जलवा

मियामी। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने यहां मियामी आमंत्रण प्रदर्शनी टेनिस टूर्नामेंट में अपना जलवा दिखाकर दर्शकों को रोमांचित किया। अल्काराज ने जब कोर्ट पर कदम रखा तो तालियों की गड़गड़ाहट सुनाई दी और मेजर लीग बेसबॉल के मियामी मार्लिंस के घरेलू मैदान लोनडेपो पार्क में प्रदर्शनी मैच में दर्शकों ने स्पेन के इस खिलाड़ी को सिर आंखों पर बिठाए रखा। यह पहला अवसर था जबकि लोनडिपो पार्क में कोई टेनिस मैच खेला गया। इस प्रदर्शनी मुकाबले में ब्राजील के जोआओ फोन्सेका तथा अमेरिका की महिला स्टार अमांडा अनिसिमोवा और जेसिका पेगुला ने भी हिस्सा लिया। अल्काराज ने विश्व में 24वीं रैंकिंग वाले फोन्सेका को एक रोमांचक एकल मुकाबले में 7-5, 2-6, 10-8 से हराया। पहली बार यह दोनों खिलाड़ी एक दूसरे का आमना सामना कर रहे थे। इससे पहले अनिसिमोवा ने पेगुला को 6-2, 7-5 से हराया था।

## ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाला आखिरी कप्तान कहलाना पसंद नहीं : भास्करन

एजेंसी

चेन्नई। मॉस्को ओलंपिक में 45 साल पहले भारतीय हॉकी टीम को आठवां और आखिरी स्वर्ण दिलाने वाले कप्तान वासुदेवन भास्करन का कहना है कि वह इस इंतजार को खत्म होते देखना चाहते हैं और 2036 में टीम फिर चैम्पियन बन सकती है बशर्ते सही समय पर नये खिलाड़ियों को मौका दिया जाये। भारत ने आखिरी बार 1980 में भास्करन की कप्तानी में ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता था। फिर 41 साल के इंतजार के बाद तोक्यो ओलंपिक 2020 में कांस्य पदक जीता और पिछले साल पेरिस में उस सफलता को दोहराया। भास्करन ने भाषा को दिये इंटरव्यू में कहा,''मुझे यह सुनना बिल्कुल पसंद नहीं है कि मैं आखिरी ओलंपिक स्वर्ण जीतने वाली भारतीय टीम का कप्तान था। मैं चाहता हूं कि यह इंतजार खत्म हो और यह 2036 में हो सकता है। लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 के बारे में नहीं कह सकता क्योंकि हमे पुरूष हॉकी टीम में अभी बदलाव की जरूरत है। उन्होंने कहा,'' जैसे पी आर श्रीजेश के संन्यास के बाद टीम में खालीपन लग रहा है जिसे भरना होगा। ऐसे ही कम से कम चार या पांच खिलाड़ियों को जूनियर खिलाड़ियों के लिये जगह बनानी होगी। बदलाव सही समय पर और सही जगह पर होना जरूरी है ताकि नये खिलाड़ियों को तैयार होने का मौका मिल सके। पहली बार 1997 में कोच रहते भारत को जूनियर विश्व कप फाइनल तक ले जाने वाले इस दिग्गज खिलाड़ी ने कहा,'' जैसे 2016 जूनियर विश्व कप के बाद हरमनप्रीत और रूपिंदर पाल जैसे खिलाड़ी मिले थे। जूनियर विश्व कप 1997 से हमे बलजीत सैनी, दिलीप टिर्की, समीर दाद, देवेश चौहान जैसे कई ओलंपियन मिले थे लिहाजा यह बदलाव की शुरूआत करने के लिये अच्छा मंच है। राष्ट्रमंडल खेल 2030 की मेजबानी को युवा हॉकी खिलाड़ियों के लिये उत्साहजनक बताते हुए उन्होंने कहा,'' 2030 राष्ट्रमंडल खेलों में क्रिकेट और हॉकी दोनों होंगे लेकिन मुझे लगता है कि हॉकी की स्पर्धा अच्छी होगी क्योंकि राष्ट्रमंडल देशों में अच्छी हॉकी खेली जाती है और यह मिनी विश्व कप की तरह होगा। इन युवा खिलाड़ियों के लिये वह अच्छा प्लेटफॉर्म होगा। कोचों को टीम तैयार करने के लिये कम से कम चार साल का कार्यकाल देने की पैरवी करते हुए उन्होंने कहा कि बार बार कोच बदलने से प्रदर्शन पर असर पड़ता है। पद्मश्री से नवाजे जा चुके 75 वर्ष के भास्करन ने कहा,''मुझे लगता है कि टीम के साथ तीन कोच, सहयोगी स्टाफ, फिजियो, ट्रेनर होने चाहिये और उन्हें कम से कम चार साल तक का कार्यकाल दिया जाना जरूरी है। हम ओलंपिक से ओलंपिक या विश्व कप से विश्व कप तक की रणनीति बनाते हैं। सरकार और हॉकी इंडिया हॉकी पर इतना पैसा लगा रहे हैं तो यह भी जरूरी है कि

## ऊर्ज़ा परिवर्तन क्षेत्र में पांच वर्ष में 75 अरब डॉलर से अधिक का निवेश करेंगे: अदाणी

धनबाद। अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने मंगलवार को कहा कि उनका समूह अगले पांच साल में ऊर्ज़ा परिवर्तन के क्षेत्र में 75 अरब डॉलर से अधिक का निवेश करेगा। धनबाद में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (इंडियन स्कूल ऑफ माइंस) के 100वें स्थापना दिवस समारोह में अदाणी ने कहा कि समूह गुजरात के खावड़ा में 520 वर्ग किलोमीटर में फैला दुनिया का सबसे बड़ा नवीकरणीय ऊर्ज़ा पार्क बना रहा है। उन्होंने कहा, ''2030 तक अपनी पूरी क्षमता पर, यह पार्क 30 गीगावाट हरित ऊर्ज़ा उत्पन्न करेगा। औसत घरेलू खपत के हिसाब से यह ऊर्ज़ा प्रति वर्ष छह करोड़ से अधिक मकानों को बिजली मुहैया कराने के बराबर है। अदाणी ने कहा, ''10 गीगावाट की स्थापना पहले ही हो चुकी है। हम दुनिया में सबसे कम लागत वाली हरित 'इलेक्ट्रॉन' उपलब्ध कराने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं जो ऊर्ज़ा परिवर्तन में एक वैश्विक मानक स्थापित करेगा। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा बिजली उपभोक्ता है, लेकिन इसकी प्रति व्यक्ति खपत ''प्रति वर्ष 1,400 किलोवाट घंटे से भी कम है जो वैश्विक औसत के आधे से भी कम तथा अमेरिका के 10वें हिस्से और यूरोप के पांचवें हिस्से के बराबर है। वैश्विक स्थिरता बहस का उल्लेख करते हुए अदाणी ने कहा, ''यह विमर्श 2025 सीओपी-30 में सामने आई, जहां एक रिपोर्ट में भारत की स्थिरता 'रैंकिंग' को यह तर्क देते हुए घटा दिया गया कि हमारे देश में कोयला निकालने की समयसीमा का अभाव है और कोयला ब्लॉक की नीलामी जारी है। उन्होंने कहा, ''हां, कुल कार्बन उत्सर्जन के मामले में हम तीसरे स्थान पर हैं लेकिन प्रति व्यक्ति हमारे लोग दो टन से कम उत्सर्जन करते हैं जबकि अमेरिका में यह 14 टन, चीन में नौ टन और यूरोप में छह टन है। अदाणी ने कहा, ''200 वर्ष की औद्योगिक गतिविधि में संचयी वैश्विक उत्सर्जन की बात करें तो हमारा देश केवल चार प्रतिशत उत्सर्जन के लिए जिम्मेदार है। वहीं यूरोप 13 प्रतिशत, अमेरिका 19 प्रतिशत और चीन 20 प्रतिशत उत्सर्जन के लिए जिम्मेदार है।

## एएमएसएल ने 1500 करोड़ रुपये के निवेश के लिए तेलंगाना सरकार के साथ किया समझौता

नयी दिल्ली। बुनियादी ढांचा प्रौद्योगिकी समाधान प्रदाता अपोलो माइक्रो सिस्टम्स लिमिटेड (एएमएसएल) ने रक्षा उत्पादों के विनिर्माण में 1,500 करोड़ रुपये के निवेश के लिए तेलंगाना सरकार के साथ एक प्रारंभिक समझौते पर हस्ताक्षर करने की मंगलवार को घोषणा की। एएमएसएल ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि हैदराबाद में सोमवार को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इसके तहत एएमएसएल अपनी अनुषंगी कंपनियों एवं उनकी अनुषंगी कंपनियों (स्टेप-डाउन) कंपनियों के साथ मिलकर तेलंगाना में एक नई परियोजना स्थापित करेगी। कंपनी सूचना के अनुसार, करीब 1,500 करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश वाली प्रस्तावित परियोजना का उद्देश्य कंपनी की विनिर्माण क्षमताओं का विस्तार करना है। हैदराबाद स्थित एएमएसएल बुनियादी ढांचे, परिवहन, वैमानिकी एवं रक्षा जैसे क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी आधारित समाधान प्रदान करती है।

## डीपीआईआईटी ने एआई-कॉपीराइट इंटरफ़ेस पर कार्य-पत्र का पहला भाग प्रकाशित किया

### सरकारी समिति ने एआई कंपनियों को कॉपीराइट कार्यों के उपयोग के लिए व्यापक लाइसेंस का दिया सुझाव

एजेंसी




नई दिल्ली। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और कॉपीराइट कानून के अंतर्संबंधों की जांच करते हुए अपने कार्य पत्र का पहला भाग प्रकाशित किया है। इस पत्र में डीपीआईआईटी के 28 अप्रैल, 2025 को गठित आठ सदस्यीय समिति (''कमेटी'') की अनुशंसाओं को शामिल किया गया है। वाणिज्?य एवं उद्योग मंत्रालय ने मंगलवार को जारी एक बयान में बताया कि कृत्रिम मेधा (एआई) डेवलपर को एआई प्रणालियां तैयार करने के लिए कानूनी रूप से उपलब्ध सभी कॉपीराइट-संरक्षित सामग्री का उपयोग करने के लिए अनिवार्य लाइसेंस देने का सुझाव एक सरकारी समिति ने दिया है। इसके साथ ही इस पर संबंधित हितधारकों से प्रतिक्रिया एवं विचार मांगे गए हैं। मंत्रालय के मुताबिक समिति की सिफारिश के अनुसार लाइसेंस के साथ कॉपीराइट धारकों के लिए वैधानिक पारिश्रमिक का अधिकार भी होना चाहिए। ये सुझाव समिति द्वारा तैयार किए गए कार्य पत्र का हिस्सा हैं, जिसे उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा हितधारकों के विचार जानने के लिए जारी किया गया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने मुताबिक एआई प्रणालियों और कॉपीराइट से संबंधित उभरते मुद्दों पर विचार-विमर्श की बढ़ती आवश्यकता को स्वीकार करते हुए डीपीआईआईटी ने 28 अप्रैल, 2025 को एक समिति का गठन किया था। आठ सदस्यीय इस समिति की अध्यक्षता अतिरिक्त सचिव हिमानी पांडे ने की। इसमें कानूनी विशेषज्ञ, उद्योग और शिक्षा जगत के प्रतिनिधि भी शामिल हैं। इसे समिति को एआई प्रणालियों द्वारा उठाए गए मुद्दों की पहचान करने, मौजूदा नियामक ढांचे की जांच करने, इसकी पर्याप्तता का आकलन करने और यदि आवश्यक हो तो बदलावों की सिफारिश करने के अलावा हितधारकों के साथ परामर्श के लिए एक कार्य पत्र तैयार करने का कार्य सौंपा गया था। इस समिति ने कार्य पत्र (भाग-1) तैयार किया है, जिसे डीपीआईआईटी द्वारा आठ दिसंबर को सार्वजनिक रूप से जारी किया गया। इसने 30 दिन के भीतर सभी संबंधित हितधारकों से प्रतिक्रिया और विचार मांगे हैं।

# बीजेपी चुनाव सुधार नहीं चाहती : राहुल

एजेंसी

नई दिल्ली। राहुल गांधी ने मंगलवार को लोकसभा में चुनाव सुधार (एसआईआर) पर 28 मिनट की स्पीच दी। कहा कि आरएसएस और भाजपा देश की संस्थाओं पर कब्जा कर रही हैं। इनमें चुनाव आयोग, ईडी, सीबीआई, आईबी, इनकम टैक्स डिपार्टमेंट शामिल हैं। इससे साफ है कि बीजेपी चुनाव आयोग को कंट्रोल और निर्देशित (डायरेक्ट) कर रही है। इससे लोकतंत्र को नुकसान हो रहा है। राहुल की स्पीच के दौरान 5 बार हंगामा हुआ। हरियाणा की वोटर लिस्ट में ब्राजीलियन मॉडल के जिक्र के समय कांग्रेस सांसदों द्वारा मॉडल की तस्वीर दिखाने पर स्पीकर ओम बिरला नाराज हो गए। कहा- ऐसे सदन नहीं चलेगा।

चुनाव सुधार पर चर्चा के दौरान सदन में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि 30 जनवरी, 1948 को महात्मा गांधी की छाती में तीन गोलियां लगीं। नाथूराम गोडसे ने हमारे राष्ट्रपिता की हत्या कर दी। आज



हमारे दोस्तों ने उन्हें दूर धकेल दिया है। वह एक असहज सच्चाई हैं, लेकिन प्रोजेक्ट यहीं खत्म नहीं हुआ। जैसा कि मैंने कहा, सब कुछ वोट से निकला है। सभी संस्थाएं वोट से निकली हैं। इसलिए यह साफ है कि आरएसएस को उन सभी संस्थाओं पर कब्जा करना होगा जो वहां से निकली हैं।

राहुल गांधी ने कहा, सभी जानते हैं कि कैसे भारत के विश्वविद्यालयों में वाइस चांसलरों की नियुक्ति हो रही है। उन्होंने कहा कि इससे कोई मतलब नहीं है कि व्यक्ति की योग्यता क्या है, बस उसकी एक योग्यता है कि वह संघ से जुड़ा हो। इस पर सत्ता पक्ष के सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। स्पीकर ओम बिरला ने राहुल गांधी से कहा कि आप चुनाव सुधार पर ही बोलिए, किसी संगठन का नाम मत लीजिए। राहुल के बायन पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि हम सभी लोग नेता प्रतिपक्ष को सुनने के लिए ही बैठे हैं। अगर वह विषय पर ही नहीं बोलेंगे, तो क्यों समय खराब कर रहे हैं सबका।

सत्ता पक्ष के हंगामे पर राहुल गांधी ने कहा कि मैंने कुछ भी गलत नहीं कहा है। शिक्षण संस्थाओं पर कब्जा किया गया है। सीबीआई, ईडी पर भी एक संस्था से जुड़े लोगों ने कब्जा किया गया है। तीसरी संस्था चुनाव आयोग पर भी एक संस्था का कब्जा है, जो देश में चुनाव को नियंत्रित करती है। मेरे पास इसके सबूत हैं। भाजपा लोकतंत्र को खत्म करने के लिए चुनाव आयोग का इस्तेमाल कर रही है। सीजेआई को सीईसी की नियुक्ति प्रक्रिया से हटाया गया। एक तरफ पीएम मोदी और अमित शाह बैठे थे और दूसरी तरफ मैं। किसी प्रधानमंत्री ने ऐसा नहीं किया। दिसंबर 2023 में नियम बदल यह प्रावधान किया कि किसी भी चुनाव आयुक्त को दंडित नहीं किया जा सकता। यह 2024 के लोकसभा चुनाव

### 3 मांगें रखीं, कहा– ईवीएम देखने दी जाए

1. मशीन रीडेबल वोटर लिस्ट सभी राजनीतिक दलों को चुनाव से एक महीने पहले दी जानी चाहिए। 2. सीसीटीवी फुटेज डिस्ट्रॉय करने का नियम भी बदला जाना चाहिए। 3. चुनाव के बाद ईवीएम देखने के लिए दी जाए। वोट चोरी से बड़ा कोई एंटी नेशनल काम नहीं है। सरकार चुनाव सुधार नहीं चाहती।

### 3 सवाल पूछे


1. चुनाव आयुक्त की नियुक्ति से एख्क्रको क्यों हटाया गया। 2. दिसंबर 2023 में कानून बदला कि चुनाव आयुक्त को दंडित नहीं किया जा सकता। 3. चुनाव के 45 दिन बाद सीसीटीवी फुटेज क्यों डिलीट किए।

# भारत माता के प्रति समर्पण, त्याग और अदम्य साहस की शाश्वत भावना है वंदेमातरम् : राधाकृष्णन

एजेंसी

नई दिल्ली। राज्यसभा में मंगलवार को 'वंदे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ पर चर्चा से पूर्व, सभापति सीपी राधाकृष्णन ने अपने प्रारंभिक उद्बोधन में इसे राष्ट्र की आत्मा और स्वतंत्रता संग्राम की धड़कन बताया। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत माता के प्रति समर्पण, त्याग और अदम्य साहस की शाश्वत भावना है, जिसने गुलामी के दौर में करोड़ों भारतीयों के दिलों में स्वतंत्रता की लौ जलाए रखी।

सभापति ने कहा कि बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित यह कालजयी गीत उस समय जन्मी जब मातृभूमि पर उपनिवेशवाद का भारी बोझ था, लेकिन देखते ही देखते यह पूरे राष्ट्र की साझा धड़कन बन गया। उन्होंने कहा कि यह गीत धर्म, भाषा और भौगोलिक सीमाओं से परे जाकर पूरे देश को एक सूत्र में पिरोता रहा। राधाकृष्णन ने स्मरण कराया कि स्वतंत्रता



सेनानियों के लिए वंदे मातरम केवल प्रेरणा नहीं था, बल्कि कई वीरों की अंतिम पुकार भी—जब वे हंसते-हंसते फांसी के तख्ते पर चढ़ते हुए भारत की आज़ादी का स्वप्न दिल में लिए इसे उच्चारित करते थे। उन्होंने कहा कि इन ज्ञात-अज्ञात बलिदानियों की तपस्या इस गीत की हर पंक्ति में आज भी गूंजती है और हमें यह याद दिलाती है कि आज़ादी अटूट संकल्प और मातृभूमि के प्रति अनन्य प्रेम से अर्जित हुई है। सभापति ने महान कवि सुब्रमण्य भारती की उस पंक्ति का भी उल्लेख किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि वंदे मातरम का स्वर दुनिया भर में तेजस्विता का प्रकाश फैलाता है। उन्होंने कहा, वंदे मातरम एक प्रण है – हमारी पहचान का, हमारी एकता का और हमारे सामूहिक भविष्य का। देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले सभी वीरों को नमन करते हुए सभापति ने कहा कि उनका त्याग केवल इतिहास का हिस्सा नहीं, बल्कि राष्ट्र की अनंत प्रेरणा शक्ति है। उन्होंने कहा कि इस विशेष चर्चा का आरंभ करते हुए हमें तीन सूत्र याद रखने चाहिए— एकता हमारी शक्ति है, बलिदान हमारा मार्ग है, और भारत माता हमारी आत्मा है। राधाकृष्णन ने सदन से आह्वान किया कि हम सब एक स्वर में संकल्प लें—ईमानदारी से राष्ट्र सेवा का, एकता के साथ आगे बढ़ने का और गर्व से उच्चारित करने का— वंदे मातरम। वंदे मातरम। वंदे मातरम।

# देशभर में 1.80 लाख आयुष्मान आरोग्य मंदिर सक्रिय

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से स्थापित आयुष्मान आरोग्य मंदिरों (एएएम) का तेजी से विस्तार किया जा रहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने यह जानकारी राज्यसभा में लिखित उत्तर के रूप में दी।

उन्होंने बताया कि 31 अक्टूबर 2025 तक देश में कुल 1,80,906 आयुष्मान आरोग्य मंदिर कार्य रहे हैं। ये केंद्र पहले आयुष्मान भारत स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र (एबी-एचडब्ल्यूसी) के रूप में जाने जाते थे। एएएम के माध्यम से लोगों को अपने नजदीकी उप-स्वास्थ्य केंद्रों (एसएचसी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) पर ही 12 तरह की व्यापक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हैं। इनमें मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं, संक्रामक व गैर-संचारी रोगों की जांच, मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं, वृद्धजन देखभाल, मिर्गी और मनोभ्रंश जैसी तंत्रिका संबंधी स्थितियां, तंबाकू एवं शराब जैसी नशा मुक्ति सेवायें, मुख स्वास्थ्य, ईएनटी देखभाल तथा प्राथमिक आपातकालीन इलाज शामिल हैं। सरकार ने बताया कि बेहतर सेवा सुनिश्चित करने के लिए एएएम पर दवाओं और जांचों की सूची बढ़ाई गई है।

एसएचसी/पीएचसी स्तर पर 172 दवायें और 63 जांचें उपलब्ध कराई जा रही हैं। जबकि बड़े स्वास्थ्य केंद्रों पर 106 दवाएँ और 14 आवश्यक जांचें उपलब्ध हैं। राष्ट्रीय गैर-संचारी रोग रोकथाम एवं नियंत्रण कार्यक्रम (एनपी-एनसीडी) के पोर्टल के अनुसार, 31 अक्टूबर 2025 तक देशभर में– 38.79 करोड़ लोगों की उच्च रक्तचाप जांच, 36.05 करोड़ मधुमेह जांच, 31.88 करोड़ मुख कैंसर जांच, 14.98 करोड़ स्तन कैंसर जांच और 8.15 करोड़ सर्वाइकल कैंसर जांच की गई है।

# उच्चतम न्यायालय ने नागरिकता पर फैसले से पूर्व सीएए आवेदकों को मतदाता सूची में शामिल करने पर सवाल उठाया

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सवाल उठाया है कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए), 2019 के तहत नागरिकता के लिये आवेदन करने वाले व्यक्तियों को नागरिकता प्रदान करने से पहले मतदाता सूची में अनंतिम रूप से कैसे शामिल किया जा सकता है।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ मंगलवार को एक गैर सरकारी संगठन(एनजीओ) आत्मदीप की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें पश्चिम बंगाल में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद सीएए के तहत नागरिकता के लिये पात्र बताए गये बांग्लादेशी प्रवासियों को मतदाता सूची में शामिल करने के निर्देश देने की मांग की गई थी। वरिष्ठ अधिवक्ता करुणा नंदी ने एनजीओ का पक्ष रखते हुये तर्क दिया कि हजारों शरणार्थियों के सीएए आवेदनों पर कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि नागरिकता का अधिकार आवेदन की तारीख से मिलना चाहिए, अन्यथा उनके आवेदनों पर कार्रवाई होने से पहले ही एसआईआर प्रक्रिया उन्हें मतदाता सूची से बाहर कर देगी। पीठ ने हालांकि यह कहा कि जब आवेदकों की नागरिकता की स्थिति की पुष्टि सक्षम प्राधिकारी ने नहीं की है, तो न्यायालय इसमें हस्तक्षेप कैसे कर सकता है। मुख्य न्यायाधीश ने टिप्पणी की, ''आपको अभी तक नागरिकता प्रदान नहीं की गई है। संशोधित कानून आपको नागरिकता के लिए आवेदन करने का अधिकार दे सकता है, लेकिन ऐसे हर दावे पर इस बात का निर्धारण किया जाना आवश्यक है, क्या आप निर्दिष्ट अल्पसंख्यक समुदाय से हो, क्या निर्दिष्ट देशों से हो, और क्या आप भारत में हो। पहले इन मामलों का निर्धारण होना जरूरी है।' न्यायमूर्ति बागची ने आगे कहा, ''पहले आप नागरिकता हासिल करते हैं, तब मतदाता सूची में आपके नाम की बात आती है। पीठ ने कहा कि स्थिति तय होने से पहले एनजीओ मतदाता के तौर पर पंजीकरण की मांग नहीं कर सकती। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि याचिकाकर्ता एक एनजीओ है और किसी भी व्यक्तिगत आवेदक ने सीधे न्यायालय का रुख नहीं किया है। न्यायालय ने कहा कि वह केवल नागरिकता संबंधी दावों के निर्धारण में सहायता कर सकता है, वैधानिक प्रक्रिया को दरकिनार नहीं कर सकता। मुख्य न्यायाधीश ने कहा, ''हम केवल आपकी स्थिति के निर्धारण में सहायता कर सकते हैं, इससे अधिक कुछ नहीं। श्री नंदी ने न्यायालय से लंबित सीएए आवेदनों पर निर्णय के लिए एक समय-सीमा निर्धारित करने का आग्रह किया, और बासुदेव दत्ता बनाम पश्चिम बंगाल राज्य मामले में न्यायालय के पूर्व निर्देश का हवाला दिया, जिसमें सरकारी नियुक्तियों में पुलिस सत्यापन के लिए छह महीने की समय-सीमा निर्धारित की गई थी।

# झुग्गीवासियों को मूलभूत सुविधा प्रदान करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : रेखा गुप्ता

नयी दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार झुग्गीवासियों को उनके हक का पक्का घर और हर मूलभूत सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

श्रीमती गुप्ता ने आज यहाँ भलस्वा क्षेत्र में बने ईडब्ल्यूएस फ्लैट्स का निरीक्षण किया। वर्ष 2016 में तैयार लेकिन वर्षो से खाली पड़े इन फ्लैट्स को देखकर मुख्यमंत्री ने गहरी नाराज़गी जताई और इसे दिल्ली के गरीब परिवारों के साथ सबसे बड़ा अन्याय बताया। उन्होंने पिछली सरकारों पर तीखा हमला किया और कहा कि उनकी सरकार लगातार झुग्गीवासियों को उनके हक का पक्का घर और हर मूलभूत सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से आज इन फ्लैट्स की वर्तमान स्थिति का जायज़ा लिया गया है। उन्होंने सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन फ्लैट्स को जल्द से जल्द तैयार किया जाए, ताकि इन्हें झुग्गीवासियो को आवंटित किया जा सके।

उन्होंने कहा कि उनकी सरकार उन लाखों गरीब परिवारों के बेहतरी के लिए लगातार प्रयास कर रही है, जो आज भी झुग्गियों में रहने को मजबूर हैं। उन्होंने भलस्वा परिसर में बने 7,400 फ्लैट्स के बारे में उल्लेख करते हुए बताया कि ये फ्लैट वर्ष 2016 में बनकर तैयार हुए थे और अब इनकी हालत खंडहर जैसी हो गई। पिछली सरकार ने इन मकानों को किसी भी गरीब परिवार को आवंटित नहीं किया। यह दिल्ली की जनता के साथ कितना बड़ा धोखा है। मुख्यमंत्री ने सवाल उठाया कि यदि उस समय ये फ्लैट गरीबों को आवंटित कर दिए गए होते, तो आज वे परिवार अपने घरों में सुख और सम्मान के साथ रह रहे होते। वर्षों तक खाली पड़े रहने के कारण ये मकान जर्जर हो गए और इनमें रखा सामान गायब हो गया है ।

## विपक्ष की एसआईआर बंद कर चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया में बदलाव की मांग

नयी दिल्ली। विपक्ष ने मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को गैर कानूनी बताते हुए इसे बंद करने, चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया में सुधार लाने तथा चुनाव से पहले सरकारी योजनाओं के बहाने मतदाताओं में पैसा बांटने पर रोक लगाने की मांग की है। कांग्रेस के मनीष तिवारी ने लोकसभा में चुनाव सुधारों पर मंगलवार को चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि चुनाव आयोग को सामूहिक और व्यापक तौर पर एसआईआर कराने का कानूनी अधिकार नहीं है। जनप्रतिनिधित्व कानून, 1950 में ऐसा कोई प्रावधान ही नहीं है। उन्होंने कहा कि इसके तहत किसी निर्वाचन क्षेत्र के कुछ इलाकों में मतदाता सूची में कोई गड़बड़ी है तो वहां एसआईआर कराने का चुनाव आयोग को अधिकार है। आयोग अधिक से अधिक पूरे एक निर्वाचन क्षेत्र में एसआईआर करा सकता है लेकिन पूरे राज्य या कई राज्यों में एक साथ एसआईआर नहीं कराया जा सकता। उन्होंने कहा कि आज जब चुनाव सुधार पर चर्चा हो रही है तो वह बताना चाहते हैं कि सबसे बड़ा चुनाव सुधार पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने किया था। उनके नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में मतदान की उम्र 21 से घटाकर 18 वर्ष की गयी थी। दल–बदल कानून भी चुनाव सुधारों की दिशा में एक बड़ा निर्णय था, लेकिन बाद में इसकी भी काट निकालते हुए सामूहिक रूप से दल बदल कराये गये। कांग्रेस नेता ने कहा कि चुनाव आयोग में आयुक्त नियुक्त करने की प्रक्रिया में सुधार होना चाहिए और चयन समिति में प्रधानमंत्री, एक नामित मंत्री और लोक सभा में विपक्ष के नेता के अलावा राज्य सभा में विपक्ष के नेता तथा उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को शामिल किया जाना चाहिए। इससे संतुलन बना रहेगा और चुनाव आयुक्त की नियुक्ति निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से हो सकेगी। श्री तिवारी ने एक राष्ट्र ,एक चुनाव की व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठाए और कहा कि संविधान सभा इस प्रणाली के पक्ष में नहीं थी। संविधान निर्माताओं ने इस प्रणाली पर विचार करते हुए इसे तर्कसंगत और न्याय संगत नहीं पाते हुए खारिज कर दिया था।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र भरोसे पर चलता है, मतदाताओं को भरोसा होना चाहिए कि उसका वोट उसी को मिल रहा है जिसे उसने वोट दिया हे। दुर्भाग्य की बात यह है कि इस पर आज मतदाताओं का भरोसा डगमगा गया है। जब भरोसा टूटता है तो अराजकता फैलती है। इसके मद्देनजर वह मांग करते हैं कि इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से मतदान कराये जाते हैं, तो 100 प्रतिशत वीवीपैट की व्यवस्था करके चुनाव कराया जाएं और उनकी गिनती करके चुनाव नतीजे घोषित हों या मतपत्र के माध्यम से चुनाव कराने की ओर लौटा जाये। जापान, जर्मनी और अन्य कई देश ईवीएम की चुनावी व्यवस्था से फिर मतपत्र से वोट कराने की व्यवस्था पर लौट गये हैं। श्री तिवारी ने कहा कि एकतरफ तो चुनाव आयोग ईवीएम से चुनाव कराने पर लगातार जोर दे रहे हैं, दूसरी तरफ वह डिजिटल रीडेबल मतदाता सूची उपलब्ध कराने को तैयार नहीं है। डिजिटलीकरण का यह कैसा स्वरूप है।

श्री तिवारी ने कहा कि चुनावों से पहले मतदाताओं के खातों में सरकारी धन के हस्तांतरण पर भी रोक लगायी जानी चाहिए, यदि यह परिपाटी चल निकली तो कोई राज्य सरकार कभी बदलेगी ही नहीं।

# पेज एक का शेष

### वंदे मातरम् पर...

एकमात्र देश है जिसकी सीमा किसी अधिनियम या समझौते ने नहीं, संस्कृति ने तय की है। वंदे मातरम ने उसी सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के विचार को पुनर्जीवित करने का काम किया है।

### वंदे मातरम् पर चर्चा ...

ने मंगलवार को सदन में राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने के मौके पर विशेष चर्चा में हिस्सा लेते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इन आरोपों को भी गलत बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के नेतृत्व में कांग्रेस ने वंदे मातरम के कुछ पदों का हटा दिया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने ही वंदे मातरम को आजादी का गान बनाया था और संसद में इसका गायन शुरू किया था। उन्होंने कहा कि देश को एकसूत्र में जोड़ने वाले वंदे मातरम का इस तरह इस्तेमाल अनुचित है। श्री खरगे ने कहा कि डेढ सौ वर्ष बाद वंदे मातरम पर विवाद खड़ा कर श्री नेहरू, सुभाष चंद्र बोस और महात्मा गांधी जैसी महान हस्तियों को बदनाम किया जा रहा है और श्री मोदी को इसके लिए देश से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि एक ओर देश अनेक चुनौतियों से जूझ रहा है दूसरी ओर श्री मोदी हमेशा चुनावी मोड में रहते हैं और अब वह इन चुनौतियों से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए वंदे मातरम पर चर्चा का मुद्दा ले आये हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार पश्चिम बंगाल विधानसभा के आगामी चुनावों में वोट हासिल करने के लिए यह मुद्दा लेकर आई है। उन्होंने कहा कि सरकार को इसके बजाय चुनौतियों का समाधान खोजना चाहिए। विपक्ष के नेता ने कहा कि श्री मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह श्री नेहरू तथा कांग्रेस नेताओं के अपमान का कोई मौका नहीं छोड़ते। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम के कुछ पदों को हटाने का निर्णय कांग्रेस कार्यकारी समिति की बैठक में सामूहिक रूप से लिया गया था। इस बैठक में सभी बड़े नेता शामिल थे तो अकेले श्री नेहरू को ही क्यों बदनाम किया जाये। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी को घेरते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और हिन्दू महासभा ने कभी भी आजादी के आंदोलनों में हिस्सा नहीं लिया बल्कि अंग्रेजों का साथ दिया। उन्होंने कहा कि बंगाल में जब हिन्दू महासभा और मुस्लिम लीग ने मिलकर सरकार बनाई उस सयम भाजपा तथा संघ की देशभक्ति कहां गयी थी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा को वंदे मातरम की याद 15 दशक के बाद आयी है जबकि कांग्रेस ने सत्ता में रहते हुए वंदे मातरम के सौ वर्ष पूरे होने के अवसर पर पहला स्मारक डाक टिकट और पोस्ट कार्ड जारी किया था। श्री खरगे ने डॉलर की तुलना में रूपये के निरंतर गिरने और 90 के स्तर पर पहुंचने का मुद्दा उठाते हुए कहा कि उस समय के गुजरात के मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि सरकार के भ्रष्ट होने के कारण रूपये में गिरावट हो रही है। उन्होंने कहा कि क्या अब यह माना जाये कि मोदी सरकार में भी इन्हीं कारणों से रूपया गिर रहा है। उन्होंने विदेश नीति पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार की नीतियों के कारण 1971 के बाद से बंगलादेश पहली बार पाकिस्तान के निकट जा रहा है। पड़ोसी देश चीन के प्रभाव में आ रहे हैं। सत्ता पक्ष के सदस्यों के हंगामे के बीच उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता कराने और आतंकवादी हमलों का भी मुद्दा उठाया।

### इंडिगो को ...

कार्यवाही जारी है। इंडिगो के शीर्ष प्रबंधन के साथ एक और बैठक हुई। आज फिर इंडिगो के सीईओ पीटर एलबर्स को अपडेट देने के लिए मंत्रालय में तलब किया गया था। डीजीसीए के आदेश के अनुसार, उड़ानों की संख्या में कटौती विशेष रूप से उच्च मांग वाले और ऐसे सेक्टरों पर की जायेगी जहां उसकी फ्रीक्वेंसी अधिक है। एक मात्र उड़ान इंडिगो की है, वहां कटौती नहीं की जायेगी, एयरलाइंस को 10 दिसंबर शाम पांच बजे तक संशोधित शिड्यूल सौंपने का निर्देश दिया गया है।इंडिगो ने सितंबर से शुरू हुए विंटर शेड्यूल में हर सप्ताह 15,014 उड़ानों की घोषणा की थी। दस प्रतिशत कटौती का मतलब है कि उसे हर सप्ताह 1,500 उड़ानें कम करनी होंगी। नियामक ने बताया कि शिड्यूल के मुताबिक इंडिगो को नवंबर में 64,346 उड़ानों का संचालन करना था जबकि उसने मात्र 59,438 उड़ानों का संचालन किया और 951 उड़ानें रद्द रहीं। इसके अलावा उसके बेड़े में मौजूद 403 विमानों में से अक्टूबर में एयरलाइंस ने मात्र 339 विमानों और नवंबर में 344 विमानों का परिचालन किया। बैठक में श्री एलबर्स ने बताया कि छह दिसंबर तक रद्द उड़ानों के लिए शत-प्रतिशत रिफंड जारी कर दिया गया है। मंत्री ने छह दिसंबर के बाद की रद्द उड़ानों के लिए भी जल्द से जल्द रिफंड जारी करने और हवाई अड्डों पर अटके सामान यात्रियों तक पहुंचाने की हिदायत दी। उल्लेखनीय है कि दिसंबर में हजारों की संख्या में इंडिगो की उड़ानें रद्द होने के बाद सरकार ने मामले की जांच के लिए एक चार सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। विशेषकर पांच दिसंबर को इंडिगो की करीब 1,500 उड़ानें रद्द रही थीं। इंडिगो ने मंगलवार को एक बयान में बताया कि उसने सोमवार और मंगलवार को 1,800 उड़ानों का परिचालन किया है जबकि बुधवार 10 दिसंबर को 1,900 उड़ानों के परिचालन की उसकी योजना है। इससे पहले श्री एलबर्स ने मंगलवार को एयरलाइंस का परिचालन सामान्य होने का दावा करते हुए यात्रियों को हुई परेशानी के लिए माफी मांगी। सोशल मीडिया पर जारी एक वीडियो संदेश में उन्होंने कहा कि अब एयरलाइंस की वेबसाइट पर जो भी उड़ानें दिख रही हैं, वे रद्द नहीं होंगी।

### बीएलओ मामले ...

चुनावी अधिकारियों के सुरक्षित कामकाज के लिए कहा है। पीठ ने बार-बार जोर दिया कि अखबारों की खबरों और राजनीतिक बयानों के आधार पर निर्देश जारी नहीं किए जा सकते। मुख्य न्यायाधीश ने कहा, ''अगर बीएलओ को धमकाया जा रहा है, तो यह एक गंभीर मुद्दा है। अगर ईसीआई हमारे पास आया होता, तो हम इस पर विचार करते लेकिन हम अलग-थलग मामलों पर कार्रवाई नहीं कर सकते। न्यायालय ने नोटिस जारी करते हुए, आयोग को न केवल पश्चिम बंगाल के संबंध में, बल्कि दूसरे राज्यों से मिल रहे सहयोग के स्तर के संबंध में भी अपना जवाब दाखिल करने को कहा है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा, ''आइए हम आयोग से सुनते हैं। हमें केवल पश्चिम बंगाल के बारे में ही नहीं, बल्कि अन्य राज्यों से सहयोग, या उसकी कमी के बारे में भी बताएं। न्यायालय इस मामले में जवाब आने के बाद आगे सुनवाई करेगा।

### 'जालसाजी' के...

एसोसिएशन' के उपाध्यक्ष एवं अधिवक्ता विकास त्रिपाठी द्वारा दायर की गई थी। त्रिपाठी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता पवन नारंग ने मजिस्ट्रेट अदालत के समक्ष आरोप लगाया था कि जनवरी 1980 में गांधी का नाम नयी दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता के रूप में जोड़ा गया था, जबकि वह भारतीय नागरिक नहीं थीं। उन्होंने "जालसाजी और धोखाधड़ी" का दावा किया था।

### व्यवस्था सुधारने के...

सेवा मिले और उन्हें बार-बार अपना अपने कागज जमा न करना पड़े। उन्होंने कहा कि सरकार नागरिकों की जिंदगी आसान बनाने के लिए तेज गति से सुधार कर रही है। बैठक में प्रधानमंत्री ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सराहना करते हुये उन्हें बिहार जीत का शिल्पकार बताया। श्री मोदी ने श्री कुमार के दसवीं बार मुख्यमंत्री बनने को उन्होंने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार ने नागरिकों पर भरोसा दिखाते हुए स्व प्रमाणन की सुविधा दी और यह व्यवस्था पिछले दस वर्षों से बिना किसी समस्या के काम कर रही है। संसदीय दल की बैठक में बिहार में गठबंधन की प्रचंड जीत पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को माला पहनाकर सांसदों ने स्वागत किया। यह बैठक संसद के पुस्तकालय भवन में आयोजित हुयी।

### उप्र में घुसपैठियों...

योजनाओं का लाभ असली हकदारों तक पहुंचेगा। इससे सरकारी धन की बर्बादी भी रुकेगी। साथ ही भ्रष्टाचार पर भी लगाम लगेगी। योगी सरकार के इस कदम से स्थानीय युवाओं और कामगारों के लिए रोजगार के अवसरों का नया रास्ता खुलेगा। घुसपैठियों के खिलाफ उठाए गए कदमों से अब रोजगार की प्रतिस्पर्धा और स्पष्ट होगी। इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर अधिक आसानी से और सुरक्षित तरीके से मिल सकेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के इस कदम से न केवल सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी और रोजगार के अवसरों में सुधार होगा, बल्कि नागरिक सेवाओं का भी सुधार होगा। अब नागरिकों की शिकायतों और सेवाओं जैसे पासपोर्ट, सत्यापन, लाइसेंस आदि का टर्नअराउंड टाइम तेजी से कम होगा। इससे लोगों को सरकारी सेवाओं का लाभ जल्दी और प्रभावी तरीके से मिलेगा। इसके साथ ही फर्जी आईडी, धोखाधड़ी और अपराध से जुड़ी घटनाओं में भी कमी आएगी। साथ ही उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था का माहौल बेहतर होगा और प्रदेशवासियों का विश्वास सरकार की कार्यप्रणाली में बढ़ेगा।

### सत्ता में मौका मिलने पर...

जनरल रावत कहते थे कि विपरीत परिस्थितियों में भी सेना द्वारा देश की सुरक्षा के लिए मोर्चा इसलिए ले पाती है कि वह कर्तव्य के प्रति सचेत है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने ड्रीम प्रोजेक्ट्स में से एक गोरखपुर के सैनिक स्कूल की चर्चा करते हुए कहा कि यह सैनिक स्कूल सभी अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त है। यहां बालकों के साथ ही बालिकाओं के लिए भी आवासीय व्यवस्था में अध्ययन की सुविधा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2018 में उन्होंने यूपी के सैनिक स्कूल में बालिकाओं के लिए अलग से आरक्षण शुरू किया। वर्तमान में गोरखपुर सैनिक स्कूल में 75 बालिकाएं और 235 बालक, कुल 310 कैडेट्स शिक्षा और प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर के सैनिक स्कूल का उद्घाटन उन्होंने तत्कालीन उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से कराया था जो खुद सैनिक स्कूल के पूर्व छात्र रहे हैं। गोरखपुर आगमन पर राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू भी इस सैनिक स्कूल के बच्चों के अनुशासन से बेहद प्रभावित और प्रफुल्लित हुई थीं। सीएम योगी ने कहा कि गोरखपुर सैनिक स्कूल का यह दायित्व है कि वह प्रत्येक वर्ष 8 दिसंबर को जनरल बिपिन रावत के साथ-साथ देश के लिए शहादत देने वाले अन्य बलिदानियों की शहादत को स्मरण कर उनका नमन करे। इस दिवस को प्रेरणा दिवस के रूप में मनाया जाए। स्कूल के कैडेटों में राष्ट्रभक्ति और जीवन के उच्च आदर्शों को परिपूर्ण करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन हो। उन्होंने आज के कार्यक्रम के लिए जनरल बिपिन फाउंडेशन के सभी पदाधिकारियों और उनकी दोनों पुत्रियों कृतिका व तारिणी रावत का आभार जताते हुए कहा कि किसी भी पुत्री के लिए यह गौरव की बात है कि उसके पिता देश के लिए बलिदान हुए। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि असम राइफल्स के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल विकास लखेड़ा ने कहा कि सैन्य सेवा के जरिये जनरल बिपिन रावत का देश हित में योगदान स्वर्ण अक्षरों में दर्ज रहेगा। उन्होंने कहा कि सैनिक जीवन में भावुकता का रिश्ता बहुत महत्वपूर्ण होता है। जनरल रावत इसे खूब समझते थे। लखेड़ा ने कहा कि इससे बढ़िया ऑडिटोरियम किसी और स्कूल में नहीं होगा। उन्होंने सैनिक स्कूल के विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आपकी सफलता ही जनरल बिपिन रावत को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। जीबीआर मेमोरियल फाउंडेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष एवं पूर्व वायुसेना प्रमुख सेवानिवृत्त एयर चीफ मार्शल आरकेएस भदौरिया ने कहा कि देश के पहले सीडीएस स्वर्गीय जनरल बिपिन रावत की स्मृति में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सैनिक स्कूल को दिया गया ऑडिटोरियम का उपहार, सदैव स्मरणीय रहेगा। उनकी चौथी पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में यह योगी जी की तरफ से सच्ची श्रद्धांजलि है। कार्यक्रम को महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव ने भी संबोधित किया। संचालन जीबीआर मेमोरियल फाउंडेशन के सचिव मंजीत नेगी और पुष्पगुच्छ देकर मुख्यमंत्री का स्वागत सैनिक स्कूल गोरखपुर के प्रधानाचार्य कर्नल डीएस चौहान ने किया। इस अवसर पर सैनिक स्कूल गोरखपुर के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के अंत में मुख्यमंत्री ने जनरल बिपिन रावत की पुत्रियों कृतिका और तारिणी रावत को स्मृति चिन्ह व शॉल भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, मत्स्य विकास मंत्री डॉ. संजय निषाद, जिला पंचायत अध्यक्ष साधना सिंह, विधायक फतेह बहादुर सिंह, श्रीराम चौहान, राजेश त्रिपाठी, विपिन सिंह, महेंद्रपाल सिंह, डॉ. विमलेश पासवान, प्रदीप शुक्ला, सरवन निषाद, एमएलसी एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सिंह, राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारू चौधरी, भाजपा के जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी, महानगर संयोजक राजेश गुप्ता सहित कई पूर्व व वर्तमान सैन्य अधिकारी तथा बड़ी संख्या में सैनिक स्कूल, केंद्रीय विद्यालय, आर्मी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री ने 142 नवनियुक्त सहायक प्रोफ़ेसर को दिया नियुक्ति पत्र

**आयुष्मान योजना के अंतर्गत प्रदेश के 17 लाख मरीजों का 3300 करोड़ रुपये से अधिक का हुआ कैशलेस उपचार**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्य सेवक सदन, मुख्यमंत्री आवास में मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड के माध्यम से चयनित राजकीय मेडिकल कॉलेजों में 142 सहायक प्रोफ़ेसर को नियुक्ति पत्र वितरित किए। मुख्यमंत्री ने नव नियुक्त सहायक प्रोफ़ेसरों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ये अवसर चिकित्सा के क्षेत्र को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री ने सभी से आग्रह करते हुए कहा कि सभी अपने छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान करने के साथ उनके भीतर संवेदनशीलता, सहानुभूति और सेवा की भावना भी विकसित करें। जिससे वे कुशल और दक्ष चिकित्सक बनने के साथ समाज के प्रति अपने कर्तव्यों और मानवता के प्रति अपने उत्तरदायित्व को भी पूरी ईमानदारी से निभाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार, प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और सुदृढ़ीकरण पर निरंतर कार्य कर रही है। राज्य के प्रत्येक नागरिक को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सकीय सुविधाएं सस्ती दरों पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। आयुष्मान योजना के अंतर्गत अब तक करीब 61 लाख आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए हैं। जिसके माध्यम से प्रदेश के लगभग 17 लाख से अधिक मरीजों का 3300 करोड़ रुपये से अधिक का कैशलेस उपचार किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रत्येक जिले में एक मेडिकल कॉलेज स्थापित कर रही है। इससे सुदूरवर्ती क्षेत्रों के लोगों को उनके जिले में ही आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। इनमें से पांच मेडिकल कॉलेज पहले से ही संचालित किए जा चुके हैं, जबकि दो और मेडिकल कॉलेजों का निर्माण कार्य भी प्रगति पर है। देहरादून, हल्द्वानी और श्रीनगर मेडिकल कॉलेजों में सुपर स्पेशियलिटी विभाग भी स्थापित किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हल्द्वानी में राज्य के प्रथम आधुनिक कैंसर संस्थान का निर्माण कार्य भी प्रगति पर है।

# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भलस्वा और जहांगीरपुरी में ईडब्ल्यूएस फ्लैट्स का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को भलस्वा और जहांगीरपुरी स्थित आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के फ्लैटों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों के शासनकाल में इन फ्लैट्स को लेकर सिर्फ वादे किए गए, लेकिन गरीब परिवारों के लिए वास्तविक काम नहीं हुआ। मुख्यमंत्री ने बताया कि भलस्वा के ये फ्लैट 2016 में बनकर तैयार हो गए थे, लेकिन पिछले कई वर्षों तक इन्हें किसी भी परिवार को आवंटित नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि 2016 से 2025 तक ये फ्लैट जर्जर अवस्था में पहुंच गए, लेकिन पिछली सरकार ने एक भी घर गरीबों को नहीं दिया। दिल्ली सरकार का लक्ष्य है कि झुग्गियों में रहने वाले सभी गरीब परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान फ्लैट परिसर को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस क्षेत्र में पार्किंग, मार्केट, ई-रिक्शा चार्जिंग स्टेशन, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्राथमिक विद्यालय, आंगनवाड़ी तथा बच्चों और बुजुर्गों के लिए अलग-अलग सुविधाएं विकसित की जाएंगी। सरकार की योजना इन पुराने और जर्जर फ्लैट्स को मॉडल बस्ती के रूप में विकसित करने की है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार जल्द ही फ्लैटों के पुनर्विकास और आवंटन की प्रक्रिया को तेज करेगी, ताकि झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले परिवारों को सुरक्षित और सम्मानजनक आवास उपलब्ध कराया जा सके। निरीक्षण के दौरान उनके साथ कैबिनेट मंत्री आशीष सूद, विधायक दीपक चौधरी और संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### अकाली नेता ने दरबार साहिब में बतौर सजा जूठे बर्तन मांजे व जूते-चप्पल साफ किये

**चंडीगढ़।** अकाल तख्त साहिब की ओर से पांच सिख प्रतिनिधियों को धार्मिक सजा सुनाए जाने के बाद मंगलवार को अकाली नेता विरसा सिंह वल्टोहा दरबार साहिब में सजा भुगतने के लिए पहुंचे। अकाल तख्त साहिब ने सिख मर्यादाओं और पंथक रीतियों के उल्लंघन के आरोप में अकाली नेता विरसा सिंह वल्टोहा, गुरुनानक देव यूनिवर्सिटी के वीसी करमजीत सिंह, निरवैर खालसा जत्था यूके के भाई हरिंदर सिंह, अकाल तख्त के पूर्व जत्थेदार ज्ञानी गुरबचन सिंह और पंजाब भाषा विभाग के निदेशक जसवंत सिंह को सोमवार को धार्मिक सजा सुनाई थी। इसके बाद विरसा सिंह वल्टोहा आज सुबह सबसे पहले दरबार साहिब पहुंचे और यहां शीश नवाने के बाद उन्होंने अपनी धार्मिक सजा शुरू की। यहां उन्होंने जूठे बर्तन मांजे और जोड़ों यानी जूते-चप्पलों की सफाई की। वल्टोहा तीन दिन तक दरबार साहिब में धार्मिक सजा भुगतने के बाद रिपोर्ट करेंगे। उसके बाद उन्हें सजा मुक्त घोषित किया जाएगा। इस प्रक्रिया के बाद वल्टोहा की अकाली दल में वापसी की राह खुलेगी। श्री अकाल तख्त साहिब ने स्पष्ट किया है कि पंथक मर्यादा का पालन सभी के लिए अनिवार्य है। किसी भी प्रकार का व्यक्तिगत बयान, अपमान या अनादर सख्त वर्जित है। इस सजा के माध्यम से सिख समाज में अनुशासन, श्रद्धा और गुरमति के अनुसार जीवन बिताने की भावना को बल मिलेगा।

### चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर दो फ्लाइट रद्द होने से यात्री परेशान

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर मंगलवार सुबह दो फ्लाइट रद्द होने से यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई और उन्हें भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। आज सुबह चंडीगढ़ हवाई अड्डे से सुबह 5:00 बजे मुंबई के लिए उड़ान भरने वाली फ्लाइट और सुबह 5:45 बजे दिल्ली जाने वाली फ्लाइट को अचानक रद्द कर दिया गया। फ्लाइट रद्द होने की जानकारी एयरलाइन की तरफ से देर रात और कुछ यात्रियों को सुबह एयरपोर्ट पहुंचने के बाद दी गई। यात्रियों ने बताया कि उन्हें फ्लाइट रद्द होने का स्पष्ट कारण नहीं बताया गया। एयरपोर्ट अधिकारियों ने बताया कि एयरलाइन की तरफ से ऑपरेशनल वजहों का हवाला देते हुए दोनों उड़ानों को रद्द किया गया है। फ्लाइट रद्द होने के बाद एयरपोर्ट पर रिफंड व री-शिड्यूलिंग काउंटर पर भी भीड़ लगी रही। एयरलाइन ने यात्रियों को अगली उपलब्ध उड़ान में एडजस्ट करने या रिफंड लेने का विकल्प दिया है। इस बीच एयरपोर्ट पर इसके लिए कंट्रोल रूम के नंबर जारी किए गए हैं। कंट्रोल रूम में यात्रियों की सुविधा के लिए सभी एयरलाइंस के अलग-अलग संपर्क नंबर जारी किए गए हैं।

### नाई समाज देंगे अपनी एकजुटता का परिचय लेंगे संकल्प: निखिल प्रताप ठाकुर

**पश्चिम चंपारण।** पश्चिम चंपारण जिला के गौनाहा प्रखंड स्थित गॉधी आश्रम भितिहरवा में जिला स्तरीय नाई समाज की एकजुटता 11 दिसम्बर को होगी, साथ ही उनके हक और अधिकार की शंखनाद होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे कर्पूरी सेवा दल बिहार के राष्ट्रीय अध्यक्ष निखिल प्रताप ठाकुर। उन्होंने कहा है कि महर्षि वाल्मीकि के तपोभूमि और महात्मा गांधी की सत्याग्रह की धरती भितिहरवा आश्रम सिर्फ एक आश्रम नहीं, बल्कि भारत की स्वतंत्रता संघर्ष का वह अहम हिस्सा है, जहां से 1917 में महात्मा गांधी ने पहली बार सत्याग्रह आंदोलन की शुरुआत की थी। यह वही जगह है, जहां से अंग्रेजी शासन के खिलाफ चंपारण सत्याग्रह ने पूरे भारत को हिला दिया था, उन्होंने कहा कि बापू ने इसी आश्रम से किसानों के शोषण के विरुद्ध आवाज बुलंद की थी। साथ ही तीन कठिया प्रथा समाप्त करने की लड़ाई भी शुरू की। यही पर गांधी ने स्वच्छता , आत्मनिर्भरता और सत्याग्रह की जमीनी लड़ाई छेड़ी थी। उसी धरती से नाई समाज अपनी हक और अधिकार की संकल्प लेंगे तथा उनके उत्थान और प्रगति के लिए सरकार से अपनी मांगों की शंखनाद भी करेंगे। उन्होंने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि सरकार नाई समाज के साथ सौतेले व्यवहार कर रही है। वे आज भी अपनी अधिकार से वंचित हैं, उन्होंने नाई समाज के लोगों को जागरूक करते हुए कहा है कि जब तक हम सब संगठित नहीं होंगे, तब तक हमारा अधिकार मिलना संभव नहीं है। उन्होंने समाज के लोगों से सैकड़ों की संख्या में भितिहरवा पहुंचने की आह्वान किया। कहा है कि आप अपने हक और अधिकार के लिए सजग हो जाएं , तभी हमारी एकजुटता, आवाज और भागीदारी की गूंज सरकार तक गूंजेगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा है कि बिहार के एक महान स्वतंत्रता सेनानी, राजनेता और पूर्व मुख्यमंत्री भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर जो अपनी सादगी, सामाजिक न्याय के प्रति प्रतिबद्धता और गरीबों एवं पिछड़ों की उत्थान और विकास के लिए समर्पित थे, आज वही नाई समाज अपने हक और अधिकार से वंचित हैं। इस अवसर पर नाई समाज के चंदेश्वर ठाकुर, राधेश्याम ठाकुर, पूर्व मुखिया इन्द्र जीत ठाकुर समेत कई लोगों ने अपनी विचारों को रखा।

### नैनीताल की तीन वर्षीय सुयषी तिवारी ने मंत्रोच्चारण में बनाया विश्व रिकॉर्ड

**नैनीताल।** जिस आयु में अधिकांश बालक-बालिकाएं शब्दों का सही उच्चारण ही सीख रहे होते हैं, उस आयु में नैनीताल की तीन वर्ष चार माह तीन दिन की छोटी सी उम्र में सुयशी तिवारी नाम की बालिका ने असाधारण क्षमता का परिचय देते हुए एक मिनट में दस बार 'कृष्णाय वासुदेवाय हरे परमात्मने, प्रणतः क्लेश नाशायः श्री गोविंदाय नमो नमः' मंत्र का स्पष्ट उच्चारण कर विश्व स्तर पर पहचान बनाई है। सुयषी ने 29 सितंबर 2025 को यह उपलब्धि अर्जित की थी। जिसका प्रमाण पत्र 'इन्फ्लुएंसर बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स' ने अब जारी किया है। बताया गया है सुयशी की रिकॉर्ड-ब्रेकिंग उपलब्धि का वीडियो रिकॉर्ड टीम के लिए भी आश्चर्य का कारण रहा। मल्लीताल निवासी आदित्य तिवारी और तनुजा तिवारी की पुत्री सुयषी का जन्म 26 अप्रैल 2022 को हुआ था। परिवार का कहना है कि सुयषी को बचपन से ही मंत्रों और भजनों में रुचि रही है तथा वह लगभग बीस से अधिक मंत्र कंठस्थ बोल लेती है और सम्पूर्ण हनुमान चालीसा भी सुना देती है। संस्था ने इसे नियमित अभ्यास, ध्यान और सीखने की अद्भुत क्षमता का परिणाम बताया है तथा छोटी आयु में आध्यात्मिक अभिरुचि को प्रेरणादायक बताया है। सुयशी के पिता आदित्य तिवारी वर्तमान में गुरुग्राम हरियाणा में कार्यरत हैं। सुषशी भी वहीं नर्सरी कक्षा में पढ़ती है और घर में उसे नियमित रूप से मंत्रों के अभ्यास का माहौल मिलता है। माता-पिता बताते हैं कि बच्ची स्वाभाविक रूप से इस दिशा में रुचि रखती है और उन्हें बस प्रोत्साहित करने की जरूरत पड़ती है। परिवार, स्थानीय जन और परिचित इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त कर रहे हैं।

# मुख्यमंत्री नीतीश ने कच्ची दरगाह-बिदुपुर गंगा पुल के दूसरे चरण का कार्य तेज़ी से पूरा करने का दिया निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को कच्ची दरगाह-बिदुपुर छह लेन गंगा पुल परियोजना के द्वितीय चरण के तहत हाजीपुर-महनार पथ से चकसिकंदर तक चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परियोजना से जुड़े अधिकारियों को शेष कार्यों को तेजी से पूरा करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि परियोजना के पहले चरण के लोकार्पण के बाद पटना से राघोपुर तक आवागमन सुगम हो गया है। उन्होंने बताया कि सरकार इस परियोजना की प्रगति पर लगातार नजर बनाए हुए है और समयबद्ध तरीके से निर्माण पूरा करने का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुल के पूर्ण निर्माण से पटना और उत्तर बिहार के बीच निर्बाध सड़क संपर्क स्थापित होगा। इससे न सिर्फ लोगों को यातायात सुविधा मिलेगी, बल्कि क्षेत्र में कृषि, उद्योग और व्यापारिक गतिविधियों में भी तेजी आएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपातकालीन चिकित्सा की स्थिति में मरीजों को पटना पहुंचना आसान होगा। साथ ही महात्मा गांधी सेतु पर भी यातायात का दबाव कम होगा और लोगों को एक वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध होगा। उन्होंने बताया कि पुल के निर्माण से बाहरी क्षेत्रों से उत्तर बिहार और दक्षिण बिहार की ओर सीधे और सुगम यातायात संभव होगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 23 जून 2025 को कच्ची दरगाह (पटना) से राघोपुर दियारा (वैशाली) तक नवनिर्मित पथांश का शिलान्यास किया था। यह परियोजना राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या-30 (कच्ची दरगाह) और राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या-103 (बिदुपुर) के बीच गंगा नदी पर 19.76 किलोमीटर लंबे छह लेन ग्रीनफील्ड पुल के निर्माण से संबंधित है। इसके अंतर्गत 9.76 किलोमीटर लंबे मुख्य पुल और 10 किलोमीटर लंबे पहुंच पथ का निर्माण किया जा रहा है। इस परियोजना पर कुल 4,988 करोड़ रुपये की लागत निर्धारित की गई है।

परियोजना का पहला चरण – कच्ची दरगाह से राघोपुर दियारा तक 4.57 किलोमीटर का उद्घाटन हो चुका है। दूसरे चरण में हाजीपुर-महनार पथ (एनएच-122बी) से चकसिकंदर (एनएच-322) तक और तीसरे चरण में राघोपुर दियारा से हाजीपुर-महनार पथ तक निर्माण कार्य तेजी से जारी है। अब तक परियोजना का 85 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है, जबकि शेष निर्माण कार्य गति से आगे बढ़ाया जा रहा है।

## कांग्रेस सांसद सुखजिंदर रंधावा ने नवजोत कौर सिद्धू को भेजा कानूनी नोटिस

चंडीगढ़। पंजाब कांग्रेस में मचा घमासान लगातार बढ़ता जा रहा है। पूर्व संसदीय सचिव नवजोत कौर सिद्धू को पार्टी से निलंबित किए जाने के बाद अब सांसद सुखजिंदर रंधावा ने डॉ. नवजोत कौर सिद्धू को सिद्धू को लीगल नोटिस भेजा है। नवजोत कौर सिद्धू ने कहा था कि रंधावा के गैंगस्टरों के साथ लिंक हैं। रंधावा ने राजस्थान में पैसे लेकर टिकटें बेचीं और कांग्रेस को हरा दिया। इस पर रंधावा ने लीगल नोटिस भेजकर कहा कि 7 दिन के अंदर माफी मांगो वर्ना वह कानूनी कार्रवाई करेंगे। नवजोत कौर के बयानों से पंजाब में 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस में खलबली मची हुई है। उन्होंने प्रदेश प्रधान राजा वड़िंग से लेकर बाजवा, रंधावा और चन्नी पर भी टिकट बेचने के आरोप लगा डाले। सोमवार की शाम उन्हें पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निलंबित कर दिया गया। अब सुखजिंदर रंधावा ने नवजोत कौर सिद्धू को नोटिस भेजकर लड़ाई को नया रूख दे दिया है।

# पुलिस ने 14 दिन में हिट-एंड-रन मामला सुलझाया, आरोपित गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दक्षिण-पशचिम जिले के आरके पुरम थाना पुलिस ने 14 दिन की लगातार जांच के बाद एक हिट-एंड-रन मामले का खुलासा कर आरोपित चालक को गिरफ्तार किया। इस दर्दनाक हादसे में पांच महिला सवारियां गंभीर रूप से घायल हुई थीं, जिनमें से दो अब भी आईसीयू में जिंदगी की जंग लड़ रही हैं। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मारुति ग्रैंड विटारा कार भी जब्त कर ली है। दक्षिण-पशचिम जिले केपुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने मंगलवार को बताया कि 23 नवंबर की तड़के करीब 4:52 बजे पुलिस को सूचना मिली कि भिकाजी कामा प्लेस स्थित हनुमान मंदिर के सामने एक अज्ञात वाहन ने मारुति ईको कार को जोरदार टक्कर मार दी है। पुलिस मौके पर पहुंची तो ईको कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त थी। घायलों को तुरंत सफदरजंग अस्पताल पहुंचाया गया। घायल महिलाओं की पहचान शालीमार बाग और पीतमपुरा निवासी 58 से 63 वर्ष की आयु की पांच महिलाओं के रूप में हुई। दो की हालत अभी भी गंभीर बताई जा रही है। ईको कार के चालक के बयान पर आरके पुरम थाने में मामला दर्ज किया गया। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए इंस्पेक्टर रविंदर त्यागी की अगुवाई में एक विशेष टीम बनाई गई। शुरुआत में एम्स वाले रूट की जांच की गई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद टीम ने घटना समय के आसपास की फुटेज दोबारा खंगाली तो एक ग्रैंड विटारा कार दिखाई दी, जिसका दाहिना हेडलाइट दुर्घटना के कारण खराब था। रात के समय रोशनी कम होने के कारण नंबर प्लेट पढ़ना मुश्किल था, लेकिन टीम वाहन की क्षतिग्रस्त दाईं ओर को आधार बनाकर उसके संभावित मार्गों की जांच करती रही।

# वरीय पुलिस अधीक्षक ने प्रशिक्षु सिपाहियों के परेड का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता


सारण। वरीय पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष ने मंगलवार को पुलिस केंद्र में आयोजित जनरल परेड और बुनियादी प्रशिक्षण केंद्र का भौतिक निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षु सिपाहियों को उनके कर्तव्य निर्वहन के संबंध में महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। एसएसपी ने परेड की सलामी ली और परेड में सम्मिलित पुलिसकर्मियों के पहनावे, अनुशासन, फिजिकल फिटनेस एवं परेड कौशल का गहनता से निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में प्रशिक्षणरत सिपाहियों के पी.टी. और परेड प्रदर्शन का अवलोकन किया गया। हालांकि, परेड के दौरान पाई गई त्रुटियों को तत्काल दूर करने हेतु उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। अपने संबोधन में एसएसपी ने प्रशिक्षु सिपाहियों को कर्तव्य के प्रति पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी के साथ पुलिसिंग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि पुलिस का प्रथम धर्म जनसेवा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सिपाही को कर्तव्य पालन के दौरान नियम, गरिमा, संवेदनशीलता एवं निष्पक्षता को हमेशा सर्वोपरि रखना चाहिए। वरीय पुलिस अधीक्षक ने पुलिसकर्मियों को उनके आचरण और व्यवहार के संबंध में महत्वपूर्ण सीख दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि आम जनता का विश्वास ही पुलिस की सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने प्रत्येक पुलिसकर्मी को अपने आचरण, व्यवहार, समयबद्ध कार्रवाई एवं हर परिस्थिति में शांत रहते हुए प्रोफ़ेशनल तरीके से पुलिसिंग करने पर ध्यान केंद्रित करने को कहा। निरीक्षण के दौरान, पुलिस उपाधीक्षक रक्षित एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

# मेडिकल इंश्योरेंस रिफंड के नाम पर ठगी करने वाला गिरोह पकड़ा गया, चार आरोपित गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दक्षिण-पशचिम जिले की साइबर थाना पुलिस ने एक ऐसे ठग गिरोह का पर्दाफाश किया है जो लोगों को मेडिकल इंश्योरेंस का पैसा वापस दिलाने के नाम पर धोखा देता था। पुलिस ने इस संबंध में गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से चार मोबाइल फोन और एक डेबिट कार्ड भी बरामद किया है, जिसका इस्तेमाल ठगी की रकम निकालने में किया जाता था। दक्षिण-पशचिम जिले के पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने मंगलवार को बताया को शिकायतकर्ता केपी तोमर ने पुलिस को बताया कि उन्होंने 2024 में चार हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी ली थीं, लेकिन बीमारी की वजह से प्रीमियम नहीं भर पाए। तीन पॉलिसियों का पैसा मिल गया, लेकिन एक का रिफंड अटका रहा। 5 जुलाई 2025 को उन्हें फोन आया। कॉल करने वाले ने खुद को इंश्योरेंस ओम्बड्समैन अधिकारी बताया और कहा कि रिफंड फाइल बनाने के लिए कुछ पैसे जमा कराने होंगे। पीड़ित ने बताए गए खातों में 83,000 और 47,000 जमा करा दिए। बाद में उनसे 12 लाख रुपये का नकली आरबीआई बॉन्ड बनवाने को कहा गया। तब उन्हें समझ आया कि वे ठगी का शिकार हुए हैं। शिकायतकर्ता के बयान पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। पुलिस उपायुक्त के अनुसार मामले को गंभीरता से लेते हुए इंस्पेक्टर प्रवेश कौशिक की टीम ने पैसों का रास्ता (मनी-ट्रेल) और मोबाइल नंबरों की जांच की। पता चला कि ठगी के पैसे पहले सिमरन और मनप्रीत कौर के खातों में गए और उसके बाद देवेंद्र कुमार के खाते में पहुंचे। पुलिस ने छापेमारी कर सबसे पहले देवेंद्र को पकड़ा। उसने बताया कि उसकी पत्नी सिमरन और साली मनप्रीत के खातों का इस्तेमाल पैसे मंगवाने के लिए किया गया था। वह यह रकम अपने साथी अरुण कुमार को देता था। देवेंद्र की निशानदेही पर पुलिस ने अरुण को भी दबोचा। उसने माना कि वह आईआरडीएआई अधिकारी बनकर लोगों को कॉल करता था और उनसे पैसे लेता था।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063